सुप्रभात

रांची, रविवार

21.04.2024

* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net चैत्र, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 277


12 भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाने को तैयार

न्यूज डायरी

### नलिन प्रभात एनएसजी के महानिदेशक बने

**नयी दिल्ली।** आईपीएस के आंध्रप्रदेश कैडर के वरिष्ठ अधिकारी नलिन प्रभात को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी ) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वह अभी सीआरपीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक पद पर तैनात हैं। सरकारी आदेश के अनुसार वह नया पद संभालने पर वेतनमान में सोलहवें स्तर के अधिकारी होंगे। नलिन प्रभात का सेवाकाल 31 अगस्त 2028 तक है। वहीं सरकार ने ओड़िशा कैडर की 1992 बैच की आईपीएस अधिकारी सपना तिवारी को खुफिया ब्यूरो (आइबी) में विशेष निदेशक बनाया गया है। वह अभी इसी एजेंसी में अतिरिक्त निदेशक हैं।

### ओड़िशा में नाव हादसा सात शव बरामद

**झारसुगुडा।** ओडिशा के झारसुगुडा जिले रेंगाली थाना क्षेत्र के शर्धा महानदी घाट पर नाव पलटने की घटना में सात लोगों के शव बाहर निकाल लिये गये हैं। अन्य एक व्यक्ति लापता है, उसकी तलाश जारी है। जिला पुलिस अधीक्षक पी स्मित परमार ने बताया कि बचाव एवं तलाश अभियान शनिवार सुबह फिर से चलाया गया। अभी तक सात शवों को बाहर निकाल लिया गया है और एक लापता व्यक्ति की तलाश जारी है।

### एएसपी निशा मुर्मू के घर में लगी आग, भारी क्षति

**रांची।** एंटी करप्शन ब्यूरो में प्रतिस्थापित एएसपी निशा मुर्मू के कांके रोड स्थित आवास में शनिवार को अचानक भीषण आग लग गयी। आग की वजह से घर में रखे कई कीमती सामान जलकर राख हो गये। मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के दस्ते ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। निशा मुर्मू ने बताया कि उनके गोंदा थाना क्षेत्र के मिशन गली स्थित घर के पहले माले पर स्थित एक कमरे में शनिवार की शाम अचानक आग लग गयी। आग इतनी तेजी के साथ फैली कि उसकी लपटें धीरे-धीरे घर के बाहर तक दिखाई देने लगे।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 69200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 90000 रु./प्रति किलो |

तीसरी आंख




गर्मी का कहर ! सभी स्कूलों को टाइम टेबल बदलने का आदेश

# सोमवार से 11.30 बजे हो जायेगी बच्चों की छुट्टी

**प्राथमिक व मवि - 7:00 बजे से 11:30 तक**

**9 से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7:00 से 12:00 तक**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में प्रचंड गर्मी और हीट वेव को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने सोमवार से स्कूलों का समय बदलने का आदेश दिया है। नये टाइम टेबल के साथ स्कूलों को कुछ और दिशा निर्देश भी दिए गये हैं। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के फैसले के अनुसार 22 से कक्षा 1 से कक्षा 8वीं तक की



पढ़ाई सुबह 7:00 बजे से 11:30 तक होगी। वहीं कक्षा 9 से ऊपर की की कक्षाएं सुबह 7:00 से 12:00 तक संचालित की जा सकेंगी।

शिक्षा विभाग ने इससे संबंधित आदेश शनिवार को जारी कर दिया। सचिव उमाशंकर सिंह ने कहा है कि भीषण गर्मी और लू को ध्यान में रखते हुए सरकार ने सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक) सहित सभी निजी विद्यालयों के बच्चों के हित में यह फैसला लिया है।

**झारखंड में प्रचंड गर्मी, पारा 45 डिग्री पहुंचा :** झारखंड में पछुआ और उत्तरी-पश्चिमी हवाओं ने तपिश बढ़ा दी है। अधिकतम तापमान 45 डिग्री पहुंच गया है। सड़कों पर सन्नाटा पसरा है।

(शेष पेज 11 पर)

### धूप में कोई गतिविधि नहीं

प्रभारी शिक्षा सचिव ने अपने आदेश में लिखा है कि इस दौरान प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जाएंगी। परंतु मिड डे मील का संचालन जारी रहेगा। इस दौरान बच्चों की पढ़ाई में होने वाली छाती की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए जानकारी दी जाएगी। प्रभारी शिक्षा सचिव ने कहा है कि यह आदेश सोमवार से प्रभावित होगा और अगले आदेश तक लागू रहेगा।

## झारखंड में प्रतिभा की कमी नहीं : तेंदुलकर

बच्चों संग फुटबाल खेला, झारखंडी भोजन का आनंद लिया



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी, रांची।** क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले दुनिया के प्रसिद्ध खिलाड़ी सचिन तोंदुलकर ने कहा कि झारखंड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। झारखंड में कई ऐसे हीरे हैं जिसे तराशा जाये, तो वो देश का नाम रोशन कर सकते हैं। हाकी, क्रिकेट, तीरंदाजी समेत कई अन्य खेलों में इसके उदाहरण भरे पड़े हैं। तेंदुलकर फाउंडेशन के कार्यक्रम में भाग लेने सचिन शनिवार को पत्नी डा अंजलि तेंदुलकर के साथ ओरमांझी (रांची) में समारोह में बोल रहे थे। तेंदुलकर फाउंडेशन देश में स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल के क्षेत्र में काम करती है।

(शेष पेज 11 पर)

### बच्चों का नाम गूंजे यही लक्ष्य

शनिवार को ओरमांझी में सचिन तेंदुलकर एक बच्ची स्वाती के साथ फुटबाल खेलने मैदान में उतरे। खेल के दौरान बच्चे स्वाती, स्वाती चिला रहे थे। इसे देख अंजलि तेंदुलकर सहित सभी मुस्कुराने लगे। इस संबंध में सचिन तेंदुलकर ने मुस्कुराते हुए कहा यही तो चाहते हैं कि बच्चों का नाम गूंजे। सचिन फांउडेश न का भी यही लक्ष्य है।

### मडुवा रोटी का चखा स्वाद

सचिन तेंदुलकर ने युवा स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर झारखंडी भोजन मडुवा रोटी का भी स्वाद चखा। इसके बाद सचिन तेंदुलकर अपनी पत्नी के साथ ओरमांझी से सीधे रांची एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गये।

उलगुलान न्याय महारैली आज, जुटेंगे इंडी के तमाम बड़े नेता

# मोदी सरकार के खिलाफ गरजेंगे तमाम दिग्गज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की रविवार को प्रभात तारा मैदान में आहूत उलगुलान न्याय महारैली के जरिये लोकसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद होगा। इंडी गठबंधन इस रैली के जरिये एकजुटता का भी परिचय देकर चुनावी मैदान में उतरेगा। इस रैली में गठबंधन के सभी उम्मीदवार मंच पर दिखेंगे। महारैली को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। महारैली में इंडिया ब्लॉक के कई दिग्गज नेता भी शामिल होंगे। मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू यादव, तेजस्वी यादव, फारूख अब्दुल्ला, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, कल्पना सोरेन, उद्धव ठाकरे की प्रतिनिधि सुनीता चतुर्वेदी एक मंच से उलगुलान महारैली को संबोधित करेंगे। वहीं मोदी सरकार के खामियों को उजागर करने का काम किया जायेगा। इसके लिए, जेएमएम, कांग्रेस, राजद, सीपीआई माले के अलावा अन्य दलों के नेता एकजुट हैं।

(शेष पेज 11 पर)



सीएम चंपाई ने लिया तैयारियों का जायजा

### केंद्र की नीतियों की पोल खोलेंगे : सीएम

न्याय उलगुलान महारैली की तैयारियों का जायजा लेने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन खुद प्रभात तारा मैदान पहुंचे। इस बीच वह मीडिया से भी रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि हम लोग केंद्र सरकार के नीतियों का पोल खोलने का काम करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर जनता में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जनता लोकसभा चुनाव में इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि मंहगाई, बरोजगारी बड़ा मुद्दा है। झारखंड में 14 सीटों पर गठबंधन विजयी होगा। मौके पर झामुमो के सुप्रियो भट्टाचार्य, कांग्रेस से राकेश सिन्हा , राजद से कैलाश यादव, माले नदीम खान, आबिद खान सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### मैट्रिक में कम नंबर आने पर छात्रा ने की खुदकुशी

**सरायकेला।** मैट्रिक की परीक्षा में कम नंबर आने पर सरायकेला की छात्रा ने खुदकुशी कर ली। साड़ी का फंदा बनाकर उसने अपनी जान दे दी। दसवीं कक्षा की छात्रा राखी प्रधान (16 ) सरायकेला थाना अंतर्गत मुरूप पंचायत के नारायणडीह गांव की रहनेवाली थी। माता-पिता की मौत के बाद चाचा उसकी परवरिश कर रहे थे। द्वितीय श्रेणी से परीक्षा पास करने के बाद वह काफी तनाव में थी। परिजनों ने उसे समझाया भी, इसके बावजूद साड़ी का फंदा बनाकर उसने अपनी जान दे दी। वह कम अंक आने से परेशान थी। ाखी प्रधान कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय सरायकेला की छात्रा थी।

## हम गरीबों को उतना धन देंगे, जितना मोदी ने अमीरों को दिया: राहुल गांधी

**पटना ।** लोकसभा चुनाव को लेकर नेताओं का एक दूसरे पर वार-पलटवार का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में शनिवार को भागलपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। मुकेश सहनी ने भी विभिन्न सभाओं में पीएम पर हमला किया। इधर, सीएम नीतीश कुमार पूर्णिया में जनसभा को संबोधित करते हुए बीमा भारती पर जमकर बरसे। राहुल गांधी ने जनसभा में भाजपा



और नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अमीरों के करोड़ों रुपये माफ कर दिये हैं। इंडिया अलायंस गरीबों को उतना पैसा देगा जितना नरेंद्र मोदी ने अमीरों को दिया।

**तेजस्वी बोले 400 पार का सपना सुपर फ्लॉप :** भागलपुर में ही तेजस्वी यादव ने भी पीएम पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का 400 पार का सपना सुपर फ्लॉप हो गया। हम युवाओं के हाथ में कलम दे रहे हैं, वहीं भाजपा तलवार दे रही है। वहीं वीआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी ने दावा किया कि मोदी सरकार न सिर्फ युवा विरोधी है बल्कि गरीब विरोधी भी है। उन्होंने अग्निवीर योजना को लेकर सरकार को घेरा।

(शेष पेज 11 पर)

## कांग्रेस ने एससी, एसटी और ओबीसी को हमेशा झुग्गियों में रखाः मोदी

### उनका इतिहास घोटालों से भरा है, न कोई नेता और न कोई दृष्टिकोण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने विपक्ष की आइएनडीआइ अलाइंस पर जमकर हमला करते हुए कहा कि इंडी अलायंस के पास कोई नेता नहीं है, न ही भविष्य के लिए कोई दृष्टिकोण। इनका इतिहास घोटालों से भरा है। वह शनिवार को कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर में एक रैली में बोल रहे थे। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मोदी सरकार के सबसे बड़े लाभार्थी एससी, एसटी और ओबीसी परिवार हैं। पिछली सरकारों में एससी, एसटी



और ओबीसी परिवारों को झुग्गियों में रहने के लिए मजबूर किया गया था। पीएम मोदी ने कहा कि पहले चरण के मतदान ने देश में उत्साह बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि यह उत्साह मैं यहां भी देख सकता हूं।

**सिर्फ नीतियां नहीं बनाता, गारंटी भी देता हूं :** पीएम मोदी ने कहा कि मैं यहां अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आपका आशीर्वाद लेने के लिए आप सभी के बीच आया हूं। आपके लिए, मैंने दिन-रात मेहनत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आपका सपना मेरा संकल्प है। मेरे जीवन का एक-एक सेकंड 2047 के लिए 24/7 समर्पित है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं सिर्फ नीतियां नहीं बनाता, गारंटी भी देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार ने उन्हें पंक्ति में पहले स्थान पर ला दिया है। 2019 में एनडीए ने एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति के रूप में नामित किया यह हमारी सरकार है जिसने बाबा साहब अंबेडकर से जुड़े पांच स्थानों को विकसित किया है। उन्हें पंचतीर्थ बना दिया गया है।

### कुछ लोग मोदी को हटाना चाहते हैं: पीएम

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और दुनिया के सभी प्रमुख नेता मेरे खिलाफ एकजुट हो गये हैं, लेकिन यह आपके आशीर्वाद और आपने मुझे जो सुरक्षा कवच दिया है। इस कवच के कारण मैं सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हूं। वहीं, सभा में बीते 10 सालों में किये गये काम का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 10 वर्षों में हमने 10 करोड़ महिलाओं को एसएचजी से जोड़ा है। एक करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बन गयी हैं। अब मेरा अगला लक्ष्य 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है, जिनकी सालाना आय 1 लाख रुपये से ज्यादा होगी।




सुरेश चन्द्र डे

संस्थापक – ''श्रीलेदर्स''

(21.04.1911 - 21.05.1990)

श्री सुरेश चन्द्र डे स्वाधीनता संग्राम के कर्मयोगी, निष्ठावान और दूरदर्शी वीर सेनानी थे। विषम परिस्थितियों में अथक परिश्रम से उन्होंने श्रीलेदर्स की स्थापना कर समस्त देशवासियों को विकास की गति प्रदान की।

देश की आज़ादी के पश्चात् सन् 1952 में जमशेदपुर शहर में इसकी स्थापना हुई। वर्त्तमान में देश के विभिन्न शहरों में इसकी अनेकों शाखाएँ उज्जवलित हैं। सुरेश डे के आदर्श ''बाधाओं को पार कर सफलता हासिल करना'' ही श्रीलेदर्स की सफलता का मूलमंत्र है।

Sreeleathers

World Class. Right Price.

SINCE 1952

FRANCHISE ENQUIRIES SOLICITED franchise@sreeleathersonline.com Sreeleathers "Since 1952" SreeleathersSince1952 www.sreeleathersonline.com

## 2000 जवानों के साथ एटीएस भी सुरक्षा में तैनात, जेड श्रेणी सुरक्षा में कई डीएसपी भी शामिल

# राहुल गांधी के लिए कारकेड तैयार, आइजी रैंक के अधिकारी कारकेड में रहेंगे शामिल

### उलगुलान न्याय महारैली

### एयरपोर्ट पर कारकेड का किया गया रिर्हसल, सिटी एसपी को मिला है सुरक्षा का जिम्मा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रभात तारा मैदान में आज आयोजित होने वाली उलगुलान न्याय महारैली में राहुल गांधी समेत कई नेताओं, मंत्रियों को शामिल होना है। राहुल गांधी के लिए रांची पुलिस ने कारकेड तैयार किया है। कारकेड का नेतृत्व सीआरपीएफ के आइजी करेंगे। कार्यक्रम में वैसे लोग भी आयेंगे, जिन्हें जेड प्लस श्रेणी और कई को एसपीजी सुरक्षा की सुरक्षा मिली हुई है। ऐसे में रैली में आने वाले तमाम वीआईपी गेस्ट की सुरक्षा उनकी श्रेणी के तहत की गयी है।



### रेडिशन ब्लू तक चाक-चौबंद में रहेंगे माननीय

रांची एयरपोर्ट से लेकर होटल रेडिसन ब्लू और रेडिएशन ब्लू से लेकर रैली स्थल तक राहुल गांधी के लिए जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गयी है। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को एसपीजी की सुरक्षा प्रदान की गयी है। रांची में पदस्थापित डीएसपी रैंक के चार पुलिस अफसरों को जेड प्लस और एसपीजी सुरक्षा वाले गेस्ट के साथ सुरक्षा में लगाया गया है। महारैली की सुरक्षा को लेकर गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, सरायकेला, पलामू, लातेहार, रामगढ़, बोकारो और धनबाद से इंस्पेक्टर स्तर के 11 अफसरों को तैनात किया गया है। जैप के पांच डीएसपी भी रैली की सुरक्षा व्यवस्था में रहेंगे। वहीं जैप-1 से प्रशिक्षु 250 लाठी बल, जैप-2 से 35, जैप-3 से 38, जैप-4 से 81, जैप-6 से 98, जैप-8 से 102, आईआरबी-1 से 79, आईआरबी 4, 5 और 6 से 200 के करीब लाठी बल तैनात रहेंगे।

### एटीएस की हिट टीम की भी रहेगी तैनाती

### विभिन्न सुरक्षा श्रेणी के गेस्ट आयेंगे

रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, राज्यसभा सांसद संजय सिंह, राज्यसभा सांसद प्रियंका चर्तुवेदी, टीएमसी सांसद डेरेक ओब्रायन और माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य को भी उनकी सुरक्षा, श्रेणी के तहत मुहैया करायी गयी है। राहुल गांधी को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। ऐसे में राहुल गांधी की सुरक्षा रांची में भी जेड प्लस श्रेणी दिया गया है।

### महारैली में शामिल होने वालों के लिए बनी पार्किंग

**रांची।** जेएमएम के नेतृत्व में प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान महारैली में मुख्यमंत्री समेत दूसरे राज्यों के अन्य नेताओं सहित झारखंड के विभिन्न जिलों से गठबंधन के नेता एवं कार्यकर्ताओं के लाखों लोगों के उपस्थित होने की संभावना है। इसे लेकर रांची ट्रैफिक एसपी ने आनेवाली बसों का रूट लाइन और पार्किंग तय की है।

गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, रामगढ़ और रांची से आने वाले वाहन काठीटांड़ से रिंग रोड दलादली, नयासराय रिंग रोड होते हुए बलालौंग मोड़ से धुर्वा डैम होते हुए धुर्वा बस स्टैंड से बाएं में सखुआ बगान एवं आम बगान में पार्क करेंगे।

दुमका, देवघर, जामताडा, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज से आने वाले वाहन नेउरी रिंग रोड होते हुए रामपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर के पूर्वी भाग में पार्क करेंगे।

हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह से आने वाले वाहन नेउरी रिंग रोड होते हुए रागपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोल चक्कर पश्चिमी में पार्क करेंगे।

जमशेदपुर, चाईबासा, सरायकेला-खरसावां, रांची के बुंडू, तमाड़, सिल्ली से आने वाले वाहन श्रामपुर से रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर से जवाहर स्टेडियम में पार्क होंगे।

सिमडेगा, खूंटी, गुमला के वाहन रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए जेएन कॉलेज मैदान में पार्क होंगे।

वीआईपी के छोटे वाहनों के लिए धुर्वा गोल चक्कर से नेहरू स्टेडियम होते हुए मियां मार्केट के सामने से प्रभात तारा मैदान के दक्षिणी भाग में पार्किंग की व्यवस्था

वीआईपी और मीडिया के छोटे वाहनों के लिए धुर्वा गोलचक्कर से नेहरू स्टेडियम होते हुए मियां मार्केट के सामने संत थॉमस स्कूल के पास पार्किंग की व्यवस्था रहेगी।

## विकास और सनातन विरोधियों का रांची में हो रहा मिलन : बाबूलाल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रांची में 21 अप्रैल को इंडी गठबंधन की न्याय रैली हो रही है परंतु इसमें झारखंड और देश हित की बात करनेवाले नहीं, इसके विरोधी लोगों का जमावड़ा हो रहा है। शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि शहर में चारों ओर होर्डिंग लगा है। इसमें, जिनकी भी तस्वीर लगी है, वे सब झारखंड के विरोधी रहे हैं। इस राज्य और देश के विकास के साथ साथ सनातनियों के भी विरोधी रहे हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अगर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने पहल नहीं की होती तो झारखंड अलग राज्य नहीं होता। इंडिया गठबंधन के लोग झारखंड के विकास की बातें करते हैं पर वास्तव में यहां के लोगों के मान सम्मान की रक्षा, लोगों की भावनाओं को एनडीए ने ही समझा है। 1998-99 में भाजपा ने कहा कि उनकी सरकार बनने पर झारखंड अलग राज्य बनेगा। 2000 में ऐसा करके भी दिखाया। मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और अन्य भी मौजूद थे।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब-जब इंडी गठबंधन को अवसर मिला, यहां सत्ता का उपयोग लूटने में किया। पिछले चार सालों में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इस राज्य को लूट लिया। अब वे अपनी करनी के कारण जेल में हैं। उन्होंने यहां के लोगों के लिए बालू तक नहीं छोड़ा। साहिबगंज में पहाड़ को अवैध तरीके से खोद डाला। नदी से बालू की लूट हो रही है। कोयला, पत्थर की लूट जारी है। अब जमीन में भी फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। सेना तक की जमीनों को नहीं छोड़ा। आदिवासियों की जो जमीन बिक नहीं सकती, उसे भी सरकार के संरक्षण में बेचा जा रहा है। ईडी ऐसे मामले में करप्ट लोगों को पकड़ कर जेल में डाल रही है।

**देश विरोधी हैं इंडी अलायंस के नेता :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इंडिया अलायंस के नेता देश विरोधी हैं। मोदी सरकार से पहले देश के जवान आतंकियों की गोली से मारे जाते थे। मोदी सरकार के समय पठानकोट में आतंकी हमला हुआ तो भारत के जवानों ने घुसकर मारा।

## खबर एक नजर में

### इजहार अंसारी की जमानत पर ईडी को जवाब के लिए मिला समय, 23 को होगी सुनवाई

**रांची।** हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी जमानत याचिका की सुनवाई ईडी के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट में हुई। मामले में इजहार अंसारी की ओर से बहस की गई। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय प्रदान की। अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। बीते 16 जनवरी को ईडी ने हजारीबाग स्थित उसके आवास एवं फैक्ट्री पर छापा मारा था। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। 70 करोड़ रुपए के कोल लिंकेज के हेरा फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपी है। इजहार निलंबित आईएस अधिकारी पूजा सिंघल का करीबी में बताया जाता है।

### योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी पर हाई कोर्ट में सुनवाई जारी, 22 अप्रैल को अगली सुनवाई

**रांची।** शराब घोटाला से जुड़ा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में सुनवाई जारी रही। अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। दरअसल, ईडी कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। मामले में ईडी ने योगेंद्र तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया है। योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीका से जमीन की खरीद बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने की खुलासा ईडी की जांच में हुई है। मामले में ईडी ने 8/ 2023 दर्ज किया है। बता दें कि 19 अक्टूबर 2023 को पूछताछ के क्रम में ईडी ने योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद 14 दिनों तक ईडी ने रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की थी। इसके बाद उसे जेल भेजा गया था। पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के सहयोग से राज्य के 19 जिलों में थोक शराब का टेंडर योगेंद्र तिवारी ने लिया था।

### इंडिया ब्लॉक की न्याय उलगुलान महारैली फ्लॉप साबित होगी : संतोष सोनी

**रैली के आयोजन में करोड़ों रुपये होने वाला खर्च कहां से आ रहा**

**रांची।** झारखंड जदयू के प्रदेश महामंत्री संतोष कुमार सोनी ने झारखंड की राजधानी रांची में इंडिया ब्लॉक द्वारा आयोजित उलगुलान न्याय महारैली दिल्ली की तरह फ्लॉप रैली साबित होगी। उन्होंने आयोजकों से सवालिया लहजे में जानना चाहा कि क्या देश में भ्रष्टाचारियों को छूट देने से ही देशवासियों को न्याय मिलेगा। क्या आयोजक यह बताने की कृपा करेंगे इस रैली के आयोजन में करोड़ों रुपये होने वाला खर्च कहां से आ रहा है। चुनाव आचार सहिता लागू रहने से इस महाखर्च को इंडिया गठबंधन का महाखर्च माना जायेगा अथवा जेएमएम का? श्री सोनी ने यह भी सवाल खड़ा किया कि आखिर विपक्ष को न्यायालय पर विश्वास क्यों नहीं होता? वे बारबार न्याय महारैली का ही आयोजन कर जनता को क्यों बरगलाने का प्रयास करते रहते हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से अनुरोध किया है कि इस महारैली पर होने वाले अंधाधुंध खर्च का आकलन के साथ रैली के नाम पर लोगों को ढोने के लिए सैकड़ों वाहनों की व्यवस्था का भी आकलन जरूर करें। उन्होंने उलगुलान न्याय महारैली को एक महा ढकोसला रैली बताते हुए बताया कि यह फ्लॉप रैली साबित होगी। जनता को यह पता है कि न्याय अदालतों में मिलता है न कि महारैली करने से। श्री सोनी ने चुनाव आयोग से यह भी अपील किया कि चुनाव के समय इस तरह की गतिविधियों पर खास निगरानी रखे तथा इस पर होने वाले खर्च के साथ कितना और कहां-कहां पोस्टर लगाना है। इसकी अनुमति ली गयी या नहीं। चुनाव आयोग को इसका खुलासा करना चाहिए।

### जमशेदपुर लोस स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन आज, सुदेश होंगे शामिल

**रांची।** जमशेदपुर लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन का आयोजन रविवार को डिमना लेक एरिया, जमशेदपुर में होगा। सम्मेलन में केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। जमशेदपुर समेत राज्य की सभी 14 सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करने की रूपरेखा और भावी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में लोस क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमिटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी एवं जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारी हिस्सा लेंगे।

## लैंड स्कैम : जमीन कारोबारी अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर 25 को आयेगा फैसला

### अफसर अली 22 अप्रैल तक ईडी की रिमांड पर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर ईडी कोर्ट 25 अप्रैल को फैसला सुनाएगी। अफसर अली अभी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन फजीर्वाड़ा मामले में ईडी की रिमांड पर है। अफसर अली के खिलाफ सेना की बरियातू स्थित 455 एकड़ की जमीन एवं चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन फजीर्वाड़ा मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के से जुड़े जमीन फजीर्वाड़ा मामले में भी वह आरोपी है। 14 अप्रैल 2023 से वह न्यायिक हिरासत में जेल में है।

सेना की जमीन मामले में अब उसपर आरोप गठन की प्रक्रिया होनी है, जिसे देखते हुए उसकी ओर से डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया गया। बताते चलें कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है।

## लोहार जाति को एसटी सूची से हटाने पर हाई कोर्ट ने केंद्र व राज्य से मांगा जवाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने लोहार जाति को एसटी सूची से बाहर करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और राज्य सरकार को छह सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट में हुई। खतियानी लोहार/ लोहरा जनजाति समाज के अध्यक्ष अतीत कुमार की ओर से इस संबंध में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है।

### संविधान के प्रारंभ से ही जनजातीय रहा है लोहार

याचिका में कहा गया है कि लोहार संविधान के प्रारंभ से ही जनजातीय रहा है। लेकिन झारखंड अलग राज्य बनने के बाद लोहार को एसटी सूची से बिना किसी उचित कारण बताए हटा दिया गया और सिर्फ लोहरा को एसटी की श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया जबकि लोहरा केवल पर्यायवाची, क्षेत्रीय बोलचाल की भाषा का शब्द है। इसी कारण लोहरा के नाम से कोई खतियान भी नहीं मिलता है।

## आदिवासी जमीन के लुटेरों को उलगुलान जैसे पवित्र शब्द के प्रयोग से बचना चाहिए : मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आदिवासी समाज की जमीन और उनके संसाधनों को लूटने और तबाह करने वालों को उलगुलान जैसे पवित्र शब्द के प्रयोग से बचना चाहिए। वहीं, इतिहास में झांककर इंडी गठबंधन के साथियों को एक बार उलगुलान विद्रोह को फिर से पढ़ा जाना चाहिए। उलगुलान विद्रोह मूल निवासियों के संसाधनों, उनकी जमीनों और उनके अधिकारों को जमीदारों और साहूकारों द्वारा छीने जाने के विरोध स्वरूप उत्पन्न हुआ था। आज इंडी गठबंधन उन्हीं साहूकारों और जमीदारों की तरह आदिवासी समाज की जमीनों को हड़पकर उलगुलान जैसे शब्दों का उपयोग कर उसका राजनीतिकरण कर जनता को बरगलाने का प्रयास कर रहा है। उलगुलान विद्रोह को लेकर आदिवासी कवि हरीराम मीणा ने भगवान बिरसा मुंडा पर कविता लिखी थी। आज हेमंत के नेतृत्व में उन्हीं आदिवासी समाज की पुश्तैनी जमीनों को अवैध तरीके से कब्जा जमाकर बैंक्वेट हॉल बनाने का सपना संजोया जा रहा है, ऐसे व्यक्ति के लिए उलगुलान जैसे क्रांतिकारी शब्द का प्रयोग करके भगवान बिरसा मुंडा को अपमानित किया जा रहा है।

श्री मरांडी ने कहा कि सबको पता है कि हेमंत सोरेन, जिसके लिए इस रैली का आयोजन किया जा रहा है, उसका हाथ पैर तो दूर, पूरा शरीर ही भ्रष्टाचार के दलदल में पूरी तरह डूबा हुआ है। पिछले 4 साल के कार्यकाल में हेमंत ने आदिवासी समाज के मान, सम्मान और पहचान को न सिर्फ धूमिल किया, बल्कि आदिवासी धरोहरों को नष्ट कर उनके संसाधनों को बिचौलियों के हाथों बेचने का तथा उनकी जमीनों को अवैध तरीके से कब्जा करने तथा अपने साथियों की मदद से कागजों में भी हेरफेर करने का कुत्सित प्रयास किया है। जिस आदिवासी समाज के हितों का दिखावा कर, झूठे सपने दिखाकर हेमंत ने खुद को सत्ता पर काबिज किया था, वही हेमंत आदिवासी समाज की जमीनों को निगलने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है।

### स्वार्थ की पूर्ति कर रहा इंडी गठबंधन

एक तरफ इंडी गठबंधन, जो अपनी हिंदू विरोधी मानसिकता के साथ परिवारवाद, भ्रष्टाचार तथा तुष्टिकरण को बढ़ावा देकर अपने स्वार्थ की पूर्ति कर रहा है। वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार जिसका मुख्य उद्देश विकसित भारत के संकल्प के साथ, देश की एकता तथा अखंडता को मजबूत करना और देश की सांस्कृतिक धरोहरों को पुनर्जीवित करके देश का गौरव बढ़ाना, समाज के सभी वर्गों की बराबर भागीदारी सुनिश्चित कराना, आदिवासी समाज के खोए मान, सम्मान और अभिमान को लौटाना, महिलाओं का सशक्तिकरण कर विकासयुक्त तथा आरोपमुक्त कल्याणकारी सरकार का गठन करना है।

## राष्ट्रीय समानता दल ने ब्रजेश तुरी को पलामू सीट पर उतारा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राष्ट्रीय समानता दल ने शनिवार को पलामू लोकसभा से ब्रजेश तुरी को चुनाव मैदान में उतारा है। हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष कुमुद कुशवाहा ने पलामू लोकसभा सीट के कैंडिडेट के नाम की घोषणा की है। कुमुद कुशवाहा ने कहा कि ब्रजेश तुरी पार्टी के पुराने कैडर रहे हैं। सामाजिक समानता की लड़ाई में पलामू प्रमंडल में एक जाना माना चेहरा है। रांची और चतरा के बाद पलामू सीट से पार्टी कैंडिडेट के नाम की घोषणा की गयी है। जल्द ही खूंटी और कोडरमा लोकसभा सीटों से पार्टी कैंडिडेट के नामों की घोषणा करेगी।

**राजेंद्र यादव बनाए गए राष्ट्रीय समानता दल के प्रवक्ता :** राष्ट्रीय समानता दल ने राजेंद्र यादव को झारखंड का केंद्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। राजेंद्र यादव को केंद्रीय प्रवक्ता नियुक्त करते हुए राष्ट्रीय समानता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल शास्त्री, प्रदेश अध्यक्ष कुमुद कुशवाहा और प्रदेश महासचिव अशोक कुमार मेहता ने कहा कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव का पार्टी को लाभ मिलेगा।

**आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा राष्ट्रीय समानता दल :** राष्ट्रीय समानता दल के प्रदेश अध्यक्ष कुमुद कुशवाहा ने कहा कि पार्टी तीन लोस सीटों पर प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतार चुकी है। अन्य पांच लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों पर मंथन चल रहा है। राष्ट्रीय समानता दल विकास के मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने अपने एजेंडा में शिक्षा, रोजगार के साथ पिछड़े-दलित को समानता का अधिकार देने की बात कही है।

### कांग्रेसियों ने रास सांसद डॉ सैयद नासिर हुसैन का स्वागत

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक दूबे, लाल किशन नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू अपने समर्थकों के साथ कल इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित महारैली में शामिल होंगे। रैली की सफलता के लिए वरिष्ठ नेताओं द्वारा बैठक एवं जनसंपर्क कर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समर्थन में आयोजित रैली में आम जनों की भागीदारी का प्रयास कर रहे हैं। इस बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह राज्यसभा सांसद डॉ सैयद नासिर हुसैन के रांची आगमन पर आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने एयरपोर्ट पर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कांग्रेस नेता आलोक दूबे ने कहा इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित कल की रैली ऐतिहासिक रूप से सफल होगी जो लोकसभा चुनाव में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत इंडिया गठबंधन के सभी नेता शिरकत कर रहे हैं।

## राजद की लिस्ट में तेजप्रताप और तेजस्वी के नाम भी शामिल

# इंडी गठबंधन का मुकाबला एनडीए से, सीएम चंपई सोरेन, कल्पना समेत कई नेता होंगे झामुमो के स्टार प्रचारक!

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** झारखंड में इंडी गठबंधन का मुकाबला एनडीए से है। लोकसभा की 14 सीटों के लिए दोनों पार्टियों की ओर से अपने-अपने प्रत्याशी मैदान में उतार दिया है। कुछ सीट ही है, जहां इंडी गठबंधन ने अपने प्रत्याशी को नहीं उतार पाया है। मुकाबला करने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन का सारा दारोमदार मुख्य रूप से कांग्रेस और झामुमो पर है, जो 14 लोकसभा में से 12 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। झामुमो के शिबू सोरेन बीमार हैं तो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में हैं। अब झामुमो के लिए स्टार प्रचारक के तौर पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और कल्पना सोरेन ही बच गयी है। जेएमएम के केंद्रीय समिति सदस्य और प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि झामुमो का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी का स्टार प्रचारक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ-साथ इस बार लोकसभा चुनाव में कल्पना सोरेन स्टार प्रचारक की भूमिका में होंगी। राजद प्रदेश अध्यक्ष से सूची पर सहमति मिलते ही लिस्ट को सार्वजनिक कर दिया जाएगा। आरजेडी से मिली जानकारी के अनुसार राजद के स्टार प्रचारकों की सूची में तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव, अब्दुल बारी सिद्दीकी, भोला यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव सहित कई नेताओं के नाम शामिल हैं।

### शेर, पिंजरे में भी शेर ही होता है : झामुमो

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि साजिश रचकर उनके नेता को जेल भेजने के बावजूद आज भी राज्यवासी का एक ही नारा है, हेमंत है तो हिम्मत है। झामुमो का एक-एक कार्यकर्ता, एक-एक नेता पार्टी का बड़ा स्टार प्रचारक होगा। मनोज पांडेय ने कहा कि भले ही उनके नेता को भाजपा ने जेल में डाल दिया हो लेकिन शेर पिंजरे में भी रहता है तो भी शेर ही रहता है और लोमड़ी हमेशा लोमड़ी रहती है।

### कांग्रेस के प्रदेश स्तर से भी स्टार प्रचारकों की तैयार की जा रही सूची : जगदीश साहू

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू ने बताया कि कांग्रेस में राष्ट्रीय स्तर पर स्टार प्रचार के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित तमाम नेता हैं जो देश भर में चुनावी सभाएं कर रहे हैं, झारखंड में भी उनका चुनावी कार्यक्रम होगा। राजेश ठाकुर, आलमगीर आलम, बंधु तिर्की, गुंजन सिंह भी स्टार प्रचारक की भूमिका में होंगे।

## पीएलएफआई के एरिया कमांडर सोमा हेंब्रम समेत दो उग्रवादी धराये, दो एके-47 बरामद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर सोमा हेंब्रम को पश्चिमी सिंहभूम के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के जंगली एवं पहाड़ी क्षेत्र से पुलिस ने उसके एक साथी के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने उग्रवादियों के पास से 50 हजार नकद, दो एके-47 राइफल, एके-47 के 88 राउंड कारतूस, एक मोटरसाइकिल और छह मोबाइल बरामद किया है। सोमा हेंब्रम के खिलाफ झारखंड के कई थानों में 11 मामले दर्ज हैं।

पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि पीएलएफआई का एरिया कमांडर सोमा हेम्ब्रम उर्फ नाजोम अपने साथियों के साथ गोईलकेरा थाना क्षेत्र के जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में भ्रमणशील है और वहां के विकास कार्यों को बाधित करने की योजना बना रहा है। संवेदकों से लेवी मांग रहा है। इस सूचना का सत्यापन कर एसपी ने टीम का गठन किया।



### चिटिर पहाड़ी और आसपास छापेमारी अभियान चलाया

एसपी द्वारा गठित टीम ने गोईलकेरा थाना क्षेत्र के चिटिर पहाड़ी क्षेत्र और उसके आसपास अभियान शुरू किया। इसी क्रम मे सोमा हेम्ब्रम उर्फ नाजोम उनके हाथ लग गया। इस सिलसिले में गोईलकेरा थाना में कांड संख्या 15/24 दर्ज कर लिया गया है। दोनों उग्रवादियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-ए)/25(1-एए)/26(3)/35 और सीएलए एक्ट की धारा 17 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

**बरामद हथियार**

एके-47 राइफल- दो , एके-47 राइफल की मैगजीन- तीन, एके-47 की गोली- 88 राउंड, नकद- 50 हजार रुपये, लेवी की रसीद, .315 बोर रायफल की गोली- 30 राउंड, हीरो मोटरसाइकिल- एक

मोबाइल फोन- छह

सुप्रभात
रविवार 21.04.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 02
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



## स्पीड न्यूज

### एसीसी जामाडोबा बस्ती में निशुल्क नेत्र जांच शिविर

**सिंदरी ।** एसीसी जामाडोबा बस्ती हनुमान मंदिर प्रांगण में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दर्जनों मरीजों का नेत्र जाँच किया गया। इसमें मोतियाबिंद रोगग्रसित मरीजों को नि:शुल्क दवा वितरण किया गया। कुछ मरीजों को चश्मे की स्थिति देखते हुए काफी कम दर में चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। मरीजों को नि:शुल्क नेत्र आपरेशन की सलाह भी दी गई। मौके पर भाजपा नेता शैलेश सिंहए भाजपा युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी राजेश चौधरीए वार्ड 55 के निवर्तमान पार्षद साहब राम हेम्ब्रमए रोहित खानए चंद्रशेखरए नीतू कुमारीए मधु कुमारीए उर्मिला कुमारीए संदीप कुमारए रौशन कुमारए तापस बेहराए सुशीला सामद मौजूद थे।

### पूर्वी टुंडी प्रखंड मइन स्वीप कार्यक्रम

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड मइन स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान केंद्र संख्या 102 103 109 116 118 124 128 134 135 में बीएलओ द्वारा मतदाताओं को मतदान मार्गदर्शिका व पोस्टर बांटते हुए मतदाता जागरूक किया गया। तथा मतदान केंद्र संख्या 96 एवं 98 के बीएलओ द्वारा रंगोली बनाकर मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। जिसमें सुप्रिया मंडल शीला कुमारी दां उपासी देवी शबनम परवीन सोबीना हांसदा पुष्पा कुमारी बबीता सोरेन सिमरन किस्कू लीला देवी विभा टुडू बीएलओ सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


### उलगुलान रैली में रांची पहुंचेंगे कांग्रेस और झामुमो के कार्यकर्ता

**धनबाद।** रांची के प्रभात तारा मैदान में रविवार को महागठबंधन की होंने वाली उल गुलान रैली में धनबाद.बोकारों लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेसए झामुमों के कार्यकर्ता हजारों की संख्या में पहुंचेंगे और अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। इसे लेकर दोंनो दलों ने अपनी अपनी तैयारी पूरी कर ली। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि रैली को लेकर हमलोगों की जोरदार तैयारी है। धनबाद.बोकारों से 600 से 700 गाड़ियां कल सुबह रांची के लिए खुलेगी। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के सभी नेता इस रैली में शामिल होंगे।

### दो बच्चों की मां ने लगाई फांसी

**राजगंज।** क्षेत्र के मैराकुल्ही निवासी मो इमरान अंसारी की पत्नी गुलनाज बीबी 33 वर्ष ने अपने ही कमरे की छत मे फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इमरान चेन्नई मे मजदूरी करता है। उसके दो बच्चे भी है एक 13 वर्ष व दूसरा 8 वर्ष। घरवालों ने घटना की सूचना राजगंज थाने को दी। पुलिस ने लाश को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया।

# अग्निपथ पर चल रहे सरयू राय की है अग्नि परीक्षा



**●22 को भाजमो की बैठक के बाद खोलेंगे अपना पत्ता**

मिथिलेश कुमार

**धनबाद।** आम जीवन हो या राजनीति दोनों में ईमोशनल गेम यानी भावुकता का खेल बड़ा काम आता है। लोकसभा चुनाव को लेकर धनबाद की राजनीति में भी फिलहाल यहीं खेल चल रहा है। अग्निपथ पर चल रहे सरयू राय के भविष्य की राजनीति के लिए यह किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं। कल तक भाजपा के उम्मीदवार ढुल्लू महतो पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय हमलावर थे और धनबाद से चुनाव लड़ने की बात कह रहे थे। लेकिन कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा की पैर छुआई के बाद वे भावुक हो गये है और दांये.बांये देखने लगे है। उनके चुनाव लड़ने को लेकर असमंजस बन गई है। अनुपमा से पारिवारिक रिश्ते और वोट कटवा की लड़ाई के बीच वे फंस गये है। उन्होंने फिलहाल ढुल्लू पर हमला करना भी छोड़ दिया है और सब कुछ 22 अप्रैल को धनबाद में होंने वाली पार्टी की बैठक पर छोड़ दिया है। जबकि उन्हें पता है कि अनुपमा सिंह लीडर नहीं हैं। राजनीति और समाज में उनका अभी तक कोई योगदान भी नहीं है। योगदान बस इतना है कि वे राहुल गांधी की पदयात्रा में कुछ दूर साथ चली थीं। इतने भर से सांसद की उम्मीदवारी हासिल कर ली। उन्हें यह भी पता है कि यदि अनुपमा चुनाव जीत गई तो असली सांसद वो नहीं उनके पति कुमार जयमंगल सिंह ही रहेंगे। यदि सरयू राय यह सब जानते हुए भी चुनाव से पीछे हटते है तो लोग उन्हें भी मौका परस्त ही समझेंगे। जबकि ढुल्लू को टिकट मिलने के बाद वे कई बार खुले मन से यह बात कह चुके है कि जब कोई बिल्ली के गले में घंटी नहीं बांधेगा तो मैं बांधने के लिए तैयार हूं। उन्हें यह भी बात है कि यह काम मैं हीं कर सकता हूं। क्योंकि अभी तक उनकी कट्टर ईमानदार नेता की छवि रही हैं। वे जगन्नाथ मिश्रए तपेश्वर सिंहए लालू यादवए मधु कोड़ाए रघुवर दास आदि से लड़ चुके है। ऐसे में उनका पीछे हटना राजनीति में कई नये सवाल खड़ा कर देगा। यह सरयू राय व उनकी पार्टी भारतीय जनतांत्रिक मोर्चा दोंनो के लिए चुनौती है। जिसका नया अध्याय 22 अप्रैल को खुलेगा या बंद हो जायेगा। इसकों लेकर कई लोगों के मन में अभी से संशय है।

### बाल विवाह पर रोकथाम को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**कतरास।** बाल विवाह की रोकथाम के लिए झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा शनिवार को लिलोरी मंदिर में जागरूकता अभियान चलाया गयाण कार्यक्रम के तहत उपस्थित लोगो के बीच बाल विवाह नहीं कराने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर मन्दिर के चारो तरफ बाल विवाह पर रोकथान को लेकर पोस्टर लगाये गएण लिलोरी मंदिर में शादी ब्याह को लेकर काफी संख्या में लोग जुटते हैं। यहाँ काफी शादी होती है।

# वोट के महत्व से मतदाताओं को अवगत करायें : डीसी

**●चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक**



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** लोकसभा आम निर्वाचन व गांडेय विधानसभा उप चुनाव के सफल क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में मीडिया कोषांगए स्वीप सेलए सोशल मीडिया सेलए लॉजिस्टिक सेलए पीडब्ल्यूडी कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारीए प्रभारी पदाधिकारी, स्वीप कोषांगए मीडिया कोषांगए सहयोगी पदाधिकारी उपस्थित थेण बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया आमजनों तक पहुंचने का एक प्रभावशाली माध्यम हैण ऐसे में जिले के सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स की भूमिका अहम मानी गई है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म फेसबुकए गए यूट्यूब एवं इंस्टाग्राम के माध्यमों से मतदाताओं से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें अपने मताधिकार के पूर्ण प्रयोग हेतु प्रेरित किया जाय ताकि हर एक मतदाता जागरूक दृष्टिकोण अपनाकर अपने मत का दान करें। वहीं मतदाता जागरूकता से संबंधित रील्स फिल्म पोस्टर एवं गीत के माध्यम से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लोगों को जागरूक किया जाये। इस दौरान कहा गया कि ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को शिक्षित करने के प्रयास किये जाय इससे मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी होगी और एक सशक्त लोकतंत्र की ओर हमारा सक्रिय प्रयास सफल होगा। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगो द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा सभी संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्व के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### अधिक से अधिक लोगों को फार्म 6 भरवायें

उन्होंने नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग को निर्देश दिया कि वोटर अवेयरनेस फोरम के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों का फॉर्म 06 भरवाएं साथ ही कम परसेंटेज वाले मतदान केंद्रों मतदाता हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम करें ताकि लोगों को निर्वाचन प्रणाली व मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सकें और सभी बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक आयोजित करें। बैठक के माध्यम से क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करें। उन्होंने निर्देश दिया कि संबंधित क्षेत्र के सुदूर इलाकों में पहुंचकर मतदाताओं को जागरूक किया जाये। इसके अलावा नगर निगम के कर्मियोंए बीएलओए पर्यवेक्षक से समन्वय स्थापित कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में फॉर्म 06 भरवाएं। बैठक में नगर निगम की गाड़ियों में जिंगल लगाने का निर्देश दिया गया। वहीं सभी सिनेमा हॉल में सीईओ झारखंड द्वारा जारी वीडियो का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराएंगे। सभी जन जागरूकता अभियान में मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन ऐप 1950 और फेक न्यूज की पहचान हेतु वेबसाइट आदि की भी जानकारी उपलब्ध कराएं। इसके अलावा उन्होंने पीडब्ल्यूडी कोषांग की समीक्षा कर पीडब्ल्यूडी की उपलब्धता रैंप समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# मधुबन और खुखरा में बरामद किया गया कोडेक्स वायर

## लोकसभा चुनाव से पूर्व नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** चुनाव का बिगुल बजते ही जिले में नक्सलियों ने भी उत्पात मचाना शुरू कर दिया हैण चुनाव को असफल करने के लिए नक्सली संगठन कई तरह के हथकंडे अपना रहे हैंण इस को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा बलों द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा हैण ताकि चुनाव शांति पूर्ण माहौल में संपन्न हो सकेण इसी कड़ी में शनिवार की सुबह जिले की पुलिस और सीआरपीएफ 154वीं बटालियन द्वारा चलाए गए सर्च अभियान में कोडेक्स वायर को बरामद किया गया है। बता दें कि यह कोडेक्स वायर मधुबन व खुखरा थाना क्षेत्र के केरुकोचा गांव के पास मिला है जो जमीन में छिपाकर रखा गया था, जिसे सुरक्षा बलों ने बरामद कर लिया और अलर्ट हो गई है।

# प्रशिक्षण : मॉक पोल के बाद डाटा जरुर डीलिट करे : डीडीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को एसएसएलएनटी महिला कॉलेज पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज एवं गुरु नानक कॉलेज में पीठासीन व प्रथम मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों ने सभी प्रकार के फॉर्म भरनेए चुनाव समाप्ति के उपरांत क्लोज बटन अनिवार्य रूप से दबानेए 2 बैलेट यूनिट कनेक्ट करने सहित अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया।वहीं उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में निरीक्षण किया। उन्होंने सभी को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण लेनेए मन में कोई संशय नहीं रखने और यदि कोई प्रश्न हो तो ट्रेनर से वातार्लाप करके उसका समाधान करने को कहा। साथ ही समय पर मॉक पोल शुरू करने मॉक पोल के बाद डाटा जरूर से डिलीट करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शाम पांच बजे से पूर्व लाइन में खड़े रहेंगे उन्हें पीठासीन पदाधिकारी पर्ची निर्गत कर मतदान करने देंगे।

# त्रुटि रहित चुनाव संपन्न करायें : डीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें किसी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी पोलिंग पदाधिकारी मतदान के दिन चुनाव के दिन एसओपी का पालन करते हुए त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराएंगे। उक्त बाते शनिवार को डीसी माधवी मिश्रा ने भुदा स्थित गुरु नानक कॉलेज में चल रहे प्रशिक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा यहां बताई गई हर बात को ध्यानपूर्वक सुने। ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग ले। 2 बैलेट यूनिट को कनेक्ट करने का प्रशिक्षण प्राप्त कर ले। सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन करे। डीसी सुश्री मिश्र ने कहा कि लोकसभा चुनाव में यदि 15 से अधिक उम्मीदवार होंगे तो 2 बैलेट यूनिट का प्रयोग किया जाएगा। इसलिए प्रशिक्षण के दौरान बैलेट यूनिटए कंट्रोल यूनिट व वीवीपीएटी को आपस में कनेक्ट करना तथा एक साथ 2 बैलेट यूनिट को कनेक्ट करने पर विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने प्रीसाइडिंग ऑफिसरए पोलिंग ऑफिसर 1ए पोलिंग ऑफिसर 2ए पोलिंग ऑफिसर 3 के दायित्वए मॉक पोलए मॉक पोल के बाद की प्रक्रियाए चुनाव संपन्न होने के बाद ईवीएम को सील करने सहित अन्य विषय पर दिशा निर्देश दिए। मौके पर निदेशक डीआरडीए राजीव रंजनए डीसीएलआर संतोष गुप्ताए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंहए सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिकए मत्स्य पदाधिकारी उषा किरणए मुख्य प्रशिक्षक उमेश लालए पुष्कर झा आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### कैश कांड के बाद एसडीएम से मिला चेंबर

**वापस होंगे व्यापारियों के रुपये**

**धनबाद।** व्यापारियों के पैसे जब्त किये जाने को लेकर बैंक मोड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को एसडीएम उदय कुमार रजक से मिला। सभी ने एसडीएम को अपनी परेशानियों से अवगत कराया। उन्होंने व्यापारियों को हो रही परेशानियों पर खेद व्यक्त करते हुए शुक्रवार को हुई की घटना की जांच कराने की बात कही। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगे से व्यापारियों को बेवजह परेशान नही किया जाएगा उन्होंने कहा कि जप्त किए गए रुपए भी रिलीज कमिटी द्वारा जल्द से जल्द व्यापारियों को सुपुर्द कर दिया जायेगा। ज्ञात हो कि शुक्रवार को 7 अलग अलग व्यापारियों से पुलिस ने 39 लाख रुपया कैश बरामद किया था। जिसपर व्यापारियों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। प्रतिनिधिमंडल में बैंक मोड़ चैम्बर के अध्यक्ष प्रमोद गोयलए महासचिव लोकेश अग्रवालए कोषाध्यक्ष संदीप मुखर्जी शामिल थे।

### मैथन में अवैध शराब के साथ गिरफ्तार



**मैथन।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर धनबाद उत्पाद विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार छापेमारी कर अवैध शराब बरामद कर रही है। जिससे अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। इसी अभियान के तहत शनिवार को मैथन पुलिस के सहयोग से उत्पाद विभाग की टीम ने मैथन क्षेत्र के एरिया चार में विशू मोदक के घर छापेमारी किया। टीम ने विशू मोदक के घर से अवैध शराब व बियर बरामद किया है। साथ ही मौके से विशू मोदक को गिरफ्तार कर धनबाद जेल भेज दिया है। उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि सहायक आयुक्त उत्पाद को गुप्त सूचना मिलने के बाद उनके द्वारा एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने मैथन पुलिस के सहयोग लेकर विशू मोदक के घर छापेमारी किया। जहां पश्चिम बंगाल की 4ण440 लीटर विदेशी शराबए 11ण70 लीटर बियर बरामद कियाए और मौके से विशू मोदक को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। विशू मोदक से पूछताछ करने के बाद उसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और जेल भेज दिया गया। छापेमारी टीम में मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमनए उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक अमित कुमार गुप्ताए श्वेता कुमारी सहित पुलिस बल शामिल थे।

### लोकतंत्र के महापर्व में बीएलओ उत्साहपूर्वक करे कर्तव्य का पालन : डीसीएलआर

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए न्यू टाउन हॉल में आज बाघमारा एवं झरिया विधानसभा के बूथ लेवल ऑफिसर ;बीएलओद्ध एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता ने सभी बीएलओ से कहा कि वे लोकतंत्र के महापर्व में उत्साह पूर्वक अपने कर्तव्य का पालन करें। मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दिन मतदान केंद्रों में महिला पुरुष तथा सीनियर सिटीजन व दिव्यांग मतदाताओं सहित तीन लाइन रहेगी। सीनियर सिटीजन व दिव्यांग तथा गर्भवती महिलाओं को जल्दी मतदान करने के लिए सहायता करें। साथ ही कहां कि मतदान केंद्रों में पानीए बिजलीए शौचालयए पर्याप्त फर्नीचर इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के दौरान होम वोटिंगए मतदाता मार्गदर्शिका का वितरणए चुनाव के दिन बीएलओ की ड्यूटीए बीएलओ के लिए ईडीसी से मतदान करने सहित अन्य विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

# महिला क्रिकेट लीग में धनबाद चैंपियन

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम जेएससीए अंतर जिला अंडर.19 महिला क्रिकेट में चैंपियन रहीं। हजारीबाग में खेले गए सुपर लीग मुकाबले में जमशेदपुर और रामगढ़ को हराकर टीम चैंपियन बनीं। शनिवार को टीम की धनबाद वापसी पर सिटी सेंटर के पास खिलाड़ियों का स्वागत धनबाद क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने किया। संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार ने टीम के सभी सदस्यों को ब्लेजर देने की घोषणा की। साथ ही 80 हजार रुपये की इनामी राशि टीम के सदस्यों को दिए जाएंगे। जल्द ही एक गेट टूगेदर कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें खिलाड़ियों के माता.पिता भी उपस्थित रहेंगे। टूनार्मेंट में दो शतक व दो अर्धशतक के साथ 410 रन बनाने वाली कप्तान अनंदिता किशोर व टीम कोच उमेश श्रीवास्तव ने विजेता ट्राफी डीसीए अध्यक्ष को सौंपी। अध्यक्ष ने कहा कि लड़कियों ने धनबाद का मान बढ़ाया है। इसके लिए वे सम्मान की हकदार हैं।

इस अवसर पर जेएससीए के कार्यकारिणी सदस्य बिनय कुमार सिंहए डीसीए के महासचिव उत्तम विश्वासए उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंहए सुनील कुमारए राजन सिन्हाए रत्नेश सिंह समेत खिलाड़ियों के अभिभावक भी उपस्थित थे।

# धनबाद में स्कूलों का समय बदला

## भीषण गर्मी से बच्चे हैं परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भीषण गर्मी में स्कूली बच्चों की परेशानियों को देखते हुए जिला शिक्षा विभाग ने जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूलों के पठन.पाठन के समय में परिवर्तन किया है। यह आदेश 22 अप्रैल से अगले आदेश तक जारी रहेगा। इस आदेश के अनुसार केजी से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11ण30 बजे तक ही चलेंगी। कक्षा 9 एवं इससे उपर की कक्षाएं 7 बजे से 12 बजे तक संचालित की जाएंगी। इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जाएंगी। हालांकिए मिड डे मील का संचालन जारी रहेगा। इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होने वाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से फैसला लेते हुए संसूचित किया जायेगा।

# धनबाद में धरती के नीचे आग और ऊपर सूर्य का ताप

### बिजली और जलापूर्ति का भी है बुरा हाल

सौरभ पांडेय

**धनबाद।** एक ओर जहां धनबाद कोयलांचल में धरती के नीचे आग लगी है वहीं धरती के ऊपर सूर्य का ताप इतना तीखा कि लोग सह नहीं पा रहे हैं। रही सही कसर बिजली की चरमराई आपूर्ति व्यवस्था पूरी कर दे रही है।अप्रैल के 20 दिनों में शहर का तापमान 12 डिग्री तक चढ़ गया है। 31 मार्च को अधिकतम तापमान 30 डिग्री पर थाए जो शनिवार को 42 पर पहुंच गया। पारा चढ़ने से पूरा शहर प्रचंड गर्मी की गिरफ्त में है। दिन चढ़ने के साथ ही धूप इतनी तीखी हो जा रही है कि घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। शरीर जलने लग रहा है। दोपहर होने से पहले ही लू चलने लग रही है। थोड़ी देर भी धूप में रहना संभव नहीं हो रहा है। लोग पूरे शरीर को ढक कर निकल रहे हैं। 10 बजते ही सड़क पर सन्नाटा छा जा रहा है। केवल नकाबपोश ही सड़क पर नजर आ रहे हैं। गरमी से फिलहाल राहत की संभावना नजर नहीं आ रही।



### डॉक्टर की सलाह

धूप में निकलने से पहले खूब पानी पीयें। ओआरएस का घोल भी दिन में दो.तीन बार लेना हित कर रहेगा। पूरे शरीर को ढक कर ही निकले। धूप के सीधे संपर्क में रहने से जितना हो सके बचें। आंखों को बचाने के लिए चश्मा पहनें। लू लगने पर डॉक्टर से सलाह लें।

### गर्मी के साथ बढ़ी बिजली समस्या, पानी पर भी छाया रहा संकट

प्रचंड गर्मी शुरू होने के साथ ही शहरी क्षेत्र में बिजली की समस्या बढ़ गयी है। शहर के अधिकतर क्षेत्रों में पिछले एक सप्ताह से दिन.रात मिलाकर आठ से 10 बार बिजली कट हो रही है। कभी 10 मिनट की ए तो कभी एक घंटे तक की कट हो रही है। इसके कारण लोगों के दैनिक कार्य पर असर पड़ रहा है। बिजली कट के कारण इधर जलापूर्ति में भी बाधा पहुंच रही है और इस वजह से कई क्षेत्रों में पानी की समस्या भी बढ़ने लगी है। शहर के भूली आजाद नगर आरके नगरए बाबुडीह जयप्रकाश नगर गुरुद्वारा अनुग्रह नारायण रोड समेत कई अन्य क्षेत्रों में बीते एक सप्ताह से प्रतिदिन चार से छह घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। विशेष कर रात में पावर कट होने से लोगों की दिनचर्या पर असर पड़ रहा है। समय पर अपना दैनिक कार्य लोग नहीं कर पा रहे हैं। कल आधी रात के वक्त जयप्रकाश नगर के एक बड़े हिस्से में जो बिजली उड़ी वह आठ घंटे के बाद सुबह 8 बजे आयी। इसके कारण लोग पानी संकट से भी जूझ रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है।

### तपती धूप ने बढ़ाई बच्चों की परेशानी

तापमान के इस कदर बढ़ने से सबसे अधिक परेशानी बच्चों को हो रही हैंए जिन्हें दोपहर के समय तपती धूप में घर लौटना पड़ता है। इस दौरान ये बैग या दुपट्टे को सर पर रख लेते हैं। बड़े.बुजुर्ग बताते हैं कि पहली बार इस तरह की धूप व गर्मी पड़ रही है। इस दौरान बाजारों में पेयजलए खीराए तरबूज आदि ठंडे पदार्थो की बिक्री में काफी तेजी आई है।

स्पीड न्यूज

## तेतुलमुड़ी कोल डंप को चालू कराने को जेएमएम कटिबद्ध

**कतरास।** कतरास क्लब सिजुआ में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर तेतुलमुड़ी कोल डंप में नई कमेटी के गठन की घोषणा कीए नई कमेटी में बाबर अलीए सुरेन्द्र चौहानए विष्णु महतोए शंभु महतोए समसाद अंसारीए दिनेश पासवानए सुरेश चौधरीए घलटु त्रिगुनाईतए मुकेश गुप्ताए धर्मेन्द्र वर्माए आजाद अंसारीए मुन्नू नोनियाए आनंद हादीए रामा भुईयांए सुरेश भुईयां को रखा गया हैए इस मौके पर जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी एवं वरीय रतिलाल टुडू ने कहा की डंप को चालू कराने के लिए जेएमएम कट्टीबद्ध है।

## सिंदरी में नमकीन गोडाउन में आग से लाखों की क्षति

**सिंदरी ।** सिंदरी थाना क्षेत्र के गुरुद्वारा प्रांगण में बने गोडाउन अंशुमन ट्रेडर्स में आग लग जाने से लाखों रुपए की संपत्ति जलकर खाक हो गई। यह गोडाउन एफसीआई आवास संख्या एल 601 निवासी राजेश गुप्ता की बताई जा रही है। भुक्तभोगी राजेश गुप्ता ने बताया कि शनिवार की अहले सुबह लगभग 7 बजे गुरुद्वारा निवासियों से सूचना मिली कि गोडाउन में आग लग गई है। दौड़े भागे गोडाउन पहुँचे तो देखा कि नमकीनए चायपत्ती व पेस्ट के लाखों रुपए की संपत्ति स्वाहा हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर झारखंड सरकार का एक और हर्ल सिंदरी का एक दमकल वाहन घटनास्थल पर पहुँची। परंतु गोडाउन में रखा सामान तबतक जलकर खाक हो गया। काफी मशक्कत से गोडाउन का दरवाजा खोला गया। हालांकि आग लगने की वजह का पता नहीं चल पाया है।

## मैट्रिक में बेहतर प्रदर्शन करने वाला विद्यार्थी सम्मानित

**गोविंदपुर।** गोड़तोपा पंचायत सचिवालय में शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर मैट्रिक परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक लाने के लिए रजवार समाज की ओर से राजकुमार रजवार को सम्मानित किया गया। मुखिया विनोद रजवार एवं जमुना देवी के पुत्र राजकुमार रजवार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गांव का नाम रोशन किया है। इस मौके पर वीणा देवी, हिना कुमारी, रेखा कुमारी, बेबी देवी, प्रेम कुमार आदि मौजूद थे।

## छेड़खानी मामले में युवक धराया, जेल

**तोपचांची।** बीते शुक्रवार देर रात तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत करमाटांड में महिला के साथ छेड़खानी मामले में शनिवार को तोपचांची पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक करमाटांड निवासी शेखर कुमार महतो नशे के घुत में शनिवार देर रात एक महिला के गलत नीयत से छेड़छाड़ किया गया। महिला शौचालय के लिए जा रही थी उसी दौरान महिला के साथ छेड़छाड़ का घटना को अंजाम दिया गया। महिला के शिकायत के आधार पर तोपचांची पुलिस ने शनिवार को शेखर कुमार महतो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जहां से पुलिस ने इसे गंभीर मानते हुए उसे जेल भेज दिया।

### गुरुदास नगर निवासी घायल ट्रक चालक की इलाज के दौरान हो गयी थी मौत

# मुआवजे की मांग को लेकर शव रख कर एनएच को किया जाम

एनएच को जाम करने के लग गई थी वाहनों की लंबी कतार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा क्षेत्र के गुरुदास नगर निवासी घायल ट्रक चालक सुरेंद्र चौहान की इलाज के दौरान शनिवार की मृत्यु हो गई। इसके बाद मुआवजे की मांग को लेकर मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने निरसा कांटा के समीप नेशनल हाईवे पर शव रखकर करीब एक घंटे तक जाम कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे निरसा थाना प्रभारी मनजीत कुमार ने परिजनों व ग्रामीणों को समझा कर जाम हटवाया। इस दौरान नेशनल हाईवे के दोनों लेन पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिससे इस भीषण गर्मी में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इधर जानकारी देते हुए मृतक के परिजनों ने बताया कि दुगार्पूजा के नवमी के दिन तेतुलिया मोड़ के समीप हाईवा ने ट्रक को पीछे से धक्का मार दिया था। जिसमें ट्रक चालक सुरेंद्र चौहान गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका इलाज धनबाद के निजी अस्पताल में चल रहा था। शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि मृतक अपने घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। उसकी पत्नीए तीन बच्ची एवं एक



बेटा हैए उसका भरण पोषण अब कैसे होगा। थाना प्रभारी मंजीत कुमार ने परिजनों को समझाया कि निरसा थाना से जल्द से जल्द सारी प्रक्रिया पूरी कर कागजात न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। वहां से जल्द से जल्द बीमा की राशि एवं सड़क दुर्घटना का लाभ मृतक के आश्रितों को मिलेए इसके लिए पुलिस प्रयास करेगी। इसके बाद भी ग्रामीण नहीं मानेए तब थाना प्रभारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू हैए सभी का वीडियोग्राफी करवा कर नेशनल हाईवे जाम करने का मामला दर्ज किया जाएगा। उसके बाद ग्रामीण एवं परिजन शांत हुए और जाम हटाया।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

### कलाकार पंकज त्रिपाठी के बहन-बहनोई घायल

**मैथन।** हिंदी सिनेमा जगत के चर्चित कलाकार पंकज त्रिपाठी के बहन.बहनोई धनबाद के निरसा क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। शनिवार को निरसा मुख्य बाजार चौक पर एक कार अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से टकरा गयी। कार पर सव दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। इतना ही नहीं कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईए पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल दंपत्ति को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाल कर धनबाद के सरकारी अस्पताल ॑छडडब्भ् भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने पुरुष को मृत घोषित कर दिया है। जानकारी के अनुसार दिल्ली कोलकाता एनएच पर पश्चिम बंगाल नंबर की मारुति कार ॅठ 44 क 2899 मुख्य बाजार चौक पर अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतना जोरदार था कि दोनों सड़क के बीच बने डिवाइडर के बीचों.बीच चढ़ गई। जिसमें कार के आगे का हिस्सा डिवाइड में पूरी तरह से समा गया। कार को चला रहे राजेश तिवारी के पैर तथा सिर पर गंभीर चोटें आई। जबकि कार पर बैठी उनकी पत्नी सविता तिवारी को गंभीर चोटें आयी। घटना के बाद तुरंत आसपास के लोगों ने घायलों को निकाला। जिसके बाद मौके पर पहुंची निरसा पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से बेहतर इलाज के लिए धनबाद भेज दिया।

## पत्नी मनोरमा और पुत्र अजय ने कहा कि शशि ने मारी थी गोली

### बहुचर्चित सुरेश सिंह हत्याकांड

- जिला न्यायाधीश की अदालत में हुई सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** कांग्रेस नेता और कोयला कारोबारी सुरेश सिंह हत्याकांड की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में हुई ! सुनवाई के दौरान मृतक सुरेश सिंह की पत्नी मनोरमा सिंह ए पुत्र अजय सिंह ए रणविजय सिंह ए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहुंचे। अपर लोक अभियोजक राजीव उपाध्याय ने मनोरमा सिंह व अजय सिंह का बयान अदालत में दर्ज कराया। आरोपी आलोक श्रीवास्तव व प्रमोद लालाए मोनू सिंह की ओर से अधिवक्ता अभय सिन्हा व बबन श्रीवास्तव ने प्रतिपरीक्षण किया। इस बावत जानकारी देते हुए अधिवक्ताद्वय ने बताया कि सुरेश सिंह की पत्नी मनोरमा सिंह व पुत्र अजय सिंह द्वारा अपने बयान मे शशि सिंह द्वारा सुरेश सिंह को गोली मारने की बात बताई गई है। दोनो ने कहा कि उन्होंने घटना को ऑखों से नहीं देखा। सुनवाई के दौरान आरोपी प्रमोद श्रीवास्तवए मोनू सिंह हाजिर नहीं थे जबकि आलोक वर्मा की ओर से प्रतिनिधित्व का आवेदन दायर किया गया था। शशि सिंह इस मामले में पुलिस द्वारा फरार घोषित किए जा चुके हैं। अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश देते हुए अगली तारीख निर्धारित कर दी है ! वहीं अदालत से बाहर निकालने के बाद रणविजय सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उसे अदालत पर पूरा भरोसा है आज मनोरमा सिंह और अजय सिंह की गवाही हुई । बताते हैं कि 12 अप्रैल को मामले के चश्मदीद देवेंद्र सिंह का बयान दर्ज किया गया था।

गौरतलब है कि 7 दिसंबर 2011 की रात्रि धनबाद क्लब में रोहित सिंह के रिसेप्शन पार्टी में दबंग कांग्रेसी नेता सुरेश सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। मृतक सुरेश के पिता तेजनारायण सिंह की शिकायत पर शशि सिंहए संजीव सिंहए रामधीन सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी धनबाद थाना कांड संख्या 994/11 दर्ज की गई थी। करीब 5 माह के अनुसंधान के बाद 20 मई 2012 को पुलिस ने शशि सिंह, प्रमोद लालाए मोनू सिंहए आलोक वर्मा के विरुद्ध आरोप पत्र दायर कर दिया था।

# धीमंत एजुकेशन का एजुकेशन फेयर

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शनिवार को धीमंत एजुकेशन द्वारा होटल कोल कैपिटल धनबाद में एजुकेशन फेयर 2024 का आयोजन किया गया। इसमें लगभग देश के 15. कॉलेज और यूनिवर्सिटीज ने भाग लिया जिसमें आर्का जैन यूनिवर्सिटी जमशेदपुरए सेंचुरियन यूनिवर्सिटी भुवनेश्वरए आरआईटी रुड़कीए एनएसएचएम नॉलेज केंपस दुगार्पुरए पारुल यूनिवर्सिटी गुजरातए ईस्ट प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन बैंगलोरए नागार्जुन बैंगलोरए बददी यूनिवर्सिटी हिमाचलएदशरथ प्रसाद सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन बिहारए त्रिभुवन कॉलेज राजस्थानए संदीप यूनिवर्सिटी नासिक आदि कॉलेज और यूनिवर्सिटी ने भाग लिया। सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी से आए हुए रिप्रेजेंटीटिव ने बच्चों को अपने कोर्सेज और प्लेसमेंट सभी तरह की जानकारी दी। कॉलेजों के द्वारा बच्चों को उनके करियर से संबंधित सारी जानकारी दी गई और वह क्या



करें कैसे उनका भविष्य उज्जवल होगा वह कौन से कोर्स का चयन करें उसके लिए क्या.क्या प्रक्रिया है आदि सभी प्रकार की जानकारी छात्रों को दी गई।लगभग 500 से अधिक छात्र और छात्राओं ने इस एजुकेशन फेयर में भाग लिया इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से की गईए दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि प्रमोद सिन्हा ;सोशल वर्करद्धए टीम धीमंत एजुकेशन और कई स्कूलों और कॉलेज के शिक्षक के द्वारा किया गया।संस्था के निदेशक आशीष गुप्ता ने कहा ऐसा प्रोग्राम हर जिले में होना चाहिए ताकि बच्चों को मोटिवेशन और नॉलेज मिलता रहे और एक ही छत के नीचे वह देश के विभिन्न शहरों में स्थित कॉलेज के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके और उसमें एडमिशन ले सके। वही जागेश्वर महतो ने कहा की धनबाद के बच्चे बहुत ही प्रतिभाशाली है परंतु इन्हें जानकारी का अभाव है हम भविष्य में भी बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए ऐसे एजुकेशन फेयर का आयोजन लगातार करते रहेंगे और छात्रध्छात्राओं को भविष्य के बारे मेंए उनके करियर के बारे में उचित जानकारी देते रहेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मुकेश कुमारएआशीष गुप्ताए इबरार जीए शेखर जीए जागेश्वर महतोए जलेश्वरए आनंदए निखिलए सोनीए प्रीतीए रिया आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन सांभवी ने किया।

# प्रयास इंडिया के 10 विद्यार्थियों ने मारी बाजी

### जैक बोर्ड परीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी ।** बीआईटी सिंदरी के छात्र छात्राओं द्वारा संचालित गैर सरकारी शैक्षणिक संस्था प्रयास इंडिया के द्वारा जैक बोर्ड के दसवीं कक्षा के छात्र छात्राओं को ट्यूशन दिया गया। इनमें 10 छात्र छात्राओं ने जैक बोर्ड के द्वारा जारी दसवीं के परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त किए। इनमें प्रिया कुमारी पाण्डेय ने 88०2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इसके साथ अल्ताफ खान ने 81 प्रतिशतए रूपा तंतुबाई ने 80०8 प्रतिशतए शुभम कुमार शर्मा ने 79०2 प्रतिशतए रीमा तंतुबाई ने 77०4 प्रतिशतए सोनाली कुमारी ने 76०8 प्रतिशतए प्रिया कुमारी ने 76०8 प्रतिशत और लखिन्दर किस्कू ने 75०2 प्रतिशत अंक प्राप्त



किए हैं। छात्रों ने उनकी उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए संगठन की सराहना की। उन्होंने भविष्य में उत्कृष्ट परिणाम देने का वादा किया। प्रयास इंडिया संस्था के संचालकों ने कहा कि छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ता के लिए सराहना करते हैं। ये परिणाम न केवल शैक्षणिक उपलब्धियों को दशार्ते हैं बल्कि छात्रों के लिए उज्ज्वल भविष्य का वादा भी करते हैं। इन छात्रों की उपलब्धियाँ शिक्षा की परिवर्तनकारी क्षमता को प्रदर्शित करती हैं। जब उन्हें जुनूनए समर्पण और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ पेश किया जाता है। प्रेरणा के रूप में इन सफलताओं के साथए प्रयास इंडिया आने वाले वर्षों में अनगिनत बच्चों के जीवन में ठोस बदलाव लाने के अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए पहले से कहीं अधिक दृढ़ संकल्पित है।

## मिष्ठान, केक और पिज्जा दुकानों में चला जन जागरूकता अभियान



- वोट करेगा गिरिडीह का लगाया गया स्टिकर

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** लोकसभा आम निर्वाचन व गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त व्यापक जन जागरूकता को लेकर शनिवार को शहर की सभी मिठाई दुकानों, केक दुकानए पिज्जा दुकान व अन्य मिष्ठान दुकानों में ष्वोट करेगा गिरिडीहष् मतदान तिथि के साथ वाले स्टिकर का वितरण किया गया। दुकानदारों को बताया गया कि हरेक मिष्ठान के डब्बा पर स्टिकर चिपकाकर लोगों को मतदान करने की अपील करें। इस दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारीए सहयोगी पदाधिकारी स्वीप कोषांग डीसीपीयू काउन्सलर समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान सभी को मतदान की तिथि मतदान के महत्व की जानकारी दी गई। लोगों से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। इसके अलावा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की तिथि घोषित कर दी गई है। इसलिए सभी को इस महापर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना है। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत.प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## साइबर पुलिस का छापा, एक अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** साइबर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साइबर अपराधी गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आलोक में पुलिस उपाधीक्षक साइबर अपराध रोकथाम संजीव कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था। विशेष छापामारी दल द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बागसुमा निवासी विक्रम दास के घर पर छापेमारी कर साइबर ठगी करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उक्त अभियुक्त के पास से कई मोबाइल फोनए एटीएम कार्डए लैपटॉप एवं नगद राशि सहित कई अन्य चीज बरामद हुई है।गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा विगत दो वर्षों से साइबर अपराध करने की बात स्वीकार की गई है और अपने गिरोह के कई सहयोगियों के भी नाम बताएं हैं। साइबर थाना धनबाद द्वारा पदाधिकारी के निदेर्शानुसार साइबर अपराधियों के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है।

### ठगी मामले की सूचना पुलिस को दें

प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस उपाधीक्षक साइबर अपराध रोकथाम संजीव कुमार ने धनबाद की जनता से अपील की है किअगर कोई बैंक के अधिकारी या बीमा कंपनी के अधिकारी बिजली विभाग के अधिकारी कुरियर सेवा के स्टाफ या उनके परिजन किसी मुकदमा में पकड़े जाने या दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के नाम पर पैसे की मांग करें तो इसकी सूचना सबसे पहले साइबर थाना या फिर अपने नजदीक थाना में जरूर दें तथा साइबर ठगी के शिकार होने से अपने आप को बचाने का प्रयास करें। छापेमारी दल में पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी भी शामिल थे। जिसमें पुलिस उपाधीक्षक साइबर अपराध रोकथाम संजीव कुमारए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी साइबर थाना प्रमोद पांडेए पुलिस अवर निरीक्षक गौरव कुमारए आरक्षी धर्मेंद्र कुमारए जयनारायण पंडितए अनिल कुमार एवं पंकज कुमार रजक शामिल थे।

## अनसुलझी है दुधमुंहे बच्चे की हत्या की गुत्थी

**मैथन।** कुमारधुबी के बरडंगाल में पांच माह के अबोध दुधमुंहे बच्चे की हत्या की गुत्थी 24 घंटे बाद भी नहीं सुलझ पायी है। हालांकि शक की सुई बच्चे की दादी व मां के अलावे चाचा.चाची की ओर घूम रही है। पुलिस हर ऐंगल से जांच कर रही है। दादी शारदा सिन्हा की सुने तो बच्चा जमीन पर उसके पास सोया हुआ था। अंदर से दरवाजा भी बंद था। अब यह सवाल ही नहीं उठता कि बाहर के लोगों ने घटना को अंजाम दिया है। घटना के समय तेज धूप थी। लू से बचने के लिये मुहल्ले के लोग घर में दुबके हुए थे। मुहल्ले में सन्नाटा पसरा हुआ था। शायद आरोपी ने इसी का फायदा उठाया होगा। दादी शारदा के अनुसार अंदर से दरवाजा बंद था तो यह भी साफ हो गया कि घर के किसी सदस्य ने ही घटना को अंजाम दिया है। बता दें कि शुक्रवार के दोपहर कुमारधुबी पुलिस ने कुएं से बच्चे का शव बरामद किया था। शव पानी के उपर था। यहां भी एक सवाल है कि यदि बच्चे को जिंदा पानी में फेंका जाता तो एक घंटा के अंदर शव पानी के उपर नहीं आता। अब यह प्रबल संभावना है कि बच्चे की पहले हत्या हुई है और साक्ष्य छुपाने के लिये शव को कुएं में फेंका गया। फिलहाल पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है। रिपोर्ट में यह साफ हो जायेगा कि कुआं में फेंकने से पहले उसकी हत्या हुई है या डूबने से उसकी मौत हुई है। पुलिस मामले के उद्भेदन में जोर शोर से जुटी है। घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ की है।

### एक नजर में

## ऑन लाइन शराब उपलब्ध कराने वाले तीन को गोबिंदपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर धनबाद पुलिस की चुस्ती का असर दिखने लगा है। ताजा घटनाक्रम में गोविंदपुर थाने की पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान चलाते हुए बागसुमा इलाके के दो लाइन होटलों में छापेमारी की। जहां से पुलिस ने विभिन्न ब्रांड के अवैध विदेशी शराब एवं बियर की कुल 98 बोतल जब्त की है । साथ ही पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया हैए इसके अलावा एक स्कूटी भी जब्त हुई है जिसमें शराब छुपा कर रखी गई थी। प्रेस वार्ता में यह जानकारी देते हुए मुख्यालय 1 डीएसपी 1 शंकर कामती ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर अवैध शराब कारोबार के खिलाफ जिले में लगातार छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। इसी क्रम में स्कूटी के माध्यम से ऑनलाइन शराब करने वाले एक शख्स के साथ.साथ दो ढाबे वालों को गिरफ्तार किया गया हैए जो अवैध तरीके से अपनी दुकानों में शराब बेचने में लिप्त थे।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये एलईडी जागरूकता वाहन रवाना



**गिरिडीह।** लोकसभा आम निर्वाचन व गांडेय विधानसभा उप चुनाव को लेकर जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का अभियान शुरू हो गया है। इसके तहत व्यापक जन जागरूकता को लेकर शनिवार को समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने एलईडी जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी सुनिश्चित की गई हैं साथ ही मतदाताओं को जागरुक भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को डिजिटल वैन को रवाना किया गया हैए जो गांवए कस्बोंए टोलों में जाकर लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करेगा खासकर वैसे बूथों में जहां पूर्व में मतदान प्रतिशत कम रहा है।

## गरीब कन्या के विवाह में बढ़े मदद के हाथ

**महुदा।** सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आठ गरीब लड़कियों के शादी मै सहयोग किया गया। संस्थापक सह सचिव अमल दास द्वारा आज जिला के विभिन्न क्षेत्रों में आठ गरीब लड़कियों के शादी में सहयोग किया गया जैसे बाघमारा प्रखंड के तारगा पंचायत भुरुगिया बस्ती के नाथू रवानी के पुत्री लीलमणि कुमारी एवं संजय रवानी के पुत्री डोली कुमारी पदुगोड़ा के रामेश्वर महतो की पुत्री अंजली कुमारीएकतरास के केलुडीह रामनगर गांव के ओमप्रकाश यादव के पुत्री प्रियंका कुमारी और तोपचाची प्रखंड के लक्ष्मनपुर गांव के गुजर राय के पुत्री लक्ष्मी कुमारी सुकुडीह गांव के अजमतउल्ला अंसारी के पुत्री रौशन प्रवीण तोपचाची गांव के सुनील ठाकुर के पुत्री आशा कुमारी एवं कोरकटा गांव के गुलाबचंद सिंह के पुत्री पायल कुमारी के शादी में सहयोग हेतु पांच पांच हजार रुपए का चेक और एक एक साडी दिया गया। मौके पर इरफान अंसारी संगीता देवी गिरीश रवानी मंजू देवी नूनीवाला देवी मौजूद थीं।

# भीषण गर्मी से लोग परेशान, सड़क पर छाई वीरानी

### कतरास बाजार में 10 बजे के बाद पसर जाता है सन्नाटा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** इन दिनों गर्मी में तापमान में बेतहाशा वृद्धि का असर लोगो में देखने को मिल रहा हैण भीषण गर्मी से न सिर्फ आमजन बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैण भीषण गर्मी का कहर क्षेत्र के सड़कों पर भी देखने को मिल



रहा हैण सड़कों से लोग गधे के शिर से सींग जैसे कहावत को चरितार्थ करते हुए गायब हो गए हैंण कतरास कांको से गोल बिल्डिंग धनबाद जाने वाले एट लेन रोड पर इक्का दुक्का वाहन नजर आ रहे हैंण इस रोड से गुजरने वाले लोग बेतहाशा गर्मी से परेशान हैंण रोड के किनारे लगे हजारों पेड़ए रोड बनाए जाने के दौरान काटे जाने से रोड किनारे कहीं रुकने का साधन नहीं हैण कतरास का हमेशा व्यस्त रहने वाला राहुल चौकए थाना चौकए भगत सिंह चौकए भटमुरना चौकए बस स्टेंडए नदी किनारे टेम्पो स्टेंड इस गर्मी के मौसम में वीरान नजर आ रहा हैण कतरास बाजार पचगढ़ी बाजार में भी दिन 10 बजे के बाद लोगो की आवाजाही अन्य दिनों के मुकाबले कम हो गई है। गर्मी से बचने के लिए शाम होने के बाद ही लोग खरीदारी के लिए अपने घरों से निकल रहे हैं। गर्मी से राहत देने वाले सामग्रियों यथा खीराए तरबूजए खरबूजाए ककड़ी इत्यादि की खूब बिक्री हो रही हैण इसके अलावा बाजार में विभिन्न किस्म के कोल्ड ड्रिंकए लस्सीए सत्तूए निम्बू पानी की बिक्री में इनदिनों काफी तेजी आई हैण लू के लहर से बचने के लिए लोग गमछा आदि लेकर चल रहे हैंण शनिवार के दिन दोपहर 3 बजे तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहाण गर्मी के कारण दुकानों में दिन भर कस्टमर का आना जाना कम रहता है।

## मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**कतरास।** पीयूष विहार हरिना स्थित संस्कार ज्ञानपीठ विद्यालय में इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गयाण मौके पर कक्षा नर्सरी से नवम तक के सभी कक्षाओं में प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को आकर्षक उपहारए उकृष्टता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गयाण इस अवसर पर विद्यालय निदेशक सह ट्रस्टीए बिरसा मुंडा एजुकेशनल ट्रस्ट डा मुकेश कुमार राय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को बधाई दिया।

# साहिबगंज : एक शाम खाटू वाले के नाम भजन संध्या कार्यक्रम में उमड़ी श्याम भक्तो की भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**मंडरो।** प्रखंड क्षेत्र के मिजाचौकी दुर्गा मंदिर प्रांगण स्थित हॉट बाजार में खाटू श्याम दरबार भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन श्याम परिवार अध्यक्ष सुनिल चौधरी व भोल्टू चौधरी की उपस्थिति में बड़े ही भक्ति भाव गीत संगीत कार्यक्रम के साथ आरंभ हुआ। जहां कार्यक्रम का आयोजन का शुभारंभ मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार के द्वारा फीता काट कर किया गया। वहीं इस कार्यकम में खांटू श्याम नरेश का बेहद ही आकर्षक प्रतिमा का पूजा किया गया। मौके पर श्याम परिवार के भल्टु चौधरी, बालेश्वर प्रसाद भगत, श्याम परिवार अध्यक्ष सुनिल चौधरी, राजीव जायशवाल, वीरेंद्र साह, प्रेम चौधरी, मुकेश जायसवाल, पशुपतिनाथ चौधरी, प्रमोद गुप्ता, उपमुखिया गणेश भगत, गुप्तेश्वर सोनी, गोलु चौधरी, संतोष कुमार, मनोज गुप्ता, चंदन वर्णवाल, गुड्डू चौधरी, विष्णु सोनी, अभ्यानंद भगत, कपिल मुनि भगत, अंकुश सोनी, सचिन जायसवाल, तुषार चौधरी, विष्णू भगत,राजु साह समेत कई अन्य श्याम भक्त मौजुद थे। अंजली द्विवेदी का आगमन जैसे हुआ श्याम भक्तों में उत्साह चरम सीमा पर पहुंच गया। अंजली द्विवेदी का भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद रात भर भक्ति गीत संगीत से श्याम भक्ति में लीन हो गए श्याम भक्त । एक शाम खाटू वाले के नाम, भजन संध्या कार्यक्रम पुरी तरह सफल रहा। रात भर श्याम भक्त अंजली द्विवेदी के गीत संगीत में नाचते झूमते रहे। शानदार माहौल, श्याम भक्ति में लीन दिखे श्याम भक्त। अंजली द्विवेदी अपने गीत संगीत से सभी श्याम भक्तों का दिल जीतने में कामयाब रहीं। अंजली द्विवेदी के आगमन से एक अलग सा उत्साह श्याम भक्तों में देखा गया। महिलाओ में जबरदस्त उत्साह देखा गया, महिलाओ की भीड़ शाम 7 बजे से सुबह 4 बजे तक लगी रही। वही रात में श्याम परिवार के सदस्यो के द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया था। मिर्जाचौकी बाजार, महादेववरन, लोहर पट्टी कॉलोनी समेत कई गांवों के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

# बोकारो : डीवीसी ने कंज्यूमर मीट में दिलाया उपभोक्ता हित का भरोसा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर 1 स्थित होटल हंस रीजेंसी के सभागार में आयोजित डीवीसी के विद्युत उपभोक्ताओं के साथ वातार्लाप में अध्यक्ष एस सुरेश कुमार ने कहा कि दामोदर घाटी निगम देश में गुणवत्तायुक्त बिजली उत्पादन वितरण और उपभोक्ताओं की समस्या के समाधान के लिए हमेशा तत्पर है।

मौके पर सदस्य तकनीकी एम रघुराम ने कहा कि डीवीसी उपभोक्ताओं को 24 घंटा बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। सदस्य सचिव जॉन मथाई ने कहा कि दामोदर घाटी निगम देश और विदेश में विद्युत की आपूर्ति कर रहा है। सदस्य वित्त अरूप सरकार ने डीवीसी की कार्यप्रणाली पर विस्तृत प्रकाश डाला और कहा कि डीवीसी का उत्थान देश और समाज के उत्थान से जुड़ा हुआ संगठन है। इस क्रम में डीवीसी के अध्यक्ष एस सुरेश कुमार ने उत्तम विद्युत उपभोक्ताओं के रूप में कोलकाता करवाईड मैहर एलायस सुंदरम स्टील प्राइवेट लिमिटेड और सियाजी इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। समारोह में सैकड़ों विद्युत उपभोक्ताओं ने भाग लिया और डीवीसी के कार्यकलापों की भूरी भूरी प्रशंसा की। समारोह में कार्यपालक निदेशक दिनेश कुमार सिंह राजेश कुमार अंजनी दबे सुभाष सिंह मनोज कुमार ठाकुर अभिजीत घोष राजीव रंजन सिन्हा आदि उपस्थित थे। समारोह का संचालन सर्वजीत सिंह और अरविंद कुमार ने किया।

## एक नजर में

### भाजपा नेता द्वारा पढ़ाई का खर्च उठाने वाली दोनो बच्चियां 10 की परीक्षा अच्छे नंबर से की पास



बेरमो। भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने 10वीं कक्षा के दो विद्यार्थियों के स्कूल फीस एवं पढ़ाई का 2023 में ज़िम्मा लिया था। इनमें से फुसरो नगर परिषद स्थित कल्याणी मोदी धोंडा निवासी स्व संजय कुमार सिंह की सुपुत्री रितीका कुमारी ने जैक 10वीं की परीक्षा में 84% एवं मधुकनारी निवासी स्व जगजीवन रविदास के पुत्र मुन्ना रविदास ने 87% अंक प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रकाश सिंह उनके आवास पहुंच कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### जरीडीह में चोर मस्त, पुलिस पस्त



बेरमो। जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बाराडीह में ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा चलायी जा रही सोसायटी जेएसएलपीएस के जौहर परियोजना अंतर्गत बाराडीह आजीविका उत्पादक समूह 2 के बेला कुमारी पति नरेश कुमार महतो के जमीन में 5 एचपी का सोलर चलित यंत्र लगाया गया था। जो बाराडीह के महुआ खेत में स्थापित था। जो चादर सीट के पंप हाउस के अंदर रखा गया था। वही जीरा देवी ने आवेदन देते हुए कहा कि 19 तारीख की रात को कुछ अज्ञात चोरों के द्वारा पम्प हाउस का ताला तोडकर 5 एचपी का सोलर मशीन चोरी कर लिया गया है। कहीं कि जोहार परियोजना से जुड़कर हमलोग खेती-बाड़ी करने में काफी सहयोग मिलता है। चोरी हो जाने से हमलोग को काफी परेशानी हो गई है। बताते चलें कि जैना आजिविका उत्पादक समूह का भी दिनांक 08/04/24 को अज्ञात चोरों द्वारा 5 एचपी का सिर्फ मशीन चोरी कर लिया गया था। वही दिनांक 09/04/24 को केन्दुआडीह में केन्दुआडीह आजीविका उत्पादक समूह में अज्ञात चोरों के द्वारा 5 एचपी का सोलर चलित यंत्र की चोरी कर लिया गया था। इस तीनों चोरी की घटना को जरीडीह थाना को लिखित सूचना दे दी गई है।

### साहिबगंज : मोटरसाइकिल सवार को ट्रक ने पीछे से मारा धक्का, एक की मौत एक घायल



तालझारी/संवाददाता।बोरीयो थाना क्षेत्र के बोरीयो-तीनपहाड़ सड़क के बीच धोगडा गांव के समीप एक सड़क दुर्घटना में तालझारी निवासी शिबू तुरी की इलाज के दौरान सदर अस्पताल साहिबगंज में मौत हो गई। तालझारी थाना क्षेत्र के झरना टोला निवासी उपिन राय 50 मोटरसाइकिल चला रहे थे और उनके पीछे शिबू तुरी बैठे थे बोरियों से अपनी बेटी की शादी की कार्ड बांटकर अपने घर तालझारी झरना टोला लौट रहे थे। शिबू तुरी की बेटी की शादी 26 अप्रैल शुक्रवार को थी। मोटरसाइकिल चालक उपिन राय ने बताया कि बोरियो थाना अंतर्गत धोगडा गांव के पास एक ट्रक ट्राली अपने पीछे से धक्का मार कर फरार हो गया। दोनों मोटरसाईकिल से नीचे गिर गए। जिससे पीछे बैठे शीबू तुरी का ट्रॉली से टकराकर सर फट गया और दाहिने पैर का दो उंगली कट गया जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उसकी हालत नाजुक है। वहीं मोटरसाइकिल चालक का सर में और पैर में चोट लग गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं इसकी सूचना बोरियो निवासी एक मोटरसाइकिल चालक जो अपने घर बोरियो जा रहे थे उनके द्वारा सड़क सुरक्षा योद्धा प्रजापति प्रकाश बाबा को दी गई। खबर मिलते ही आनंद-खनन में प्रजापति प्रकाश बाबा मौके पर पहुंचे तब तक बोरियो थाना क एएसआई एएसआई छविनाथ किस्कु दलबल के साथ पहुंचकर घायल दोनों व्यक्तियों को उठाकर बोरियों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टर चंदन कुमार एवं ड्रेसर जोगिंदर साभी, मनीष कुमार के द्वारा इलाज किया गया। शिवपुरी अपने पीछे दो पुत्री और एक पुत्र को छोड़ गए।

### साहिबगंज : हीट वेब का तांडव से मजदूर लू के चपेट मे, बेहोश होकर गिरा पहाड़ से, टूटा हाथ



बरहेट। आखिर नियति ने ट्रिगर दबा ही दिया है, अप्रैल माह मे ही तामपान 41 डिग्री सेल्सियस और गर्म हवा के थपेड़े से बचने के लिए लोग 12 बजते बजते अपने घरों मे सिमट जाने लगे हैं। हीट वेब का तांडव से खासकर दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लोगों का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इसका प्रभाव शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के रोहड़ा गांव निवासी प्रधान किस्कू 30 वर्ष लू के चपेट मे आकर पहाड़ से गिर गया जिसके उसका हाथ भी टूटा एवं शरीर के कई हिस्सों मे गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधान किस्कू जलावन की लकड़ी लाने हेतु पहाड़ चढ़ा था, और लू का शिकार हो गया जिससे वो बेहोंश होकर गिर पड़ा। समय रहते ही इस बात को परिजनों को पता चला जिससे आनन फानन मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया। जहां डॉक्टर संतोष सोरेन ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### बोकारो : मैट्रिक में श्रमिक पुत्री को पांचवां और गांव की बेटी को मिला दूसरा स्थान





बोकारो/तालगड़िया। जैक बोर्ड की ओर से आयोजित मैट्रिक की परीक्षा 2024 में चंदनकियारी प्रखंड के बाटबिनोर निवासी दिहाड़ी मजदूर पवन महतो की पुत्री वर्षा कुमारी जिले में पांचवें स्थान पर तथा अपने विद्यालय श्री महावीर जी उच्च विद्यालय में दूसरे स्थान पर रही। वर्षा के पिता करते हैं। वहीं महावीर महतो की पुत्री नेहा कुमारी जिले में दूसरे स्थान पर तथा अपने विद्यालय श्री महावीर जी उच्च विद्यालय में टॉप कर नाम रौशन किया है। नेहा के पिता मजदूरी करते हैं। वर्षा और नेहा ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षक और माता पिता को दिया है। प्राचार्य प्रदीप कुमार सोरेन ने कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस बार अच्छा है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### घटियाली के जाला में रामनवमी के दौरान घटित घटना का हुआ पटाक्षेप



बोकारो। रामनवमी पर्व के दौरान चास प्रखंड के घटियाली पश्चिमी पंचायत में दो पक्षों के बीच हुए विवाद का चास बीडीओ डा प्रदीप कुमार/सीओ दिवाकर दूबे पुलिस निरीक्षक चास एवं थाना प्रभारी के पहल पर पंचायत भवन में देर शाम दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक के बाद पटाक्षेप हो गया। बैठक में दोनों पक्षों ने पिछले दिनों हुई घटना पर दुख जताया। कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। भविष्य में इस तरह की कोई भी घटना घटित नहीं होगी। इसके लिए हम प्रशासन को आश्वस्त करते हैं। बैठक में दोनों समाज के सात सात लोग शामिल हुए थे। समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे हाजी हबीब एवं रवि केवट दोनों ने एक दूसरे को गला लगाकर सौहार्दपूर्ण माहौल में एक बार फिर से सभी मिलजुल कर रहने की बात कहीं। चास बीडीओ/सीओ पुलिस निरीक्षक चास/थाना प्रभारी ने बताया कि गांव का माहौल सामान्य हैं। सभी अपने अपने दिनचर्या में लौट आएं हैं। कहीं कोई तनाव की बात नहीं है। सभी आपसी भाईचारे के साथ समय व्यतीत कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों रामनवमी जुलूस के दौरान किसी बात को लेकर कुछ विवाद दोनों पक्षों में हो गया था। हालांकि प्रशासन की तत्परता एवं समाज के लोगों के सहयोग से स्थिति तुरंत नियंत्रण में आ गई थी वर्तमान में सब सामान्य हैं।

### साहिबगंज : उपायुक्त ने विभिन्न कोषांगो का निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश



साहिबगंज। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने लोकसभा चुनाव पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला जनसम्पर्क कार्यालय में बनाए गए पोस्टल बैलेट कोषांग, मीडिया-सह-हेल्प डेस्क कोषांग, सोशल मीडिया कोषांग व पुलिस लाईन विवाह भवन में बनाए गए सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया। इस दौरान पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की प्रक्रिया से जुड़े कार्यों की वस्तुस्थिति का निरीक्षण करते हुए संबंधित कोषांग के कमियों को उपायुक्त ने निर्देशित किया कि पोस्टल बैलेट से जुड़े नियमों के अनुपालन, बैलेट बॉक्स, होम पोल के लिए डिस्प्ले की व्यवस्था, फोल्ड करने का तरीका सही तरीके से सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने मतदान कार्यों में लगे सभी कर्मियों का पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराना सुनिश्चित करते हुए फॉर्म 12 एवं 12 डी के माध्यम से मतदान करने के लिए आए आवेदनों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके साथ ही सामग्री कोषांग निरीक्षण किए साथ ही दस्तावेजों एवं प्रपत्रों का अवलोकन कर नोडल पदाधिकारी, सामग्री कोषांग को सभी आवश्यक सामग्रियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनील कुमार उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### साहिबगंज : छठे टॉपर बना नीरज कुमार



राजमहल। प्रखंड क्षेत्र के मंगलहाट के डेढ़ गांव के निवासी राजेंद्र मंडल के पुत्र नीरज कुमार मंडल ने माध्यमिक परीक्षा में 468 अंक लाकर जिला में टॉप 10 में छठा स्थान हासिल किया। जिसमे हमारे अमृतसर ग्रुप ऑफ कॉलेज के झारखंड के एडमिशन हेड शुभम कुमार सिंह के तरफ से मिठाई खिलाकर और बैग और डायरी देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष विकास यादव उपस्थित थे।

### रोटरी के सदस्यों ने भिक्षुकों को पहनाया चप्पल



बोकारो। रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स क्लब के सदस्यों ने साईं मंदिर सेक्टर 6 सेक्टर 5 एवं सेक्टर 4 में भिखारियों के बीच चप्पल का वितरण किया। उन लोगों को चप्पल पहनाए जिनके पैरों में पहनने के लिए पर्याप्त जूते नहीं थे और वे नंगे पांव धूप में चलने को विवश थे। क्लब के प्रवक्ता अनूप अग्रवाल ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य लोगों के दुख और कठिनाई को कम करने और जीवन को आशावान बनाना है। अध्यक्ष अमीषा अग्रवाल ने कहा कि क्लब पूरी गर्मी इसी तरह जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर उनकी सहायता करने का प्रयास जारी रखेगा। मौके पर साक्षी जौहर अमित जौहर मिनी शिव अग्रवाल कविता राजा अलका जैन दिव्या पुनीत जौहर अनूप त्रिपाठी विकास जैन अनुपम गर्ग आदि मौजूद रहे।

### मानव सेवा आश्रम के बच्चों को कराया भोजन



**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स की ओर से नगर से सेक्टर 5 स्थित मानव सेवा आश्रम के बच्चों के लिए भोजन प्रदान किया गया। क्लब के सदस्यों ने मानव सेवा आश्रम के 50 बच्चों को भोजन प्रदान करके अन्नपूर्णा दिवस का उत्सव मनाया। साथ ही बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण भी किया गया। अध्यक्षा अमीषा अग्रवाल ने सामाजिक सद्भावना सहायता के प्रति क्लब की कटिबद्धता व्यक्त की। मौके पर शिव अग्रवाल मिनी कपूर अनूप अग्रवाल साजन कपूर दिव्या सनी अमित जौहर राजा जैन अलका आदि मौजूद रहे।

### नशे में धूत युवक एसपी के वाहन को रोका

दुमका। नशे में धूत बाईक सवार युवक अचानक एसपी के वाहन के सामने आ गया। इसके बाद बस स्टैंड के समीप अफरा-तफरी मच गया है। यह घटना शनिवार को उस समय घटी। जब एसपी पितांबर सिंह खेरवार नगर थाना का निरीक्षण कर आवास की ओर जा रहे थे। नशे में धूत युवक एसपी के वाहन के सामने आकर शोर-शराबा करने लगा। सूचना पर नगर थाना के थाना प्रभारी अमित लकड़ा और मुफस्सिल थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद युवक को हिरासत में लेकर नगर थाना पुलिस मेडिकल जांच करने को फुलो-झानों मेडिकल कॉलेज ले गई। इसके बाद मामला शांत हुआ और यातायात पुनः सुचारू रूप से बहाल हुआ। फिलहाल पुलिस युवक से पूछताछ में जुटी है।

## डीवीसी के अध्यक्ष एस सुरेश कुमार ने डीवीसी बेरमो माइंस का किया निरीक्षण, कहा

# रोजगार पैदा करने के लिए खदान को चालू करना जरूरी

>> बेरमो खदानों के हस्तांतरण से कोयला उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और डीवीसी खदान के आसपास सीसीएल की खदान के पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं का लाभ मिलेगा



खबर मन्त्र संवाददाता


**बेरमो।** डीवीसी के अध्यक्ष एस सुरेश कुमार ने शनिवार को झारखंड के बोकारो जिले में स्थित दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) की बेरमो माइंस का निरीक्षण किया।

उन्होंने माइंस के नक्शा देखा और स्थानीय अधिकारियो से विचार-विमर्श किया। कोयला उत्पादन को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने के लिए खदान को चालू करना जरूरी है। बताया कि खदान में लगभग 124 मीट्रिक टन वाशरी ग्रेड कोयले का भंडार है। यह खदान विभिन्न तकनीकी कारणों और खनन, संसाधनों और मंजूरी में विशेषज्ञता कीकमी के कारण 2017 से बंद है। संबंधित मंत्रालयों के मार्गदर्शन में सीसीएल और डीवीसी दोनों के लगातार प्रयास के बाद 13 अक्टूबर 2019 को सीसीएल के पूर्व सीएमडी गोपाल सिंह और सदस्य सचिव, डीवीसी, पीके मुखोपाध्याय की उपस्थिति में बेरमो माइंस का अधिग्रहण हुआ था।

जिसमे खदान के साथ सीसीएल 400 एकड़ से अधिक जमीन का अधिग्रहण भी करेगी। बेरमो खदानों के हस्तांतरण से कोयला उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और डीवीसी खदान के आसपास सीसीएल की खदान के पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं का लाभ मिलेगा। उत्पादन फिर से शुरू होने से न केवल रोजगार पैदा होगा।

बल्कि संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो सकेगा। अब देखना है कि सीसीएल या डीवीसी मे कौन खदान चालू करता है। इस अवसर पर डीवीसी के कई अधिकारी उपस्थित थे।

## डीसी ने अध्यक्ष से की मुलाकात



**बेरमो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के चेयरमैन एस सुरेश कुमार जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बोकारो पहुंचे थे। इस दौरान वह अपनी टीम के साथ समाहरणालय पहुंचें। जहां कार्यालय कक्ष में उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने भेंट किया। उपायुक्त ने फुल एवं पौधा देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान डीवीसी चेयरमैन व उनकी टीम ने उपायुक्त से विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया। मौके पर डीवीसी चंद्रपुरा के वरीय महाप्रबंधक सह एचओपी मनोज कुमार ठाकुर, वरीय महाप्रबंधक सुभाष सिंह, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, प्रबंधक एचआर डीवीसी चंद्रपुरा रविंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# साहिबगंज : पोस्टल बैलट पेपर कोषांग की समीक्षा बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन हेतु आज समहरणालय सभागार में पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग की बैठक अपर समाहर्ता राज महेश्वरम की अध्यक्षता में की गई। बैठक अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने बताया कि जिले के ऐसे मतदाता जो निर्वाचन की तिथि 01/06/24 को अपने कार्यों का निर्वहन करते हुए आवश्यक सेवा या मतदान कार्य में प्रतिनियुक्ति है। उन सभी कर्मियों को क्रमशः प्रपत्र 12डी तथा 12डी पार्ट (आवश्यक सेवा) एवं प्रपत्र 12 (निर्वाचन कर्मी) भरकर पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग में जमा कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, जिला अग्रिम बैंक, जिला परिवहन विभाग, डाक विभाग, परिवहन विभाग, चिकित्सा विभाग, विद्युत विभाग से आए प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि उनके अधीनस्थ कर्मियों का जल्द से जल्द 12 डी फॉर्म जमा कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जो साधारण निवासी है और 6 माह से निवास कर रहे हैं। उनको एपिक बनाने का निर्देश दिया गया है। मतदाता सूची मे नाम अंकित करने हेतु निकटवर्ती बूथ लेवल ऑफिसर से समन्वय कर या वोटर हेल्पलाइन की मदद से या प्रशिक्षण स्थल पर निर्वाचन कार्यालय के ऑपरेटर की सहायता से प्रपत्र 6 भर सकते हैं।

ऐसे मतदान कर्मी जो वर्तमान में साहिबगंज जिला अंतर्गत कार्यरत है किंतु उनका मतदाता सूची में झारखंड से बाहर नाम दर्ज है वे प्रपत्र 06 के साथ प्रपत्र 08भी भरना सुनिश्चित करेंगे।

# दुमका : मतदाता जागरूकता को लेकर दीवारों पर हुआ चित्रकला प्रतियोगिता





## विजेता प्रतिभागी को डीसी ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज शनिवार को समाहरणालय परिसर के बाहर, गांधी मैदान के समीप के दीवारों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा आम नागरिकों के 41 प्रतिभागियों ने अपनी चित्रकला का प्रदर्शन करते हुए मतदाता जागरूकता की थीम पर आधारित चित्र बनाए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान करने को लेकर संदेश दिया गया और मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसमें मुख्य रूप से मतदान की तिथि, मतदान की महत्वता, मतदान का समय इत्यादि की जानकारी थी।

इसके बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को समाहरणालय सभागार बुलाया। उन्होंने कहा कि आप लोगों में काफी प्रतिभाएं हैं। आप लोगों द्वारा मतदाता को मतदान करने के लिए बनाए गए पेंटिंग प्रशंसनीय है। दुमका में 01 जून को मतदान है। अधिक से अधिक लोगों के पास मतदान दिवस के संदेश को पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि आप अपने आसपास के लोगो को मताधिकार के महत्व को बताएं। सभी प्रतिभागियों के पेंटिंग देखने के उपरांत किए गए मार्किंग के अनुसार प्रथम, द्वितीय, तथा तृतीय पुरस्कार दिया गया। नौमित कुमार एंड ग्रुप को प्रथम, मयंक झा को द्वितीय तथा खुशी पांडे एंड टीम को तृतीय पुरस्कार मिला।

# संस्कृत ओलंपियाड में डीपीएस बोकारो के 6 को इंटरनेशनल रैंक 1 तो 34 ने जीते स्वर्ण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के 85 छात्र-छात्राओं ने आईओएफ द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संस्कृत ओलंपियाड में सफलता दर्ज की है। छह विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रैंक 1 पाया और तीन को जोनल रैंक 1 मिला। इन्हें मिलाकर कुल 34 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय बोकारो शहर एवं झारखंड का नाम गौरवान्वित किया है। इंटरनेशनल रैंक 1 पाने वालों में कक्षा छह से अदिरा दीप सातवीं कक्षा के उज्ज्वल पांडेय आराध्या सिंह एवं अवनी प्रियदर्शी तथा कक्षा 10 की प्राप्ति दास एवं अमोघ आनंद झा के नाम शामिल हैं। इन विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल गोल्ड बैज ट्रॉफी और सर्टिफिकेट मिले हैं। स्वर्ण पदक व गोल्ड बैज जीतने वालों में कक्षा 6 के कुंवर शौर्य व शशांक कक्षा 7 से ऋध्वि काव्या आदित्य लाल वंश राजवेद अभिनीत महापात्रा अक्षरा सिंह शारदा नंदिनी व आरुष कुमार सिन्हा कक्षा 8 से सौमिली मंडल आयुषी श्री अभिनव मंडल एवं पलक प्रिया कक्षा 9 के अनिमेष आनंद कक्षा 10 से अनुष्का प्रिया मन्नत मनीष आर्या सिंह आरव यश अर्पिता आर्या तान्या श्री शगुन वर्मा शिप्रा सिंह ऋद्धिम गुप्ता एवं आव्या सिंह के नाम शामिल हैं। इसी प्रकार उक्त प्रतियोगिता में 36 विद्यार्थियों ने रजत व 15 विद्यार्थियों ने कांस्य मेडल व बैज जीते। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने सभी सफल छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# साहिबगंज : देसी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल ने अपने कार्यकाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि एसपी साहिबगंज को मिली गुप्त सूचना के आधार पर राधानगर थाना अंतर्गत जंगलपाड़ा गांव के पास से साहिबगंज पुलिस के द्वारा छापामारी कर एक अपराधकर्मी को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति अपने घर पर देशी कट्टा रखा है और छोटी छोटी बातों में कट्टा निकालकर लोगों को जान से मार देने का धमकी देता है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर राधानगर थाना प्रभारी ने एक टीम गठित किया और जंगलपाड़ा में छापामारी कर शिव कुमार मंडल, पिता -मानीक मंडल को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया। आगे की कार्रवाई कर जेल भेजा गया।

## समय संवाद

अभी कुछ दिन पहले सरकार ने बचत योजनाओं पर ब्याज दर कम करने का एक ऐसा फैसला लिया था जिसे चौबीस घंटों से भी कम समय में ही वापस लेने की घोषणा वित्तमंत्री को करनी पड़ी। भारत में अगर कर प्रणाली की बात करें तो मनुस्मृति और वेदों से लेकर कौटिल्य के अर्थशास्त्र में इसका स्पष्ट एवं सुव्यवस्थित उल्लेख मिलता है। भारत के प्राचीन ग्रंथों में राजा के द्वारा लिए गए कर एवं राजस्व पद्धति की व्याख्या राजा के शासन संबंधी सेवाओं के वेतन के रूप में किया गया था।कृषकों से प्राप्त राशि को बलि तथा विक्रय वस्तु से प्राप्त राशि को शुल्क कहा जाता था जो सामान्यतः उसके मूल्य का छटवां अथवा आठवां हिस्सा होता था। वहीं कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी विस्तारपूर्वक राजकीय आय के स्रोतों का वर्णन किया गया है।

# देश कर वसूली में आगे नागरिक सुविधा में पीछे

**डॉ. नीलम महेंद्र**

**कर** प्रणाली की बात करें तो मनुस्मृति और वेदों से लेकर कौटिल्य के अर्थशास्त्र में इसका स्पष्ट एवं सुव्यवस्थित उल्लेख मिलता है। भारत के प्राचीन ग्रंथों में राजा के द्वारा लिए गए कर एवं राजस्व पद्धति की व्याख्या राजा के शासन संबंधी सेवाओं के वेतन के रूप में किया गया था। वैदिक काल में भी ग्राम वासियों द्वारा कृषि एवं पशु संपति पर एक निर्धारित राशि बलि के रूप में चुकाई जाती थी। कृषकों से प्राप्त राशि को बलि तथा विक्रय वस्तु से प्राप्त राशि को शुल्क कहा जाता था जो सामान्यतः उसके मूल्य का छटवां अथवा आठवां हिस्सा होता था। वहीं कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी विस्तारपूर्वक राजकीय आय के स्रोतों का वर्णन किया गया है। मौर्यकाल में भू राजस्व समेत अनेक शुल्क नगरवासियों पर लगाए जाते थे जैसे,1. षड भागः छठवें अंश के रूप में प्राप्य राज कर2. सेना भक्तः युद्धकाल में राज्यादेश से प्रजा जनों द्वारा प्राप्त खाद्य पदार्थ 3. बलिः करों के अतिरिक्त अन्य उपहार के रूप में प्राप्त धन4. करः अधीनस्त राजाओं से मिलने वाला कर5. उत्संगः उत्सव आदि अवसरों पर भेंट स्वरूप प्राप्त वस्तुएं



6. पाश्वः नियत कर से अधिक की वसूली

7. पारीहीणकः पशुओं द्वारा खेत आदि की हुई हानि के कारण पशु स्वामी को दिए गए अर्थ दंड से उपलब्ध धन8. औपयानिकः राजा को उपहार में प्राप्त धन 9. कौष्टेयकः खुदाई से सहसा प्राप्त धन।करों की इतनी वृहद व्याख्या करने के साथ साथ कौटिल्य ने राजा और प्रजा दोनों के लिए यह भी स्पष्ट किया है कि राज्य कर आदि का अधिकारी है तो प्रजा के प्रति उसके कर्तव्य भी हैं। और प्रजा कर देने के लिए कर्तव्यबद्ध है तो उसके अधिकार भी हैं, अगर राजा कर लेने के बाद भी अपने कर्तव्यों का ठीक से निर्वहन नहीं करता तो प्रजा उसके प्रति अपनी निष्ठा छोड़ सकती है।

मध्यकालीन भारत में विभिन्न रियासतों का वर्चस्व था जो अपने अपने हिसाब से प्रजा से कर लेती थीं। सल्तनत काल से लेकर मुगल काल में यह कर छठवें हिस्से से बढ़कर आय के आधे हिस्से तक पहुंच गया था। आधुनिक भारत में आयकर प्रणाली 1857 के विद्रोह के बाद ब्रिटिश सरकार पर आए वित्तीय संकट के कारण 1860 में अंग्रेजों द्वारा लाई गई थी। मजेदार बात यह है कि भारत के तत्कालीन ब्रिटिश वित्तमंत्री जेम्स विल्सन ने भी आयकर की शुरूआत करते हुए मनु को उद्दत किया था।1886 में भारत में इनकम टैक्स एक्ट पास हुआ था तब से उसमें कई बार बदलाव किए गए। प्रथम विश्व युद्ध के पश्चात 1918 में फिर 1922 में नया एक्ट लाया गया। स्वतंत्र भारत में वर्तमान में जो आयकर कानून चल रहा है वो 1 अप्रैल 1962 को लागू किया गया था।

भारत में दो प्रकार के कर लिए जाते हैं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर। 2017 में जीएसटी लागू कर के अप्रत्यक्ष करों में क्रांतिकारी बदलाव लाकर कर सुधारों की तरफ एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया था। प्रत्यक्ष करों में भी सरकार हर बजट में कुछ बदलाव करती रहती है।

लेकिन इसके बावजूद जब विश्व के देशों की टैक्स कंपेटेटिव इंडेक्स 2020 की रिपोर्ट आती है तो 36 देशों की इस सूची में न्यूजीलैंड, अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, फ्रांस, जर्मनी और पुर्तगाल जैसे देशों के नाम हैं लेकिन भारत का कोई स्थान नहीं है।

जब व्यक्तिगत आयकर वसूलने वाले देशों से तुलना की जाती है तो वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में यह 37%, न्यूजीलैंड में 39% और भारत में 35.88% है। जीएसटी की बात की जाए तो भारत में 28% के साथ यह 140 देशों की तुलना में सबसे ज्यादा है 27 % के साथ दूसरे स्थान पर अर्जेंटिनिया है जबकि यूके और फ्रांस में यह 20% तो सिंगापुर में 7% है।

# गुरु जो सेवा देते हैं उसी का नाम है भक्ति

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



हम द्धैत कैसे हैं? हम अद्धैत कैसे हैं? सत्य दो नहीं होता है। अनुभव से हम द्धैत है और व्यवहार में अद्धैत हैं। यहअनुभव है इसे काटा नहीं जा सकता है। सत्य सर्वव्यापक है। मुझे कोई पराया नहीं लगता है। गुरु से मिला ज्ञान कहीं दूसरे स्थान पर प्राप्त ज्ञान से बहुत व्यापक होता है। मुझे जो ज्ञान मेरे गुरुदेव सरकार से प्राप्त हुआ वह कहींऔर प्राप्त हो ही नहीं सकता था।

**राम ही केवल प्रेम प्यारा**
**एक राम दशरथ का बेटा**
**एक राम घर-घर में लेटा**
**एक राम का जगत पसारा**
**एक राम है सबसे प्यारा**

हमारे सरकार स्वामी जी महाराज का एक मात्र चिंतन था संसार से दुख कैसे समाप्त हो। तन-मान और धन की शक्ति सीमित होती है। यह शक्ति दुनिया मेंलगती है। पिता आपको वैश्य, शुद्र, ब्राम्हण औरक्षत्रिय बनाता है। गुरु आपको भक्ति युक्त और संसार के जंजालों से मुक्त बनाता है। भक्ति में दुनिया का सबसे बड़ा आनंद है।

गुरु जो सेवा देते हैं उसी का नाम है भक्ति।

किसी भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आंरभ होती है। धीरे-धीरे आंरभ होकर वह प्रकिया बड़ा रुप ले लेती है। काई भी प्रकिया में आंरभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आंरभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धर्य से ही निमार्ण होता है। भक्ति का निमार्ण भी जीवन में धर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थो का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रंह्म ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी। तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है। राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रंह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया। वशिष्ठ ने कहा आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रंम्हचर्य, गृहस्थ,वानप्रस्त और सन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है। गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है। जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जीया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है। (ब्रम्ह विद्यालय आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर, शाखा कुटी रांची)

# पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी को बचाने का लें संकल्प

**मनोज कुमार सिन्हा**

**पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल की थीम है ग्रह बनाम प्लास्टिक।**

**पृथ्वी दिवस 2024: प्लास्टिक मुक्त भविष्य के लिए एकजुट होना**

प्लास्टिक कचरा एक बड़ी पर्यावरणीय चुनौती बन गया है, जिसका हमारे पारिस्थितिकी तंत्र, वन्यजीव और मानव स्वास्थ्य पर विनाशकारी प्रभाव पड़ रहा है। 22 अप्रैल को मनाए जाने वाले इस साल के पृथ्वी दिवस की थीम है ₹ग्रह बनाम प्लास्टिक। अर्थ डे.ओआर जी इस अभियान का नेतृत्व कर रहा है, जो 2040 तक सभी प्लास्टिक के उत्पादन में 60 प्रतिशत की कमी लाने और प्लास्टिक-गहन फास्ट फैशन उद्योग को समाप्त करने की मांग कर रहा है।

पृथ्वी दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को किया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य पृथ्वी की संरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को जागरूक करना है। यह दिन विभिन्न तरीकों से दुनिया भर में मनाया जाता है, जैसे कि पौधरोपण, पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम, सेमिनार, प्रदर्शन, आदि। पृथ्वी दिवस का मुख्य संदेश है कि हमें प्रकृति के साथ संतुलन में रहना है और हमें अपने पर्यावरण की देखभाल करनी चाहिए। इस दिन के माध्यम से, हमें यह याद दिलाया जाता है कि हमें प्रकृति के साथ एक संतुलित और सहयोगी संबंध बनाए रखने की आवश्यकता है, ताकि हम समृद्धि और सुरक्षा के साथ जीवन जी सकें।

पृथ्वी दिवस की शुरूआत 1970 में हुई थी, जब एक गैर-सरकारी संगठन ने पृथ्वी के पर्यावरणीय मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए इसे मनाने का निर्णय किया। उस समय से लेकर, पृथ्वी दिवस प्रतिवर्ष अधिक लोगों और संगठनों द्वारा मनाया जाता है, और यह एक महत्वपूर्ण अवसर बन चुका है जब मानव समुदाय प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों को दोबारा सोचता है।

पर्यावरण संरक्षण एजेंसी की स्थापना 1970 में पहले पृथ्वी दिवस समारोह के बाद की गई थी। 1990 में, 141 देशों में 200 मिलियन लोगों को संगठित करके पृथ्वी दिवस एक वैश्विक घटना बन गया। अमेरिका, ब्रिटेन, चीन और 120 अन्य देशों ने विश्व पृथ्वी दिवस 2016 पर ऐतिहासिक पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसे 2015 में पेरिस में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में उपस्थित 195 देशों की




आम सहमति से अपनाया गया था। पृथ्वी दिवस सप्ताह के दौरान, कई समुदाय ऐसी गतिविधियों में संलग्न होते हैं जो मानव जाति के सामने आने वाले पर्यावरणीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। पृथ्वी दिवस 2020 (50वीं वर्षगांठ) पर, दुनिया भर में लगभग 100 मिलियन लोगों ने विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। इस आयोजन को अब इतिहास में सबसे बड़ा ऑनलाइन सामूहिक जुटान कहा जाता है।

### विश्व पृथ्वी दिवस का महत्व

हालाँकि पृथ्वी की रक्षा करना पृथ्वी दिवस का एक निरंतर विषय रहा है, लेकिन कार्रवाई का आह्वान साल दर साल और भी जरूरी होता जा रहा है। अगस्त 2021 में, जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की छठी आकलन रिपोर्ट प्रकाशित हुई। यह नवीनतम रिपोर्ट इतनी परेशान करने वाली थी कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इसे ₹मानवता के लिए एक चेतावनी₹ कहा।

पृथ्वी दिवस के आयोजन के माध्यम से, विभिन्न संगठन, सरकारी विभाग, शैक्षिक संस्थान, और व्यक्तिगत स्तर पर लोग पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाने और इसे समर्थन करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। इन कार्यक्रमों में, प्रदर्शन, सेमिनार, पौधरोपण, कचरा संग्रह अभियान, पर्यावरण शिक्षा के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता, आदि जैसे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

पृथ्वी दिवस के माध्यम से लोग प्रकृति के महत्व को समझने के साथ-साथ, उसकी रक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध होते हैं। वे पृथ्वी के अनुपातित संसाधनों का उपयोग कम करने, प्रदूषण को कम करने, और पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के लिए कई कदम उठाते हैं।

**पृथ्वी दिवस के महत्व को समझते हुए, सरकारें और संगठन भी पृथ्वी के पर्यावरणीय**

संरक्षण के लिए नीतियों और कदमों को बढ़ावा देते हैं। वे नई और नई प्रोजेक्ट्स की शुरूआत करते हैं, पौधरोपण के लिए अभियान चलाते हैं, प्रदूषण नियंत्रण के लिए उपाय अपनाते हैं, और जनता को पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाते हैं।

इस पृथ्वी दिवस पर, हमें यह सोचने का अवसर मिलता है कि हम अपने समुदाय और पर्यावरण के लिए क्या कर सकते हैं। हमें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ानी चाहिए, जैसे कि ऊर्जा की बचत करना, पर्यावरण के लिए साइकिल या कार-पूलिंग का प्रयोग करना, और प्लास्टिक और अन्य कचरे का सही तरीके से निस्तारण करना।

आखिरकार, पृथ्वी दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी पर्यावरण के हिस्से हैं और हमें इसकी देखभाल करने का दायित्व है। इसके साथ ही, यह हमें एक साथ आगे बढ़ने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करने का मौका भी देता है।

# गुस्सैल लाइफपार्टनर के साथ ...

**रवि सिन्हा**

**अगर** आप रिलेशनशिप में हैं और आपके पार्टनर को हर छोटी-बड़ी बात पर गुस्सा आता है । अगर आपके पार्टनरको बिना बात के भी गुस्सा आता है तो आपका परेशान होना लाजिमी है। ऐसे में कई बार पार्टनर को हैंडल करने का तरीका भी समझ में नहीं आता है आप चाहें तो अपने गुस्सैल पार्टनर को डील करने के लिए इन टिप्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।

हो सकता है कि वो बिना बात के न भड़क रहे हों। उन बातों और स्थितियों पर गौर कर उनका आकलन करें ताकि आप जान सकें कि उनको कब और क्यों गुस्सा आता है। कोशिश करें कि वैसे हालात बनें ही न, जिनसे आपके पार्टनर को गुस्सा आता ह। 2. अगर आपकी कोई हरकत या आदत पार्टनर को कम पसंद है तो उन्हें उनके सामने करने से बचें। इसका यह मतलब नहीं है कि आप खुद को बदल दें पर उनके सामने अवॉइड करना ही बेहतर रहेगा। 3. ऐसे लोग हमेशा दूसरों की कमियां गिनाते रहते हैं। दूसरों पर आरोप लगाना और कॉन्ट्रोवर्सी क्रिएट करने में इन्हें बहुत मजा आता है। बेहतर रहेगा कि आप उनकी गैरजरूरी बातों का कोई जवाब ही न दें। 4. कई लोग इसी वजह से डिप्रेशन में रहते हैं कि उन्हें सुनने-समझनेवाला कोई नहीं होता है। जब वे गुस्से में हों तो उनकी मानसिक स्थिति को समझकर उनकी बात सुन लीजिए. हो सकता है कि धीरे-धीरे उनका गुस्सा कम हो जाए। 5. जब पार्टनर का मूड अच्छा हो तो उनसे बात करें। उन्हें उनकी गलत आदत और व्यवहार के बारे में बताएं। उन्हें समझाएं कि उनके ऐसे व्यवहार से आपको कितनी तकलीफ होती है। इससे उन्हें भी अपने खराब व्यवहार को समझने में मदद मिलेगी।

6. गलती हो तो मानने से न झिझकें। इससे भी आपके पार्टनर का गुस्सा कम हो जाएगा। जब भी बात गलती की हो तो अपने ईगो को एक तरफ रख दें। इससे बात तुरंत संभल जाएगी। 7. जब भी पार्टनर को गुस्सा आए तो रिएक्ट करने या उन्हें चुप कराने की कोशिश के बजाय उन्हें थोड़ा टाइम दें।

# हरी मिर्च में मौजूद है पोषक तत्व



भारत ही एक ऐसा देश है जहां पर हरी मिर्च का प्रयोग भोजन में काफी किया जाता है। भारतीय हरी मिर्च में एक औषधी के समान है जिसमें शरीर के कई रोगों को खत्म करने की ताकत है। हरी मिर्च में कई स्वास्थ्य वर्धक गुण समाए होते हैं, इसलिये हमें इसे नियमित तौर पर अपने खाने में शामिल करना चाहिए। जानें हरी मिर्च के ये फायदे....

**1. रक्तचाप**

रक्तचाप को नियंत्रित करने में हरी मिर्च काफी फायदेमंद होती है। मधुमेह होने की स्थिति में भी हरी मिर्च में रक्तचाप का स्तर नियंत्रित रखने के गुण होते हैं।

**2. पाचन सुधरता है**

हरी मिर्च खाना जल्दी पचा देती है। साथ ही, शरीर के पाचन तंत्र में भी सुधार कर देती है। इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। इसीलिए यह कब्ज दूर करती है।

**3. आयरन बढ़ाए**

महिलाओं में अक्सर आयरन की कमी हो जाती है लेकिन अगर आप हरी मिर्च खाने के साथ रोज खाना खाएंगी तो आपकी यह कमी भी पूरी हो जाएगी।

**4. बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाव**

हरी मिर्च में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो कि संक्रमण को दूर रखते हैं। इसीलिए हरी मिर्च को खाने से आपको संक्रमण के कारण होने वाले त्वचा रोग परेशान नहीं करेंगे।

**5. दमे के रोगी के लिए मददगार**

हरी ताजी मिर्च का एक चमच रस, शहद में मिलाकर खाली पेट खाने से दमे के रोगी को राहत मिलेगी। इस का प्रयोग दस दिनों तक करने से लाभ होगा।

**6. कैंसर से राहत दिलाती है हरी मिर्च**

हरी मिर्च में ल्ल३-ङ्क७ील्ल३२ होते है जो शरीर की इम्युनिटी को बढ़ाते है और कैंसर से लड़ने में मदद करते है इसलिए हरी मिर्च का खाने के साथ सेवन करें।

**7. शुगर से आराम देती है हरी मिर्च**

2 हरी मिर्च पूछ समेत एक गलास पानी में रात को भिगोकर रखें और सुबह खाली पेट मिर्च को निकाल कर पानी पीए। इस विधि का एक हफ्ते तक प्रयोग करे ऐसा करने से शुगर कन्ट्रोल में आ जाती है।

**8. स्किन के लिए मददगार है हरी मिर्च**

हरी मिर्च के अंदर बहत सारे विटामिन पाए जाते है जो स्किन के लिए फायदेमंद होते है अगर आप तीखा खाते है तो आपकी त्वचा में निखार आ जाता है। लेकिन इतना तीखा भी नहीं खाना चहिए कि आप को नुकसान हो।

**9. फेफड़ों के कैंसर का खतरा कम करे**

हरी मिर्च का सेवन करने से फेफड़ों के कैंसर का खतरा काफी कम हो जाता है। इस बात का ध्यान धूम्रपान करने वालों को ज्यादा रखना चाहिए क्योंकि वे रोजाना अपने फेफड़ों का थोड़ा सा हिस्सा हवा में उड़ा देते हैं।

**10. मर्दो के लिए हरी मिर्च फायदेमंद**

मर्दों को हरी मिर्च खानी चाहिए क्योंकि उन्हें प्रोस्टेट कैंसर का खतरा रहता है। कई वैज्ञानिक शोधों में यह साबित हो चुका है कि हरी मिर्च खाने से प्रोस्टेट की समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाती है।

**11. पाचन सुधरता है**

हरी मिर्च खाना जल्दी पचा देती है। साथ ही, शरीर के पाचन तंत्र में भी सुधार कर देती है। इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। इसीलिए यह कब्ज दूर करती है।

# दूध में मिलावट को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन

**अखिल** भारतीय ग्राहक पंचायत राष्ट्रीय स्तर पर एक स्वयंसेवी संगठन है जो विगत पांच दशकों से ग्राहक जागरन, ग्राहक प्रशिक्षण और ग्राहक समस्या का समाधान के लिये समर्पित है। संगठन देश के 400 जिलों में काम कर रहा है। संगठन दूध में मिलावट कोलेकर पूरे देश में जागरूकता और प्रशासन को सचेत करने का अभियान चला रहा है। संगठन चाहता है कि इस दिशा में ठोस कार्रवाई और समुचित समाधान हो।

एफएसएसएआई के अनुसार देश भर में लगभग 70 प्रतिशत दूध के नमूने मिलावटी पाये गये हैं। कुछ राज्यों में शत प्रतिशत दूध के नमूने एफएसएसएआई द्धारा निर्धारित दूध मानको के अनुसार नहीं है।

14 प्रतिशत नमूनो में डिटजेंट पाया गया। एफएसएसएआई ने कुल 1791 नमूने का परीक्षण किया जिनमें 46 प्रतिशत दूध जल मिलावट के कारण कम सॉलिड नॉट फैट की श्रेणी में थे और लगभग 548 नमूनों में स्कीम मिल्क पावडर की उपस्थिति पाई गयी। जिनमें से 477 नमूनों में ग्लूकोज पाया गया। सिथेंटिक और मिलावटी दूध और दूध के उत्पाद यूरिया डिटजेंट रिफाइंड तेल कास्टिक सोडा बोरिक एसिड आदि का उपयोग करके तैयार किये जाते हैं। इस प्रकार के मिलावट उन जिलों में अधिक है जहां दूध की मांग अधिक है।इससे आम नागरिक और बच्चों को बीमारी काशिकार होना पड़ता है। व्यापारियों पर ठोस कार्रवाई न होने से इस प्रकार का व्यापार लगातार फल-फूल रहा है और दूध में मिलावट जारी है।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत आवेदन के माध्यम से यह मांग करती है कि-

रांची सहित सभी जिलों में फूड टेस्टिंग मोबाइल वैन होनी चाहिए।

दूध एवं खाद्य पदार्थो में मिलावट रोकने हेतू फ्लाइंग स्क्वायड का गठन होना चाहिए। जिसमें एक प्रतिनिधि ग्राहक संगठन का भी शामिल हो।

जिले में सैंपल की जांच हेतू प्रत्येक प्रखंड स्तर पर प्रशासन की ओर से निःशुल्क ऑपन टेस्टिंग सेंटर खुला जांच केन्द्र होना चाहिए।

जिले में पर्याप्त फूड इंस्पेक्टर की नियुक्ति की जाए जिससे त्वरित कार्रवाई की जा सके।

प्रशासन की ओर से जांच करने पर जब दूध में मिलावट की मात्रा पाई जाती है तो इसका वृहद रुप से प्रचार-प्रसार मीडिया अखबार के माध्यम से होना चाहिए। इससे आम नागरिक भी जागरुक होंगे।

मिलावटी दूध का सेवन करने से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। जैसे पेट खराब होगा,उल्टी दस्त, एलर्जी का होना, किडनी लीवर और हार्ट को नुकसान होना , रोग प्रतिरोधक क्षमता का कम होना और कैसर जैसी गंभीर बीमारियों का होना।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायल ने रांची जिला प्रशासन से सिथेंटिक और मिलावटी दूध के उत्पाद में शामिल लोगों पर अपराधिक कार्रवाई करने की मांग करता है। जिस क्षेत्र में दूध की मिलावट पाई जाए उस क्षेत्र में पदस्थापित अधिकारी पर भी कार्रवाई की जाए।

इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई होती अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के झारखंड प्रांत के अखिल भारतीय सचिव आर अजय जिला संयोजक आलोक कुमार सिंह ने सहित सदस्यों ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से सौंपा है। निश्चित ही इस मिलावटी दूध के प्रकरण में संगठन सजग और निश्चित कार्रवाई के लिये तत्पर है।

# देश के इन पयर्टन स्थलों पर अवश्य जायें

**मिताली जैन**

**प्रदेश**

## कूर्ग, कर्नाटक

'स्कॉटलैंड ऑफ इंडिया' के नाम से जाना जाने वाला कूर्ग पश्चिमी घाट की गोद में दक्षिणी कर्नाटक में स्थित एक छोटा सा हिल स्टेशन है। यह जगह अपने कॉफी बागानों से लेकर मौसम, खूबसूरत गांव और वॉटरफॉल आदि के लिए प्रसिद्ध है। यहां के नागरहोल नेशनल पार्क और तलकवेरी वन्यजीव अभयारण्य में वनस्पतियों और जीवों की विविधता है। यदि आप दैनिक जीवन की एकरसता से बचकर प्रकृति के करीब जाना चाहते हैं तो यह एक आदर्श स्थान है।

## खज्जियार, हिमाचल

खज्जियार को आमतौर पर 'भारत के मिनी स्विट्जरलैंड' के रूप में जाना जाता है। यहां के घने जंगल, हरी घास के मैदान और सुंदर बर्फ से ढकी पहाड़ की जगहें प्रकृति प्रेमियों के लिए एक आदर्श स्थान हैं। अगर आप एंडवेचर्स एक्टिविटी करना पसंद करते हैं तो जॉबिंग, ट्रेकिंग, पैराग्लाइडिंग और घुड़सवारी का आनंद यहां पर ले सकते हैं। यहां पर कलातोप वन्यजीव अभयारण्य है जो विदेशी वनस्पतियों और जीवों के लिए घर है। इसके अलावा 12 वीं शताब्दी का खज्जी नागा मंदिर और खज्जियार झील यहां का प्रमुख आकर्षण है।

## पिथौरागढ़, उत्तराखंड



उत्तराखंड के पूर्वी जिले में स्थित, पिथौरागढ़ में प्राकृतिक सुंदरता, उच्च ऊंचाई वाले घास के मैदान और कुछ ऐतिहासिक आकर्षण हैं। यह कैलाश और मानसरोवर के पवित्र मंदिरों के लिए ट्रेक का शुरूआती बिंदु है। और, नंदादेवी, नेपाल के अप्पी और पंचाचूली की शक्तिशाली चोटियों के मनोरम दृश्य इस जगह से स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। पर्यटक स्थलों में से पिथौरागढ़ किला, असकोट अभयारण्य काफी फेमस है। यह अभयारण्य कई प्रकार की वनस्पतियों और जीवों और काफनी ग्लेशियर ट्रेक की एक विस्तृत श्रृंखला का घर है।

## मुन्नार, केरल

अपनी चाय और मसाले के बागानों के लिए प्रसिद्ध हिल स्टेशन मुन्नार में प्रकृति की गोद में कुछ वक्त अकेले के साथ बिताने के लिए एक अच्छी जगह है। यहां पर आप कैम्पिंग, पैरासेलिंग, बर्डवॉचिंग, ट्रेकिंग, वाइल्डलाइफ स्पॉटिंग, फिशिंग, बोटिंग और रॉक क्लाइम्बिंग जैसी कई एक्टिविटीज कर सकते हैं। यहां के कुछ टूरिस्ट आकर्षणों में इको पॉइंट और कुंडला झील शामिल हैं।

# गर्मी के चलते बदला स्कूलों का समय, आदेश जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिले में बढ़ती गर्मी और चल रही लू को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने आदेश जारी किया है। यह आदेश सरकार के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने ज्ञापांक 52, दिनांक 20/04/2024 से जारी किया है। इस आदेश के तहत सभी कोटि के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में कक्षा संचालन के लिए समय सारणी का निर्धारण किया है।

### सुबह सात बजे से संचालित होंगी कक्षाएं

इसके तहत पहली अथवा केजी से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं सुबह के सात बजे से 11:30 बजे तक तथा 9वीं से लेकर ऊपर तक की कक्षाएं सात बजे से लेकर 12 बजे तक संचालित होंगी। इस दौरान प्रार्थना सभा के साथ-साथ खेल कूद जैसी गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है।

इसके अलावा मध्याह्न भोजन को नियमित रूप से जारी रखने का निर्देश दिया गया है। यह आदेश 22 अप्रैल से प्रभावी होगा।

# भीषण गर्मी से जन जीवन अस्त व्यस्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** पिछले तीन दिनों से चल रहे लू के भीषण प्रकोप से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बताते चलें कि गर्मी इतनी है कि सूर्योदय होने के साथ ही सूर्य की तपिश बढ़ने लगती है, सुबह नौ बजने तक तापमान में इतनी जबरदस्त गर्म हो जाती है कि बिना छाता या सर पर कपड़ा रखे निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं



### सोमवार से लागू होगी नयी समय सारणी

शिक्षा विभाग की ओर से जारी किये गए आदेश में सभी सरकारी और निजी स्कूलों में केजी से लेकर क्लास आठ तक की कक्षाओं को सुबह 7 बजे से 11.30 बजे तक संचालित करने का आदेश दिया गया है। वहीं क्लास 9 से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 7 से 12 बजे तक ही संचालित होंगी।

गर्मी के कारण सर्वाकि परेशानी स्कूली बच्चों को झेलनी पड़ रही है, क्यों कि लगभग सभी स्कूल दोपहर के वक्त में ही छुट्टी की जाती है। वहीं पड़ रही भीषण गर्मी और लू की वजह से शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने आदेश जारी कर सभी स्कूलों को 22 अप्रैल से नये समय सारिणी के अनुसार खोलने और बंद करने का आदेश जारी किया है।

## स्पीड न्यूज

### डीसी ने वर्चुअल वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**चतरा।** चतरा-4 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वर्चुअल वैन को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### निवार्ची कोषांग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक

**चतरा।** समाहरणालय सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप की अध्यक्षता में निवार्ची कोषांग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में लोकसभा आम चुनाव 2024 चतरा-4 के लिए अधिसूचना 26 अप्रैल 2024 को जारी होगी, जिसकी जानकारी दी गई। सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए।

### प्लांट में आग लगने से करोड़ों रुपये का हुआ था नुकसान

**चतरा।** जिले के टंडवा में स्थित सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट में शुक्रवार दोपहर को भीषण आग लग गई, जिससे प्रबंधन की विफलता उजागर हो गई है। इस घटना से लोगों में चिंता है कि भविष्य में भी इस तरह की दुर्घटनाओं से बड़ा नुकसान हो सकता है। प्रबंधन बड़े जानमाल के नुकसान से बचने पर राहत जता रहा है, लेकिन भविष्य में ऐसी लापरवाहियों से बड़ी घटनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। कुछ साल पहले 7 मार्च 2022 को सिम्प्लेक्स कंपनी में आग लगने की घटना हुई थी, जिसके लिए आंदोलनकारियों को जिम्मेदार ठहराया गया था।

### महागठबंधन प्रत्याशी का बहिष्कार करने की घोषणा

**चतरा।** आगामी 20 मई को होने वाले चतरा लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान जोरों पर है। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं को रिझाने में जुटे हैं, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी विवादों में घिर गए हैं।

### शपथ पत्र

मैं, फुलो देवी पति बंधना लोहरा निवासी ग्राम बदला चटकपुर पोस्ट बदला थाना सेन्हा जिला लोहरदगा एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान देती हूँ:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड सं0 2688 98693705 है जिसमें मेरा नाम FULO DEVI दर्ज है जो सही है।
3. यह कि रिकार्ड ऑफिस में मेरा नाम भूलवश PHOOLO DEVI दर्ज है जो गलत है।
4. यह कि उक्त ऑफिस में PHOOLO DEVI के स्थान पर मेरा सही नाम FULO DEVI सुधार किया जाए इस निमित यह शपथ पत्र सम्पादित कर रही हूँ।
5. यह कि उपरोक्त दिये गये तथ्य मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है गलत पाये जाने पर मैं दण्ड का भागी बनूंगी।

यह शपथ पत्र आज दिनांक 06.02.2024 ई0 को लोहरदगा जिला में संपन्न किया गया।

नोटरी पब्लिक, लोहरदगा
शपथ पत्र संख्या 2506

### शपथ पत्र

मैं, रेखा कुमारी पिता बंधना लोहरा निवासी ग्राम बदला चटकपुर पो० बदला थाना सेन्हा जिला लोहरदगा, झारखण्ड, एतद द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान करती हूँ कि:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का मूल निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड सं0- 8391 9954 3844 है, जिसमें मेरा जन्म तिथि 02.08.2004 ई० दर्ज है, जो सही है।
3. यह कि रिकार्ड ऑफिस में मेरा जन्म तिथि 02.08.2007 ई० भूलवश दर्ज हो गया है, जो गलत है।
4. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपना रिकार्ड ऑफिस में जन्म तिथि 02.08.2007 ई० के स्थान पर मेरा सही जन्म तिथि 02.08.2004 ई० सुधार कर दर्ज कराने हेतु सम्पादित कर रही हूँ।
5. यह कि उपरोक्त दिये गये तथ्य मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है, गलत पाये जाने पर मैं दण्ड का भागी बनूँगी।

यह शपथ पत्र आज दिनांक 20.04.2024 ई० को लोहरदगा में संपन्न हुआ।

नोटरी पब्लिक, लोहरदगा
शपथ पत्र संख्या 21317

## एक नजर में

### गर्मी में मुखिया की पहल, छह जगहों पर लगवाया मटका



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** गर्मी की दस्तक से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है। शुक्रवार को कुंदा मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार साहू ने अपने पंचायत क्षेत्र के छह अलग-अलग जगहों पर मटका वाला शुद्ध पेयजल का प्रबंध कराया है। ताकि आसपास के अलावा राहगीरों और स्कूली बच्चों को पानी पीने में सहूलियत मिल सके। मुखिया ने कुंडा बस स्टैंड, आंबेडकर चौक, अस्पताल सह बैंक चौक, बेल चौक और नीचे टोला चौक पर पेयजल का प्रबंध कराया है। मुखिया ने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी राहगीरों के लिए बहुत ही आवश्यक है। यह कार्य मुखिया निजी खर्च से पिछले चार वर्षों से लगातार लोगों को सुविधा दे रहे हैं। उद्घाटन के मौके पर मुखिया ने स्वयं राहगीरों को पानी पिलाकर शुभारंभ किया है।

### विद्यार्थियों का इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह स्थित भारती उच्च विद्यालय वर्षों से माध्यमिक परीक्षा में शानदार रिजल्ट देता आ रहा है। वहीं प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने झारखंड वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में शानदार अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय के लक्ष्मी कुमारी ने 467, वीरेंद्र पंडित 457, चांदनी कुमारी 455, सुनैना कुमारी 453, पूजा कुमारी 451, अर्चना कुमारी 451, प्रियांशु वर्मा 450, मोहित कुमार 450, निशा कुमारी 449, प्रियूंशा राज 447, सपना कुमारी 446, अरविंद वर्मा 446, रौशन साव 446 एवम सोनी कुमारी ने 444 अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। वहीं प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मंत्रोच्चारण कर ग्रिज़ली पब्लिक स्कूल में मनाई गई महावीर जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** बचपन प्ले स्कूल अ यूनीट ऑफ ग्रिज़ली पब्लिक स्कूल में स्वामी महावीर जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्या, सभी संयोजक-संयोजिका, शिक्षक-शिक्षिकाओं और सेकेंडरी सेक्शन के सभी जैन समुदाय के बच्चे एवं छात्र-छात्राओं ने स्वामी महावीर जी की मंत्रोंच्चारण कर प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं विद्यालय की शिक्षिका रश्मि सूद ने बताई कि महावीर जयंती को जैन समुदाय के प्रमुख संत महावीर जी के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है।




### जैन ार्म के चौबीसवें तीर्थांकर भगवान महावीर का जन्म दिवस मना

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जैन धर्म के अंतिम तीर्थांकर देवाधिदेव 1008 भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महा महोत्सव बहुत ही धूमधाम से तीन दिवसीय कार्यक्रम के साथ श्री दिगम्बर जैन समाज के सानिध्य में मनाया जा रहा है, जिसमें 19 अप्रैल को जैन धर्म के पांचवे तीर्थांकर 1008 श्री सुमतिनाथ भगवान का निर्वाण महोत्सव मनाया गया। सबसे पहले प्रातः भगवान का अभिषेक, शन्तिधारा के साथ निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया।

### अनियमित विद्युत आपूर्ति से ग्रामीण परेशान

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड में बिजली की अनियमित आपूर्ति से उपभोक्ता काफी परेशान हैं। व्यवस्था के सुधार में मानो कोई गुंजाइश नहीं हो रही है। इन दिनों कई दिनों से बिजली विभाग की उदासीनता का आलम यह है कि 24 घंटे में मुश्किल से 8 से 10 घंटे ही बिजली रह पाती है, वह भी रात में। सुबह से दिनभर बिजली इतनी कटती है कि लोगों का जीना दूभर हो गया है। शाम में भी बिजली इतनी कटती है कि ग्रामीणों के साथ साथ विद्यार्थियों को भी पुराने जमाने के लालटेन व मोमबत्ती का सहारा लेना पड़ रहा है। रात में रातभर दिन में दिनभर कई कई घण्टों तक बिजली गुम रहती है। मिली जानकारी के अनुसार बिजली की अनियमितत आपूर्ति से त्रस्त उपभोक्ता एवं विद्यार्थी आंदोलन का मन बना रहे हैं।

### प्रदेश टॉपर ज्योत्सना ज्योति को विधायक ने घर जाकर दी बधाई



**खबर मन्त्र संवादाता**

**गिद्धौर।** झारखंड राज्य में मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा ज्योत्स्ना ज्योति को सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास और भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला के सम्मानित जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने गिद्धौर पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। ज्योत्स्ना ज्योति ने 500 में से 496 अंक प्राप्त कर राज्य में टॉप किया है। इस अवसर पर गिद्धौर भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, भाजपा ओबीसी मोर्चा हजारीबाग के जिला प्रभारी बिंदेश्वरी यादव, गिद्धौर प्रभारी बासुदेव दांगी, चतरा विधानसभा के चुनाव प्रभारी गणेश यादव, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, किसान मोर्चा के अध्यक्ष सुनील कुमार राणा, ओबीसी अध्यक्ष विकास कुमार, महेन्द्र राम, निरंजन दास, तुलसी रविदास सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# नम आंखों से मां दुर्गा को दी गयी विदाई

### श्रद्धालुओं ने लगाए मां के जयकारे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हलकुशा स्थित चैती दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा निकाली गयी। विसर्जन शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ स्थापित स्थल से निकल कर पचमौह, बरियारडीह, बासोडीह बाजार, समलडीह आदि मार्गो से भ्रमण करते हुए तमोलिया नदी पहुचीं, जहां अगले बरस तू जल्दी आना की कामना के साथ चैती मां दुर्गा को नम आखों से विदाई देते हुए प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान मां दुर्गा के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। विसर्जन के पूर्व श्रद्धालु महिलाओं के द्वारा माता को सिंदूर दान व गोद भराई की रस्म अदा की गई।

### अवैध शराब के विरुद्ध चला विशेष छापामारी अभियान

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा अवधै शराब के विरूद्ध विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है, जिसके आलोक में सुजीत कुमार थाना प्रभारी के नेतृत्व में शनिवार को बागीटांड़ चेकनाका के समीप अवै शराब के विरूद्ध छापामारी की गयी। इस दौरान एक टीभीएस कम्पनी का स्कूटी बीआर27एस/7156 से अंग्रेजी शराब इम्पेरियल ब्लू 750एमएल 07 पीस, रॉयल स्टैग 750 एमएल 01 पीस, रॉयल स्टैग 375एमएल 07 पीस बरामद किया गया।

### रूट चार्ट व कम्युनिकेशन प्लान करें तैयार : मेघा भारद्वाज

**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और स्वच्छ संपन्न कराने एवं विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का मतदान दिन से पहले और मतदान दिन का समय में अहम जिम्मेदारी होती है।

### वाहन की चपेट में आने से बच्चा गंभीर

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बासोडीह गोहाल के समीप वाहन की टक्कर में एक बच्चा घायल होने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रांड आई-10 कार संख्या जेएच10सीक्यू/7571 देवघर से नवादा की ओर जा रही थी। इसी दौरान बासोडीह गोहाल के समीप श्याम सुंदर यादव उर्फ कारू के 6 वर्षीय नाती अनु कुमार को टक्कर मार दी, जिससे बच्चा का पैर बुरी तरह जख्मी हो गया। वहीं टक्कर के बाद वाहन चालक वाहन लेकर भागने लगा।

# जयप्रकाश सिंह भोक्ता लड़ेंगे निर्दलीय लोकसभा चुनाव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोक्ता ने निर्दलीय रूप से चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ने की पुष्टि की है, जिससे भाजपा और महागठबंधन के प्रत्याशियों की बेचैनी बढ़ गई है।

नागमणि का भी निर्दलीय चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। जयप्रकाश और नागमणि के चुनाव मैदान में आने से क्षेत्र में खलबली मच गई है और अगर ऐसा हुआ तो चतरा लोकसभा का चुनाव इस बार बेहद रोचक और दिलचस्प हो जाएगा।

### शमीम रहमानी की अध्यक्षता में इंडिया गठबंधन की बैठक संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत काको में शमीम रहमानी की अध्यक्षता में इंडिया गठबांन की बैठक की गयी। बैठक में काको, बिरसोडीह, पिपराडीह, कांटी, बड़कीमराय, तमाय पंचायत की संयुक्त बैठक की गयी। बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव श्यामदेव यादव, सीपीई नेता महादेव राम ने संयुक्त रूप से कहा की इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएं देश में 30 लाख नौजवानों को नौकरी दी जाएगी, किसानों का कर्ज माफी होगा।

### चतरा सीट कांग्रेस को दिए जाने से राजद में रोष



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा गठबंधन में चतरा सीट कांग्रेस को दिए जाने के कारण राजद में रोष व्याप्त है। प्रदेश महासचिव अरुण कुमार यादव ने अपने समर्थकों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि चतरा में राजद का जनाधार है और कार्यकर्ताओं में कांग्रेस को सीट दिए जाने से नाराजगी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाकर उनके आक्रोश को दूर किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश महासचिव अरुण कुमार यादव, पांडे प्रदीप कुमार शर्मा और कार्यालय प्रभारी चतरा उपस्थित थे।

### बिजली चोरी के आरोप में चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खुट्टा पंचायत अंतर्गत ग्राम भागाडीह में शनिवार को निगम कार्यालय रांची के निर्देशानुसार बिजली चोरी रोकथाम को लेकर छापेमारी दल के द्वारा बिजली ऊर्जा चोरी के आरोप में चार लोगों पर सतगावां थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। साथ ही साथ 20 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया गया। ज्ञात हो कि उक्त लोगों का बिजली बकाया रहने के कारण पूर्व में ही बिजली काट दी गई थी।

# चतरा लोकसभा : मतदाता यह तय करेंगे कि किसे वोट देना है और क्यों?

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** चतरा के मतदाता 1957 से 2019 तक 16 बार लोकसभा चुनाव में मतदान कर चुके हैं और 2024 में 17वीं बार मतदान करेंगे। मतदाता यह तय करेंगे कि किसे वोट देना है और क्यों? मतदान करते समय, वे केंद्र में सरकार बनाने या अपने संसदीय क्षेत्र के विकास पर विचार कर सकते हैं। हालाँकि, 16 बार लोकसभा में प्रतिनिधि भेजने के बाद भी, चतरा लोकसभा मुख्यालय के लोगों को अभी भी नियमित और पर्याप्त पेयजल नहीं मिल पाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की स्थिति और भी खराब है। मतदाता बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सड़क, बिजली, रेलवे, इस्पात संयंत्र, खनिज आधारित उद्योग, बेरोजगारी




और महंगाई जैसे मुद्दों पर उम्मीदवारों के वादों पर विश्वास कर सकते हैं और उन्हें वोट दे सकते हैं। हालांकि, यह कहना अभी मुश्किल है कि मतदाता किस पर भरोसा करेंगे। मैं उम्मीदवार के स्थानीय या गैर-स्थानीय होने के बारे में बात नहीं करना चाहता, लेकिन एक मां का अपने बच्चे के लिए प्यार एक मौसी के प्यार से अलग होता है। यही कारण है कि चतरा लोकसभा के लोगों को अभी तक पर्याप्त स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पाया है। इससे बड़ी विडंबना क्या हो सकती है? चतरा लोकसभा की जनता ने क्षेत्रीय राजनीतिक दलों से लेकर राष्ट्रीय और स्वतंत्र उम्मीदवारों तक सभी पर भरोसा किया। विजया राजे ने 1957 से 1967 तक तीन बार चतरा लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया। कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों ने भी तीन बार चतरा लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया। 1977 में सुखदेव प्रसाद वर्मा ने जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चतरा लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया। 1989 और 1991 में, उपेन्द्र नाथ वर्मा ने जनता दल के उम्मीदवार के रूप में चतरा लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। चतरा लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों ने चार बार जीत हासिल की है, जिनमें धीरेंद्र अग्रवाल (1996, 1998) और सुनील कुमार सिंह (2014, 2019) शामिल हैं। राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवारों ने दो बार जीत हासिल की है, जिनमें नागमणि (1999) और धीरेंद्र अग्रवाल (2004) शामिल हैं। 2009 के लोकसभा चुनाव में इंदर सिंह नामधारी ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी। चतरा लोकसभा के मतदाताओं ने सभी पर विश्वास किया लेकिन उम्मीदवारों ने वफा नहीं निभाई। इस बार स्थानीय उम्मीदवार की मांग थी। भाजपा ने सबसे पहले चतरा लोकसभा मुख्यालय निवासी कालीचरण सिंह को अपना प्रत्याशी घोषित किया। कांग्रेस पार्टी ने केएन त्रिपाठी को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। कई अन्य उम्मीदवार भी चतरा लोकसभा से अपनी उम्मीदवारी पेश करने वाले हैं।

### मैट्रिक स्टेट टॉपर ज्योत्सना ज्योति को जिप उपाध्यक्ष ने किया सम्मानित



**खबर मन्त्र संवादाता**

**चतरा।** जिले के गिद्धौर प्रखंड के पांडेयबागी ग्राम की ज्योत्स्ना ज्योति ने मैट्रिक स्टेट टॉपर बनकर पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें लगातार बधाई और सम्मान मिल रहा है। शनिवार को जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी उनके घर पहुंचे और उन्हें डिक्शनरी देकर सम्मानित किया। जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि ज्योत्स्ना ने चतरा जिले का पूरे झारखंड में मान बढ़ाया है। उन्होंने ज्योत्स्ना को आगे की पढ़ाई के लिए भरपूर मदद करने का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर गिद्धौर भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, किसान मोर्चा के अध्यक्ष सुनील कुमार राणा, महेंद्र राम जी, प्रेम राणा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज



## प्रतीक पंसारी ने 27वां रक्तदान किया, रेडक्रॉस ने किया सम्मानित

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा चलाये जा रहे रक्त जागरुकता अभियान के तहत रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह की प्रेरणा से लगातार रक्तदाता कम्पोनेन्ट डोनेशन की ओर भी अग्रसर हो रहे हैं, जिससे आधुनिक चिकित्सा पद्धति के तहत जरुरत के अनुसार ब्लड कम्पोनेन्ट ट्रान्सफ्युजन को लगातार प्रमोट किया जा रहा है, ताकि एक बीमार व्यक्ति के शरीर को अत्याधिक दबाव से मुक्त रखा जा सके। इस क्रम में आज रेड क्रस के नियमित रक्तदाता प्रतीक पंसारी ने अपना चौथा सिंगल डोनर प्लेटलेट्स डोनेशन जमशेदपुर ब्लड सेन्टर में किया। इसके साथ ही श्री पन्सारी ने अबतक अपना 27 ब्लड डोनेशन पूरा कर लिया है। श्री पन्सारी के एसडीपी डोनेशन के समय रेड क्रॉस के प्रभुनाथ सिंह ने उनका प्रोत्साहन जमशेदपुर ब्लड सेंटर में रहकर किया तथा उन्हें स्मृति चिह्न ब्लड सेंटर के पदाधिकारियों के साथ मिलकर प्रदान किया।

## बजरंगदल अखाड़ा चांडिल हाट टोला ने निकाला भव्य जुलूस



**चांडिल।** रामनवमी के अवसर पर शनिवार को बजरंगदल अखाड़ा चांडिल हाटतोला के द्वारा भव्य रूप से झांकी के साथ जुलूस निकाला। इस दौरान जुलूस में बाहर से आए खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा जगह जगह पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इस दौरान चांडिल के पूर्व जिला परिषद सदस्य सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक जुलूस में शामिल हुए। इस मौके पर पप्पू वर्मा, मुखिया मनोहर सिंह सरदार, बोनु सिंह सरदार, मिलन तंतुबाय, आकाश दास एवं अखाड़ा कमिटी के मिलन प्रमाणिक, सुनिल गोप, छोटू प्रमाणिक, जगन्नाथ गोप, नितिश दां दर सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## मानगो में पानी के लिए हाहाकार, जय महाकाल सेवा संघ बूझा रहा प्यास

**जमशेदपुर।** मानगो क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। शनिवार को इसकी जानकारी जय महाकाल सेवा संघ के संरक्षक सह भाजपा नेता नीरज सिंह को हुई तो वे मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने देखा कि डिमना रोड स्थित शंकोसाई, समतानगर, रामष्ण पथ, डिमना बस्ती, गौड़ बस्ती में पानी की भारी संकट है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस भीषण गर्मी में उनकी जिंदी नर्क सी बन गई है। रात के दो-दो बजे तक महिलाएं पानी भर रही है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर उपलब्ध करायेंगी कंपनियां

- कंपनियों में कल से चलेगा मतदाता सूची में नाम निबंधन का अभियान
- डीसी ने की अध्यक्षता में निजी कंपनियों के प्रतिनिधि के साथ बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में जिला अंतर्गत निजी कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गयी। बैठक में लोकसभा चुनाव के दौरान दिव्यांग मतदाताओं के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर व्हीलचेयर की आवश्यकता की समीक्षा की गयी।

साथ ही कंपनी प्रतिनिधियों से सीएसआर मद के माध्यम से व्हीलचेयर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे सभी कंपनी परिसर में 22 से 24 अप्रैल तक अभियान चलाकर छूटे हुए कर्मियों के नाम निबंधन कराने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश दिये जाने का प्रावधान हैए ऐसे में सभी कंपनी प्रबंधन यह सुनिश्चित करें कि जिनके वेतन का भुगतान वे छुट्टी के एवज में करेंगे उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है या नहीं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए हर मतदाता का वोट का इस्तेमाल करना अहम है। इसमें हम सबको सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। देश के विकास व निरंतर सुधार हेतु मताधिकार का इस्तेमाल जरूर करें। बिना लालच और भय के मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार ही नहीं नैतिक जिम्मेदारी भी है। देश के विकास में मतदान कर हम एक बेहतर सरकार चुनकर योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कंपनी प्रतिनिधियों से कहा कि सभी कार्यरत कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित भी करें, मतदाता जागरूकता हेतु कई रोचक गतिविधियां जिला प्रशासन द्वारा संचालित की जा रहींए उसे अपने परिसर में भी संचालित करें। 25 मई मतदान दिवस की जानकारी जनण्जन तक पहुंचाने में सहयोग करें। बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, निदेशक एनईपी अजय साव, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी समेत गेल, एचसीएल, टाटा पावर, टाटा कमिंस, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील यूआएसएल, यूसीआईएल, नुवोको समेत अन्य कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



कंपनी प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल।

## उपायुक्त अनन्य मित्तल ने युवाओं को बताये वैकल्पिक पहचान पत्र, कहा
# वोटर कार्ड नहीं है तो भी दे सकते हैं वोट

- मतदाता सूची में नाम होना जरूरी, इसलिए 26 अप्रैल तक सूची में नाम जोड़वा लें मतदाता
- डीसी अनन्य मित्तल ने एसएनटीआई में युवा मतदाताओं को किया संबोधित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 में जिले के शत प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसके मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा सभी आयु वर्ग के लोगों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है । इसी क्रम एसएनटीआई में प्रशिक्षणरत युवाओं के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाते हुए 25 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके पर युवाओं को जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग मनीष कुमार ने संबोधित किया।


युवा मतदाताओं से संवाद करते डीसी अनन्य मित्तल।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने युवाओं को बताया कि कैसे बिना वोटर कार्ड के भी मतदान किया जा सकता है। साथ ही इस बार सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान अवधि को लेकर भी जागरूक किया। उन्होने कहा कि वोट देने के लिए मतदाता सूची से नाम जुड़ा होना जरूरी है, शत प्रतिशत मतदान के लिए जरूरी है कि लोग अपने नाम का सत्यापन मतदाता सूची में करायें और अपने बूथ के बारे में जानें। साथ ही 25 मई 2024 को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए बूथ पहुंचे । वोटर कार्ड नहीं भी है तो वैकल्पिक अन्य 12 तरह के पहचान पत्र का उपयोग कर मतदान किया जा सकता है। उन्होने अपील किया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए 6 दिन शेष रह गए हैं। 26 अप्रैल से पूर्व फार्म - 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम जरूर दर्ज करा ले।

उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग मनीष कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में शहरी क्षेत्र में मतदान के प्रति उदासीनता रहती हैए मतदान प्रतिशत कम रहते हैंए ऐसे में कम वोटिंग वाले बूथ को चिन्हित कर व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें युवाओं की अहम भूमिका हो सकती है। अपने सोशल मीडिया आईडी से लोगों को जागरूक करेंए अपने दोस्तए सगेण्संबंधी को भी मतदान के लिए प्रेरित करें । इस बार दिनभर मतदान की सुविधा हैए सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवाओं को मतदाता शपथ दिलाया गया जिसपर सभी ने मतदान के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी।

## जुगसलाई सफीगंज मोहल्ला में 44 दिन से है पेयजल संकट

- बच्चों, महिलाओं और बुर्जुगों ने किया प्रदर्शन
- डीसी तक पहुंचायी समस्या, फिर भी नतीजा सिफर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई के सफीगंज मोहल्ला में पिछले 44 दिनों से पानी की समस्या विकराल बनी हुई है। यहां के निवासी अपने पर्व -त्यौहार होली, नवरात्रि एवं रामनवमी जैसे पर पर भी पानी के लिए तरस गए। कई बार इसकी शिकायत डीसी से लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से की गई किंतु अब तक कोई भी उचित कदम नहीं उठाया गया है। इससे नाराज होकर यहां के निवासियों ने आज 20 अप्रैल को सभी गंज मोहल्ला समिति के बैनर तले जुगसलाई नगरपालिका कार्यालय पर सुबह 10.30 बजे महिलाओं बच्चों बुजुर्गों एवं युवाओं द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया । सभी लोग अपने हाथ में पानी दो, पानी दो का पंपलेट लिए हुए थे। वक्ताओं ने नगर पालिका प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर जल्द पेयजल समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे लोग और सख्त आंदोलन करेंगे और इसकी पूरी जवाब देही नगर पालिका प्रबंधन की होगी। धरना में सूर्य पाठक, सरदार शैलेंद्र सिंह, प्रहलाद पाठक, अभिनव गोस्वामी, चंद्र पाठक, संजय शर्मा, सूरज प्रताप सिंह, आकाश सोनकर, सोनू सोनकर, रोहित तिवारी, वीरेंद्र गोस्वामी, संजय सिंह, सुनीता शर्मा थे।



# भीषण गर्मी को देख सरकार ने स्कूलों की टाइमिंग बदली

- केजी से कक्षा 8 तक की कक्षाएं सुबह 7 से दिन के 11.30 बजे तक चलेंगी
- कक्षा 9 से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेंगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में अत्यधिक गर्मी एवं लू को ध्यान में रखते हुए जिला दण्डाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल द्वारा जिला अंतर्गत सभी स्कूलों के समयसारिणी में बदलाव का निर्देश दिया गया है। जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी,गैर-सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त व अल्पसंख्यक सहित सभी निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से कक्षा 08 तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से पूर्वान्ह 11.30 बजे तक एवं कक्षा 09 से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 12 बजे दोपहर तक संचालित की जायेगी।

इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जाएगी। परन्तु मध्याहन भोजन का संचालन जारी रहेगा। यह आदेश दिनांक 22.04. 2024 से अगले आदेश तक लागू रहेगा।



**उफ्फ ये गरमी...** गर्मी से बचने के लिए कुल्फी का लुत्फ उठाता एक परिवार और कड़ाके की धूप से परेशान अपने नन्हें लाल को सीने से चिपकाये साकची में गुजरती एक मां।



## एनटीटीएफ के 04 छात्रों का आदित्य बिरला और एक छात्रा का टीवीएस कंपनी में चयन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आर डी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों आदित्य बिरला और टीवीएस कंपनी द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया।फाइनल सिलेक्शन लिखित परीक्षा, इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया जिसमें 5 छात्रों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपनी जगह टीवीएस एवं आदित्य बिरला कंपनी में सुनिश्चित की। खड़कपुर स्थित आदित्य बिरला द्वारा डिप्लोमा मेकाट्रनिक्स और इलेक्ट्रनिक्स के फाइनल ईयर के 4 छात्रों जिसमे राजकुमार सिंह, श्याम साईं, हर्षित, जानवी सिंह, राखी का 3.3 लाख रुपये के पैकेज पर चयन किया। वहीं बंगलौर स्थित टीवीएस द्वारा डिप्लोमा इन टूल एंड डी इंजीनियरिंग से सुप्रिया सिंह को 3.80 रुपये सीटीसी के पैकेज पर लॉक किया गया।


चयनित छात्र-छात्राएं प्राचार्या एवं टीम के साथ।

## जन्मदिन मुबारक हो कड़िया दा... अर्जुन मुंडा ने दी बधाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने आज खूंटी के पूर्व सांसद "पद्म भूषण" कड़िया मुंडा जी से उनके अनिगढ़ा स्थित घर पर मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने बड़ी आत्मीयता से चुनावी तैयारी पर चर्चा की।


पूर्व सांसद कड़िया मुंडा को गुलदस्ता भेंट करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा।

# कर्मचारियों, गृहणियों और छात्रों को मिला आग से बचाव का प्रशिक्षण

- टाटा स्टील ने राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह में कई कार्यक्रम आयोजित किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने अग्नि सुरक्षाए इसकी रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने और अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए 14 से 20 अप्रैल के बीच अपने सभी स्थानों पर राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया। राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरुआत 14 अप्रैल को टाटा स्टील फायर ब्रिगेड जमशेदपुर में हुई। अरविंद कुमार सिन्हा (चीफ, सिक्यूरिटी एंड ब्रांड प्रोटेक्शन) मेजर अनिल कुमार (हेड टाउन सिक्यूरिटी) ए अभय रंजन (सीनियर मैनेजरए फायर ब्रिगेड) शाहनवाज खान यूनियन कमेटी मेंबर फायर ब्रिगेडए फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज और सिक्यूरिटी सर्विसेज के कर्मचारियों ने अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी। सप्ताह के दौरान, आग की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कई गतिविधियां आयोजित की गईं। कुछ गतिविधियों में अग्नि रोकथाम पर पोस्टर का विमोचन और वितरण, स्कूलों में आपातकालीन तैयारियों पर जागरूकता सत्र, टाटा स्टील कर्मचारियों के बीच अनलाइन इंट्रानेट क्विज शामिल थे जिसमें 2436 टाटा स्टील कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके अलावा विभिन्न प्रकार की आग को रोकने के लिए दैनिक अग्नि सुरक्षा परामर्श जारी किए गए और 800 स्कूली बच्चों, 260 शिक्षण कर्मचारियों और 60 गृहणियों के लिए अग्निशामक के उपयोग पर प्रशिक्षण और जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गये। इसके अलावा टाटा मोटर्स लिमिटेड, इंडियन वायर एंड स्टील प्रोडक्ट लिमिटेड, जेसीएपीसीपीएल, जैमीपोल लिमिटेड और टीएमएच अस्पताल में मक ड्रिल सत्र आयोजित किए गये। टाटा स्टील फायर सर्विस कर्मियों ने जेपीएस स्कूल, एआईडब्ल्यूसी स्कूल,जुस्को स्कूल, डीबीएमएस स्कूल, विद्या ज्योति स्कूल में ट्रेनिंग दी।


एक स्कूल में छात्र-छात्राओं को आग बुझाने का प्रशिक्षण देता टाटा स्टील का एक सुरक्षाकर्मी।

## एक नजर में

### लॉयर्स डिफेंस की बैठक में जमशेदपुर बार एसो. के चुनाव पर चर्चा



**जमशेदपुर।** शनिवार को लॉयर्स डिफेंस की पूरी प्रतिनिधिमंडल पुराने कोर्ट परिसर में एक बैठक रखकर जिला बार संघ जमशेदपुर में होने वाले चुनाव के विषय पर चर्चा की। सर्वप्रथम इस कार्यक्रम में सभी अधिवक्ताओं ने मुख्य अतिथि राज्य बार काउंसिल के सदस्य अब्दुल कलाम रसीदी उनके साथ वरीय अधिवक्ता कुमार राजेश रंजन, चांडिल बार एसोसिएशन के सदस्य कमलेश कुमार सिंह, राजकुमार मोहम्मद नबेब सरायकेला बार एसोसिएशन के अतिथि राजकुमार साहू, दिलीप महतो परमपति भगत परमजीत श्रीवास्तव विनोद कुमार मिश्रा अक्षय झा अमित कुमार दिलीप सिंह केशव सिंह रणजीत राम विद्युत नदी आशीष कुमार दत्ता सुशील कुमार शर्मा संजय कुमार द्विवेदी राजन कुमार सुभाष सिंह विनोद कुमार वेद प्रकाश सिंह सभी ने मिलकर पुराने कोर्ट परिसर में चंदमोलीश्वर कचहरी बाबा में जाकर पूजा अर्चना की। उसके बाद प्रसाद वितरण कर प्रसाद ग्रहण किया भोलेनाथ से आशीर्वाद लिया। आगामी चुनाव जो की सरायकेला बार एसोसिएशन में होने वाले चुनाव पर भी चर्चा हुई और 10 मई 2024 को जमशेदपुर बार एसोसिएशन के चुनाव पर भी चर्चा हुई इस कार्यक्रम में लगभग 100 से ज्यादा अधिवक्ता मौजूद थे।

### शत प्रतिशत रहा गायत्री शिक्षा निकेतन का रिजल्ट



**आदित्यपुर।** जैक बोर्ड द्वारा घोषित रिजल्ट मे आदित्यपुर 2 के मार्ग संख्या 4 स्थित गायत्री शिक्षा निकेतन उच्च विद्यालय के परीक्षार्थियों ने शत प्रतिशत सफलता हासिल की है। इस वर्ष की झारखंड माध्यमिक परीक्षा में विद्यालय के कुल 121 छात्र छ्छात्राओं ने भाग लिया था, जिसमे से 112 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में डिस्टिंक्शन अंक से सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। वहीं, 9 बच्चों ने द्वितीय श्रेणी से सफलता हासिल की है। 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मुस्कान कुमारी विद्यालय का प्रथम टॉपर बनी है जबकि 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लालटू गोप द्वितीय टपर तथा कंचन कुमारी, खुशी महतो एवं दीपाली महतो ने संयुक्त रूप से 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय टॉपर, 87. 2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर निशा कुमारी ने चतुर्थ टॉपर एवं 86. 8 प्रतिशित अंक प्राप्त कर निशा कुमारी महतो ने पंचम टॉपर बनने का सौभाग्य प्राप्त किया है। विद्यालय की प्रथम टॉपर मुस्कान कुमारी मेडिकल की पढ़ाई कर डॉक्टर बनना चाहती है, द्वितीय टपर लालटू गोप कड़ी मेहनत कर आगे इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर सफल इंजीनियर बनना चाहता है जबकि तृतीय टपर कंचन कुमारी आगे चलकर आईएएस बनना चाहती है एवं दीपाली महतो आगे चलकर डक्टर बनना चाहती है। चतुर्थ टॉपर निशा आगे इंजीनियरिंग का पढ़ाई करना चाहती है। पंचम टॉपर निशा आगे इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहती है। सभी अपनी अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं विद्यालय के सभी कुशल शिक्षकों को देते हैं। जैक बोर्ड की परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता के लिए विद्यालय के सचिव इंजीनियर सत्यप्रकाश सुधांशु ने सभी सफल छात्र-छात्राओं एवं कर्मठ शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई दी है।

### भगवान का शुक्रिया, मुझे मुक्ति मिली : कुलबिंदर


प्रधान कुलबिंदर सिंह।

**जमशेदपुर।** बारीडीह गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार कुलविंदर सिंह ने केंद्रीय कमेटी और विशेष तौर पर प्रधान भगवान सिंह का शुक्रिया अदा किया है कि उन्होंने बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी भंग कर दी है। ऐसा कर उन्होंने मुझे मुक्ति दी है और आजाद किया है। कल शिकायत वापस लेकर गलती की और नतीजा है कि विरोधियों द्वारा धमकी देने का सिलसिला शुरू हो गया है। कुलविंदर सिंह के अनुसार उन्हें पद की कोई लिप्सा नहीं थी। सरदार सुरजीत सिंह खुशीपुर ने मौका परस्ती दिखाते हुए और उस समय के प्रधान गुरमुख सिंह मुखे के भय से बारीडीह गुरुद्वारा कमेटी का प्रधान चोरी छुपे रात आठ बजे साकची गुरुद्वारा कार्यालय में बैठकर बनाया था। सब कुछ ठीक रहा क्योंकि उसे टीनप्लेट कमेटी का प्रधान बनाने में मदद की। प्रधान बनते ही उन्होंने कहा कि अब 10 नंबर बस्ती टीनप्लेट का इलाका बारीडीह गुरुद्वारा कमेटी दायरे से निकाल सकते हैं। उनकी सहमति से 10 नंबर का इलाका निकाल दिया गया। इसके बाद से मेरे प्रधान रहने से केवल खुशीपुर परिवार और उनके साढू जसपाल सिंह को दिक्कत होने लगी। प्रधान सरदार भगवान सिंह से कुलविंदर सिंह ने सवाल किया है कि क्या कुलविंदर सिंह ने कोई अपराध किया है? क्या चोरी की है? क्या कोई दुष्कर्म किया है? किस काम से सिख धर्म की मान प्रतिष्ठा में कमी हुई है।

### रोटरी क्लब जमशेदपुर के कार्यक्रम में मतदान को लेकर किया गया जागरूक




**जमशेदपुर।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित रोटरी क्लब अफ जमशेदपुर के कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग श्री मनीष कुमार की अगुवाई में मतदाता जागरूकता हेतु गतिविधियां संचालित की गयी। मतदान के लिए मतदाता सूची में नाम निबंधन, वोटर कार्ड के अलावा अन्य किन-किन पहचान पत्र के साथ मतदान किया जा सकता है तथा चुनाव में मतदान के महत्व को लेकर क्लब के सदस्यों के साथ चर्चा की गयी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे एवं रोटरी क्लब के सदस्य शामिल हुए। डीडीसी ने बताया कि मतदान के लिए सबसे जरूरी मतदाता सूची में नाम का जुड़ना है। जब तक किसी मतदाता का नाम अपने निकटवर्ती बूथ के मतदाता सूची में नहीं जुड़ जाता तक वे वोट नहीं कर पायेंगे।

# लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करायेंगे : डीआइजी वाइएस रमेश

- लोकसभा चुनाव को लेकर डीआइजी ने की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक
- बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को दिये कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार प्रयतसील है। इसी के तहत पलामू प्रमंडल स्तरीय डीआईजी वाई एस रमेश ने पलामू जिला मे लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पुलिस अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में नक्सल प्रभावित क्षेत्र, अपराधी गतिविधि पर नजर रखने, सोशल मीडिया पर गलत प्रचार करने, वारंटियों पर त्वरित कार्रवाई करने समेत विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा बैठक की गयी।

बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को डीआईजी ने चुनाव से संबंधित कई आवश्यक सुझाव देते हुए निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में सभी पुलिस अधिकारियों को कार्य करना है। इसमें किसी प्रकार की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में बूथों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने मतदाताओं को भय मुक्त माहौल में मतदान करने का भरोसा दिलाने के लिए काम करने को कहा है।

उन्होंने कहा कि मतदान की तिथि काफी नजदीक है। नामांकन प्रक्रिया के बाद पलामू जिला के विभिन्न प्रखंड पंचायत स्तर पर चुनावी प्रचार एवं सभा किये जायेंगे। इसमें विभिन्न राजनीतिक दल से स्टार प्रचारक भी प्रचार के लिए आयेंगे। उनके लिए भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इसे लेकर पूर्व से ही कार्य योजना बनाकर पुलिस को कार्य करना है। बैठक समाप्ति के बाद डीआईजी वाई एस रमेश ने कहा कि बैठक में चुनाव से संबंधित कई गंभीर बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया है। पलामू जिले में कई लोगों पर धारा 107 के तहत कार्रवाई की गई है। पलामू पुलिस नक्सल ऑपरेशन पर कहां तक सफलता प्राप्त की है। साथ ही साथ नक्सली गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए और क्या कुछ करने की जरूरत है। इस पर कार्य योजना बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि पलामू जिले के कई ऐसे शातिर अपराधी हैं जिन्हें जिला बदर किया गया है। साथ ही साथ कई लोग वारंटी है उन पर कार्रवाई करना है। डीआईजी ने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर है। इसपर अफवाह फैलाने वालों पर कानून संमत कार्रवाई की जायेगी।



चुनाव को लेकर बैठक करतीं एसपी व उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी।

### ये भी थे उपस्थित

बैठक में एसपी रीष्मा रमेशन, प्रशिक्षु आईपीएस, सीडीपीओ मणि भूषण प्रसाद, मुकेश महतो, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार समेत कई सीडीपीओ, पुलिस इंस्पेक्टर एवं पलामू जिला के विभिन्न थाना के थाना प्रभारी वह अन्य मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सेवानिवृत कमांडेंट की मां के निधन पर पहुंचे पूर्व सांसद मनोज कुमार



**पाटन, पलामू।** प्रखंड के बरवाडीह गांव निवासी भाजपा नेता सेवानिवृत्त कमांडेंट बृजबिहारी सिंह कि 80 वर्षीय माता का आकस्मिक निधन हो गयी। उनकी आकस्मिक निधन हो जाने से पाटन भाजपा के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं शोक की लहर व्यापत है। भाजपा के लोगों ने उनके घर जाकर शोक व्यक्त किया। वहीं बृजविहारी सिंह के माता के दाह संस्कार में पूर्व सांसद मनोज कुमार, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, पाटन मंडल के मंत्री आनंद सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं भाजपा के लोगों ने भाग लिया। बरवाडीह निवासी सेवानिवृत्त होने पर निस्वार्थ भाव से देश की सेवा के बाद अब समाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

### एलटी तार की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत, तीन जख्मी



**सतबरवा।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड क्षेत्र के झाबर पंचायत के कुंडेलवा गांव में एलटी तार के चपेट में आने से दो मवेशी की जलकर मौत हो गयी है, जबकि तीन मवेशी झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना शुक्रवार के देर शाम की है। सामाजिक कार्यकर्ता सह शिक्षक अजय सिंह ने बताया कि पांच मवेशियों को लकड़ी के मड़ई बनाकर बांधा गया था। इसी दौरान 440 वोल्ट का बिजली प्रवाहित तार मड़ई के उपर टूटकर गिर गया, जिसके कारण मड़ई में आग लग गयी और उसमें बंधे दो मवेशी जिंदा जल गये। वहीं तीन मवेशी गंभीर रूप से जलकर जख्मी हो गये। मवेशी मालिक फुलेश्वर सिंह ने बताया कि इस घटना में करीब 50000 का नुकसान उठाना पड़ा है। तीन मवेशी गंभीर रूप से जलकर जख्मी है, जिसका इलाज मवेशी डाक्टर से कराया जा रहा है। फुलेश्वर सिंह ने आगे बताया कि दो बैल थे जिनकी मौत हुई। दोनों बैलों को कर्ज लेकर खेती करने के लिए खरीदा था, घटना के बाद पूरे तरीके से हम बर्बाद हो गये हैं। इधर, मुखिया संगीता देवी को मामले की जानकारी दे दी गयी है।

### हरिहरगंजवासियों के साथ बिजली विभाग कर रही भेदभावपूर्ण व्यवहार



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज नगर पंचायत तथा प्रखंड में लचर विद्युत आपूर्ति को लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने नाराजगी जताई है। शनिवार को प्रखंड परिसर स्थित विद्युत पावर सब स्टेशन में कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर विद्युत कर्मियों से बात कर लचर व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज नगर पंचायत तथा प्रखंड क्षेत्र में लचर विद्युत व्यवस्था से विद्युत उपभोक्ता परेशान हैं। विभाग की लापरवाही के कारण हरिहरगंज बिजली पावर सब स्टेशन को नहीं के बराबर बिजली आपूर्ति की जाती है। महीनो से हरिहरगंज पावर सबस्टेशन को मात्र 1- 2 घंटा ही बिजली आपूर्ति की जा रही है। विभाग द्वारा हरिहरगंज के बिजली उपभोक्ताओं के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। वहीं आसपास के प्रखंड तथा क्रशर प्लांट को 20 से 22 घंटा बिजली आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज नगर पंचायत तथा प्रखंड को 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने, बिजली पोल एवं जर्जर तार को अविलंब बदलने तथा बिजली वितरण व्यवस्था में त्वरित सुधार नहीं हुआ तो विद्युत विभाग के खिलाफ चरण बद्ध तरीके से उग्र आंदोलन की जायेगी। मौके पर विश्वदीप कुमार, गोपाल प्रसाद साव, संजय प्रसाद जयसवाल, अरविंद कुमार मेहता, शशि कुमार, घुटूर सिंह सहित कई बिजली उपभोक्ता उपस्थित थे।

### ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में बेटियों का रहा दबदबा, टॉप 10 में सात छात्राएं



**प्रतिनिधि विश्रामपुर (पलामू)।** उमेश सिंह एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के बेलचंपा शाखा का मेट्रिक परीक्षा का परिणाम सत प्रतिशत रहा। पूर्व की भांति इस वर्ष भी सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस स्कूल से कुल 61 छात्र छात्रा मेट्रिक परीक्षा में अंग्रेजी माध्यम से शामिल हुए। परीक्षा परिणाम मे बेटियों का दबदबा रह। स्कूल के टॉप टेन में सात छात्राएं शामिल हैं। माही कुमारी 91 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल टॉपर बनी। पिंकी कुमारी 90 .8 प्रतिशत लाकर द्वितीय और ऑल्विस 90 .6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। इसके अलावा परी कुमारी व दीपिका कुमारी 89 प्रतिशत के साथ चतुर्थ, अंजली कुमारी 88 .6 प्रतिशत के साथ पांचवा स्थान प्राप्त की। निदेशक अमित कुमार सिंह उर्फ बाबुल सिंह ने परिक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि स्कूल के अनुशासन, शिक्षकों का समर्पण, अभिभावक के मार्गदर्शन व बच्चों के कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रबंधन सभी टॉपरों को सम्मानित करेगा। मौके पर प्राचार्य दीपक तिवारी, शिक्षक अजित कुमार तिवारी, राजीव रंजन ठाकुर, अब्दुल लतीफ अंसारी, सुरेंद्र शर्मा, आभा चौबे व कई शिक्षक मौजूद थे।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को जीत दिलाने का संकल्प

- कहा कि आज जो बेरोजगार नौजवान काम के लिए सड़कों पर मारा मारा फिर रहा है, उनके लिए रोजगार की व्यवस्था, महंगाई पर नियंत्रण, किसानों को उनके फसल की उचित कीमत की व्यवस्था व गरीबी को दूर करने की व्यवस्था तथा मातृशक्ति को सशक्त करने का कार्य इंडिया गठबंधन की सरकार में संभव है। वहीं कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष नवलेश मेहता आदि नेताओं ने चतरा से किसी भी सूरत में भाजपा को नहीं जितने देने का बातें की। बैठक में कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव सुधीर सिंह ने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा का नाम लेने वाला कोई नहीं है। भाजपा के सांसद ने 10 वर्षो से यहां के लोगों को ठगने के काम किया है।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** इंडिया गठबंधन के नीलांबर पितांबरपुर के सभी प्रखंड अध्यक्षों ने एक बैठक की, जिसकी अध्यक्षता तारकेश्वर पासवान तथा संचालन राजद प्रखंड अध्यक्ष तनवीर आलम ने किया। बैठक में चतरा संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन के उम्मीदवार कृष्णानंद त्रिपाठी को विजय दिलाने के लिए सभी ने एक स्वर में हुंकार भर कर कहा कि महागठबंधन के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी को अपार मतों से जीत दिलायेंगे।

मौके पर भाकपा माले नीलांबर पितांबरपुर व सतबरवा के सचिव कामेश सिंह चेरो ने कहा कि हम सभी यह संकल्प लें कि जीतोड़ मेहनत कर गठबंधन के प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी को जिता कर सदन में भेजें, ताकि गरीबी, बेरोजगारी, किसानों व नौजवानों की समस्याओं को जड़ से उखाड़ फेंका जाये। क्योंकि आज हर वर्ग इन बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा है। कहा कि भाजपा झूठ बोलकर सत्ता में आई है, अतः इस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकना होगा। इसी क्रम आम आदमी पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष द्वारका साहू ने कहा कि यह चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है, यह चुनाव देश, संविधान व लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है।



कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लेते कार्यकर्ता।

# परीक्षा केंद्र से 100 मीटर की परिधि में लागू रहेगी धारा 144

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2024 का आयोजन दिनांक 21 अप्रैल को मेदनीनगर अनुमंडल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक संचालित की जायेगी। परीक्षा को देखते हुए मेदनीनगर सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गयी है। इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 मीटर की परिधि में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत 5 अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा।

### परीक्षाओं के लिए बनाये गये कुल आठ केंद्र



अनुराग तिवारी, एसडीओ।

इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। इसके अलावा परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। सदर अनुमंडल क्षेत्र में इस परीक्षा के मद्देनजर 2024 के परीक्षाओं के लिए कुल 8 केंद्र बनाये गये हैं। इन केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों की ओर से परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका रहती है। इसी के मद्देनजर एसडीओ ने निषेधाज्ञा लागू की है।

# पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा एक बार फिर हाथी सवार

## राजद को एक और झटका, किशोर के बाद कामेश्वर ने भी छोड़ा साथ

- पलामू संसदीय क्षेत्र की राजनीति में बढ़ रहा है रोमांच
- दलीय निष्ठा पर भारी पड़ रही है नाते रिश्तेदारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के बाद शनिवार को राजद एक और झटका लगा है। पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर के बाद पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने शुक्रवार को राजद छोड़ दिया। कामेश्वर बैठा ने राजद छोड़ बसपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता की मौजदूगी में कामेश्वर बैठा ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की। कामेश्वर बैठा के चुनाव मैदान में उतरने से रोमांच बढ़ेगा। राजनीतिक जानकारों की मानें तो चुनाव में कामेश्वर की इंट्री से इंडिया की परेशानी बढ़ेगी। यह स्थिति एनडीए के लिए राहत वाली हो सकती है। राजनीति अब परवान चढ़ रहा है। सभी अपने पत्ते खोल रहे हैं। दलीय निष्ठा पर नाते रिश्तेदारी भारी पड़ रही है। राजद छोड़ने के बाद किशोर खुल कर भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के पक्ष में कैंपेनिंग कर रहे हैं। किशोर की इंट्री का कितना साइड इफैक्ट विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद मनोज भुइयां के कैंप पर पड़ता है यह देखना भी

**2007 में पहली बार बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे नक्सली पृष्ठभूमि वाले कामेश्वर :** नक्सली पृष्ठभूमि से तालुकात रखनेवाले कामेश्वर बैठा ने मुख्यधारा की राजनीति में कदम रखा था। पहली बार जेल से वर्ष 2007 में बसपा के टिकट पर पलामू में लोकसभा का उपचुनाव लड़ा था। इस चुनाव में कामेश्वर बैठा 1,41,875 मत लाकर दूसरे स्थान पर रहकर लोगों को चौंकाया था। यह चुनाव राजद प्रत्याशी घुरन राम (वर्तमान में भाजपा) ने जीता था। घुरन राम को 1,64,202 मत मिले थे। इसके बाद 2009 के लोकसभा आम चुनाव में कामेश्वर बैठा ने झामुमो, कांग्रेस और नवजवान संघर्ष मोरचा के संयुक्त प्रत्याशी के रूप में झामुमो के सिंबल पर लड कर चुनाव जीता था। कामेश्वर ने राजद के घूरन राम को हराया था। श्री बैठा को 167994 मत मिले थे, जबकि दूसरे स्थान पर रहे घूरन राम को 144456 मत मिले थे। 2009 के चुनाव में जदयू प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ कर राधा कृष्ण किशोर तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 का चुनाव कामेश्वर बैठा ने तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर लड़ा, जिसमें श्री बैठा को 37033 मत मिले थे।



**पलामू से होंगे उम्मीदवार :** बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि कामेश्वर बैठा को पार्टी ने पलामू संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है.झारखंड में बसपा पूरे दम खम से चुनाव लड़ेगी।

### कब्रिस्तान मापी का हुआ कार्य



**पाटन, पलामू।** सतौवा पंचायत के ग्राम सतहे में महीनों से लंबित कब्रिस्तान मापी का कार्य किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी, राजस्व निरीक्षक पाटन सहित दोनों पक्षों के कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### माधवी लता के विरुद्ध बयानबाजी अशोभनीय



डॉ अमित प्रकाश।

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड के स्वच्छता अभियान प्रभारी डॉ अमित प्रकाश ने हैदराबाद से असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी माध्वी लता के विरुद्ध किसी खास वर्ग द्वारा की गयी बयानबाजी की कड़ी भर्त्सना की है। डॉ प्रकाश ने कहा है कि हैदराबाद में लोकतंत्र में यह बहुत ही अशोभनीय है। ये माधवी लता को हराने के लिए एआइएमआइएम प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि अभी भी एक समुदाय के लोग समझ जायें, नहीं तो जब बहुसंख्यक अपने घर से बाहर निकलेगा, तो बहुत मुश्किल हो जायेगा।

### भाजपा पाटन मंडल की बैठक आज

**पाटन, पलामू।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा पाटन मंडल की बैठक रविवार को 11 बजे पूर्वाह्न प्रखंड के हिसराबरवाडीह चौक स्थित वीरबहादुर मेहता स्कूल के प्रांगण में आयोजित की गयी है। इस बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत संयोजक, सहसंयोजक, पंचायत प्रभारी, सभी बुथ अध्यक्ष जो अपने 31 सदसीय बूथ कमेटी के साथ बैठक में भाग लेंगे। वहीं मंडल के पार्टी पदाधिकारी, सभी मंच मोर्चा के अध्यक्ष एवं जिला में निवास करने वाले जिला के पदाधिकारी तथा जिला कार्य समिति सदस्य, मंडल प्रभारी के अलावे प्रमुख कार्यकर्ता बैठक में भाग लेंगे। इसकी सूचना देते हुए बैठक प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मनोज कुमार एवं छतरपुर विधानसभा चुनाव प्रभारी सह पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडे भाग लेंगे। उन्होंने पार्टी के लोग जो बैठक में भाग लेंगे उनसे आग्रह किया है की बैठक प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व बैठक स्थल पर पहुंचने का कष्ट प्रदान करें। ताकि लोकसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया जा सके।

# भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में शामिल होने की अपील



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक के नेतृत्व में शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान चलाकर 24 अप्रैल को होने वाले भाजपा उम्मीदवार विष्णु दयाल राम के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया गया। इस दौरान बारी पंचायत के खामडीह एवं बारी गांव के लोगों से संपर्क किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, महेश्वर सिंह, राधेश्याम भुइयां, मालदीव सिंह, उदयनाथ चौधरी, सत्येंद्र भुइयां समेत कई लोग मौजूद थे।

# झारखंड की दसवीं टॉपर ज्योति को सम्मानित करेंगे जिला पार्षद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** मैट्रिक परीक्षा में झारखंड टॉप की ज्योति ज्योत्सना को विश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास सम्मानित करेंगे। उन्होंने ज्योति ज्योत्सना के इस सफलता पर उसे बधाई भी दी है। श्री रविदास ने कहा कि अनुसूचित जाति की इस बेटी ने पूरे समाज के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। समाज के अन्य बेटे बेटियों के लिए ज्योति प्रेरणास्त्रोत बन गयी है। उन्होंने अंबेडकर समाज के छत्र छात्राओं को शिक्षा के प्रति और जागरूक होने का आह्वान किया। श्री रविदास ने यह भी घोषणा किया कि अंबेडकर समाज के मेधायी बेटियों को उच्च शिक्षा में हर संभव सहायता दिया जायेगा।



# मैट्रिक : पांडू प्रखंड टापर बनी खुशबू

## 90.20% अंक लाकर बढ़ाया गांव समेत पूरे प्रखंड का नाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू।** मैट्रिक परीक्षा 2024 के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। राजकीय कृत कल्याण उच्च विद्यालय पांडू की छात्रा खुशबू कुमारी ने 90.20 प्रतिशत अंक लाकर अपने प्रखंड का नाम रोशन की है। पांडू प्रखंड २ मुसीखाप निवासी रामगहन साव की पुत्री ने मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने गांव समेत पूरे प्रखंड का मान बढ़ाया है। छात्रा खुशबू कुमारी ने मैट्रिक की परीक्षा में 90. 20 प्रतिशत यानि 451 अंक प्राप्त कर प्रखंड में सर्वोच्च स्थान प्राप्त की है। छात्रा खुशबू के बेहतर प्रदर्शन के बाद विद्यालय परिवार समेत उनके माता-पिता एवं ग्राम वासियों ने खुशबू को मिठाई खिलाकर हौसला अफजाई करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। खुशबू आगे की पढ़ाई पूरी कर शिक्षक बनना चाहती हैं। जिससे अन्य छात्र भी राज्य एवं देश के लिए बेहतर कार्य कर सके खुशबू का मानना है कि गुरु ही सर्व शक्ति हैं। गुरु के बिना संसार में कुछ भी संभव नही हैं।



खुशबू कुमारी को मिठाई खिलाकर उत्साह बढ़ाते परिजन।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में फ्रूट्स विद फन (फ्रूट्स पार्टी) समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, न्यू टाउनशीप, शाहपुर, मेदिनीनगर में शनिवार की सुबह फ्रूट्स विद फन (फ्रूट्स पार्टी) समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। नई शिक्षा नीति में फाउंडेशनल स्टेज प्री नर्सरी से कक्षा तृतीय तक के छात्रों ने भागीदारी निभायी। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल डॉ ए के सिंह ने बताया कि नये सत्र के आरंभिक अवसर पर बच्चों के नवीन कक्षा के प्रति विशिष्ट रुचि और विद्यालय के प्रति लगाव हेतु इस प्रकार की अनेक गतिविधियां कराई जाती है। इस अवसर पर बच्चों ने फलों से निर्मित विभिन्न प्रकार की मनोहारी आकृति एवं सजावट का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें खरबूजा, अंगूर, सेब और केला इत्यादि फलों द्वारा बालकला का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय और बच्चों के लिए यह बहुप्रतिक्षित और स्वतंत्र गतिविधियां होती है।

### फलों के इस्तेमाल से शरीर में इम्यून शक्ति में वृद्धि



कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य।

मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि फलों के इस्तेमाल से हमारे शरीर में इम्यून शक्ति में वृद्धि होती है। इस प्रकार की स्वतंत्र गतिविधियां, बच्चों के विद्यालयीन व कक्षागत रुचियां प्रदान करने में सहायक होती है। बच्चों के प्रति अध्ययन सुरुचि संबंधी वातावरण निर्माण के प्रति विद्यालय संवेदनशील है। ऐसे गतिविधियां बच्चों को संकोच व डर से दूर रखने का प्रभावशाली माध्यम होता है।

## बेतिया में 7 करोड़ की चरस समेत तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया।** पड़ोसी देश नेपाल से सात करोड़ अंतराष्ट्रीय मूल्य की चरस लेकर बेतिया पहुंचे तीन तस्करों को बेतिया नगर पुलिस की टीम ने सुप्रिया रोड व बस स्टैंड में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी शुक्रवार की देर शाम की गयी है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी ने बताया कि पुलिस टीम ने दो जगहों पर छापेमारी कर 35.766 किलो चरस के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसपी को गुप्त सूचना मिली कि सुप्रिया रोड में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले इकट्ठा हुए है।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज बिहार के कटिहार में रैली को करेंगे संबोधित

**एजेंसी**

**कटिहार (बिहार)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 21 अप्रैल (रविवार) को कटिहार के राजेंद्र स्टेडियम में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। गृहमंत्री के कटिहार आगमन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे रैली की तैयारियों का जायजा लेने शनिवार को कटिहार पहुंचे। मंगल पांडेय पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद के कटिहार के मिचाईबाड़ी आवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक के बाद मीडिया से रूबरू हुए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बिहार प्रदेश के साथ पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की



लहर चल रही है। बिहार में पहले चरण में हुए मतदान प्रतिशत में कमी पर उन्होंने कहा कि मौसम में ज्यादा गर्मी की वजह से थोड़ा मतदान प्रतिशत कम हुआ है। इसके बावजूद लोगों ने इस बार चार सौ से ज्यादा लोकसभा सीट एनडीए की झोली में डालने का मन बना लिया है। उल्लेखनीय है कि कटिहार लोकसभा सीट से एनडीए से जदयू प्रत्याशी दुलालचंद गोस्वामी चुनाव लड़ रहे हैं, जिनका सीधा चुनावी मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर से है। लोकसभा चुनाव 2019 में दुलालचंद गोस्वामी कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के नेता और पांच बार सांसद रहे तारीक अनवर को 57,203 मतों से हराकर सांसद बने थे। कटिहार लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होना है और 24 अप्रैल को यहां चुनाव प्रचार थम जायेगा।

### चिराग पासवान ने आरजेडी पर साधा निशाना, कहा

## उनकी सोच एसटी-एससी विरोधी, सभ्य समाज के लोग इनके साथ नहीं

**एजेंसी**



**पटना।** लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने शनिवार को राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि राजद की सोच एसटी-एससी विरोधी है। उन्होंने कहा कि सभ्य समाज के लोग इनके साथ नहीं हैं। पटना में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में चिराग पासवान ने कहा कि पहले चरण में बिहार की चार सीट पर जिस तरीके से रुझान सामने आ रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि सभी सीट एनडीए के खाते में आ रही है। उन्होंने कहा कि सभी घटक दल ने ईमानदारी से प्रचार-प्रसार किया। अपने मुद्दों को लेकर जनता के बीच गए और मतदान के बाद जिस तरीके से रुझान आने लगे हैं, स्वाभाविक है जो फीडबैक निकलकर सामने आ रहा है, उसके आधार पर बिहार के सभी चार सीट पर एनडीए के प्रत्याशी की जीत होगी। पासवान ने कहा कि विपक्षी खेमे में निराशा है पहले चरण की वोटिंग के बाद एनडीए को बढ़त मिलनी शुरू हो गई है। कांग्रेस का कोई बड़ा नेता, वाम दल का कोई बड़ा नेता प्रचार-प्रसार में नहीं आया। ऐसा लगता है कि विपक्ष की प्रचार-प्रसार में कोई भूमिका नहीं है।

तेजस्वी की सभा में अभद्र टिप्पणी मामले में चिराग ने फिर नाराजगी जताई। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि मीसा भारती और तेजस्वी के बयान कहीं से उचित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि लालू परिवार के सदस्य जिस तरीके की परंपरा को अपनाने का काम कर रहे हैं, वो 80 के दशक में जन्म लेने वाले 90 के दशक को नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल का गाली देना कल्चर है।

# पीएम मोदी 26 को अररिया में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित, तैयारियां शुरू

**एजेंसी**

**अररिया (बिहार)।** राज्य के अररिया में तीसरे चरण में सात मई को चुनाव होना है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांचवीं बार बिहार आ रहे हैं। वे 26 अप्रैल को फारबिसगंज के हवाई अड्डा के मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। फारबिसगंज के अर्द्ध निर्मित हवाई पट्टी क्षेत्र में होने वाले चुनावी सभा की तैयारी शुरू कर दी गई है।

मंच और पूरे फील्ड का शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी, महिला सेल की जिलाध्यक्ष चांदनी सिंह, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल, बिमल सिंह और रोहित यादव आदि के साथ हवाई फील्ड का जायजा लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने कहा कि प्रधानमंत्री पांचवीं बार फारबिसगंज



में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की सभा को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह है। फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी ने कहा कि फारबिसगंज की धरती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सबसे ज्यादा बार पदार्पण है। उन्होंने दावा किया कि पिछली बार चार लाख के करीब लोग प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने के लिए आए थे और इस बार चार लाख से अधिक लोग चुनावी सभा में शामिल होंगे।

**पीएम के कार्यक्रम की तैयारी :** प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। हवाई फील्ड के अगल बगल के क्षेत्र में अवैध कब्जाधारियों को हटाया गया है।वहीं हवाई फील्ड की ओर जाने वाले सड़क के मरम्मती का काम विभाग की ओर से शुरू किया गया है।

हवाई फील्ड से सटे रिफ्यूजी कॉलोनी मध्य विद्यालय का रंग रोगन और मरम्मती का काम किया जा रहा है। फारबिसगंज प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सूर्य प्रकाश यादव के नेतृत्व में स्कूल के मरम्मती और रंग रोगन का काम किया जा रहा है।सैकड़ों की संख्या में मजदूरों को काम पर लगाया गया है।खुद बीईओ चल रहे काम की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मौके पर मौजूद बीईओ सूर्य प्रकाश यादव ने बताया कि पीएम के कार्यक्रम के मद्देनजर एनएसजी,मेडिकल कैंप सहित सुरक्षा गार्ड आदि के ठहराव और कैंप को लेकर रंग रोगन और मरम्मती का काम करवाया जा रहा है।उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक संख्या में मजदूरों को लगाया गया है,जिससे निर्धारित समय सीमा में काम पूरा कर लिया जाय। उल्लेखनीय है कि 2019 और 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा हवाई अड्डा के मैदान में हुई थी। उस समय सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों का यह विद्यालय बसेरा बना हुआ था।सभा के दिन मेडिकल कैंप बनाया गया था।हवाई अड्डा से देवराहा बाबा कॉलेज होकर फारबिसगंज कॉलेज चौक वाले सड़क का निर्माण कार्य पिछली बार पीएम के सभा में हुई थी और एक बार फिर जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़े इस सड़क पर मरम्मती का काम किया जा रहा है।

## मतदान केंद्र से चोरी गई पुलिस का एसएलआर एवं गोली बरामद

**नवादा।** पुलिस ने नवादा जिले के पकरीबरमा थाने के राजाबीघा प्राथमिक विद्यालय में बने मतदान केंद्र संख्या 234 पर से पुलिस की चोरी गई सेल्फ लोडिंग राइफल तथा 30 कारतूस शनिवार को पुलिस ने बरामद कर ली है । नवादा के एसपी कार्तिकेय शर्मा ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर आज बताया कि पकरीबरावां के थाना अध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। जिनके नेतृत्व में चोरी किए गए राइफल तथा कारतूस को ताबड़तोड़ छापेमारी के बाद राजेबीघा गांव के ही एक झाड़ी से बरामद कर लिया गया है। सच्चाई है कि गांव में एक बारात आई थी।

## जदयू प्रत्याशी अजय मंडल ने सज्जादानशीं से की मुलाकात

**भागलपुर।** भागलपुर के सांसद और जदयू प्रत्याशी अजय कुमार मंडल ने शनिवार को देश की प्रसिद्ध खानकाह-ए-पीर दमड़िया शाह पहुंचे और 15वें सज्जादानशीं सैयद शाह फखरे आलम हसन से आशीर्वाद लिया। सांसद अजय मंडल ने सज्जादानशीं से अपने कार्यकाल में किए गए कामों को गिनाया और कहा कि मुख्यमंत्री नीतिश के नेतृत्व में सम्पूर्ण बिहार सहित भागलपुर का विकास हुआ है। चुनाव जीतने के बाद और तेजी से विकास होगा। इस अवसर पर सज्जादानशीं शाह हसन ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि 18 वर्षों से समाजिक न्याय के साथ नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार का काफी विकास हुआ है और यह किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यकों की हितों के लिए भी कई योजनाएं चलाई हैं जो धरातल पर दिखाई देता है।

## बहिष्कार किए गए मतदान केंद्रों पर दोबारा नहीं पड़ेंगे वोट : प्रशान्त

**नवादा।** नवादा के डीएम सह जिला निवार्ची पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा है कि नवादा जिले के गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र के कोइल्जा तथा दनिया मतदान केंद्र पर वोट बहिष्कार किए जाने के बावजूद भी दोबारा मतदान नहीं कराया जाएगा । जिला प्रशासन के सारी व्यवस्था के बावजूद अगर स्वैच्छिक तरीके से मतदान नहीं किया गया तो निश्चित तौर पर यह मतदाताओं की जिम्मेदारी बनती है। वे शनिवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह बड़ी ही खुशी की बात है कि शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराया गया। आज तक भी किसी अप्रिय घटना जिले के किसी कोने में घटित होने की सूचना नहीं आई है। उन्होंने कहा कि 6 विधानसभा वाले नवादा लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक वोट रजौली विधानसभा क्षेत्र में 46% पड़े हैं तथा सबसे कम वोट वारसलीगंज विधानसभा क्षेत्र में 40.69% पड़े। डीएम ने बताया कि बरबीघा विधानसभा क्षेत्र में 44.28 प्रतिशत ,नवादा विधानसभा क्षेत्र में 43.14% ,हिसुआ विधानसभा क्षेत्र में 44.12% ,गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र में 41.3 प्रतिशत मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया है। डीएम ने बताया कि 20 लाख 6 हजार 124 मतदाताओं में से 8 लाख 66 हजार 0735 मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया है।

# आईएनडीआईए की सरकार बनी तो गरीब परिवार की एक महिला को देंगे एक लाख की राशि: राहुल

**एजेंसी**

**भागलपुर (बिहार)।** राज्य के भागलपुर के सैंडिंस कंपाउंड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 150 से अधिक सीटें नहीं मिलने वाली है। यह चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि देश के अरबपतियों का मोदी सरकार ने 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया। आईएनडीआईए की सरकार बनेगी तो जितना कर्ज पूंजीपतियों का माफ किया गया, उतना कर्ज किसानों का भी माफ किया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि यूपीए शासन काल में किसानों का कर्ज माफ हुआ था लेकिन भाजपा सरकार ने पूंजीपतियों का जितना कर्ज माफ किया उतनी राशि से कई बार किसानों का कर्ज माफ हो सकता है। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद गरीब परिवार की एक महिला सदस्य के खाते में एक लाख रुपये ट्रांसफर कर दिया जाएगा। हर महीने में 8,500 रुपये डाल दिए जाएंगे। इस राशि का उपयोग महिला को परिवार की आजीविका चलाने के लिए करना होगा। राहुल ने कहा कि महालक्ष्मी योजना के तहत सारे गरीब परिवारों



की लिस्ट निकाली जाएगी और उस परिवार से एक महिला चुनी जाएगी। उसी महिला के बैंक खाते में राशि ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की अग्निवीर योजना को केंद्र में आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद खत्म कर देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने हिन्दुस्तान को बेरोजगारी का केंद्र बना रखा है। देश के युवा हर दिन सात-आठ घंटे इंस्टाग्राम और फेसबुक में लगे रहते हैं। मोदी सरकार ने देश में बेरोजगारी फैला दी है। इसलिए इंडिया अलायंस ने सत्ता में आने के बाद हर ग्रेजुएट और डिप्लोमा होल्डर के लिए पहली नौकरी पक्की करने की योजना बनाई है। राहुल ने कहा कि इस योजना के तहत हर ग्रेजुएट और डिप्लोमा होल्डर को अप्रेंटिस ट्रेनिंग का अधिकार दिया जाएगा। जैसे केंद्र सरकार ने मनरेगा का अधिकार दिया उसी तरह से अब हर ग्रेजुएट को पहली नौकरी का अधिकार देगी। इसके तहत निजी, पीएसयू और सरकारी क्षेत्र में युवाओं को नौकरी मिलेगी और एक साल अच्छा काम करने वाले युवाओं को परमानेंट जॉब मिलेगी। इस योजना से देश में प्रशिक्षित युवाओं की फौज खड़ी होगी। राहुल गांधी ने यह भी भरोसा दिलाया कि आईएनडीआईए की सरकार बनते ही पांच अलग-अलग तरीके के जीएसटी को खत्म कर एक टैक्स की व्यवस्था लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि कम से कम टैक्स की व्यवस्था की जाएगा। इसके अलावा मनरेगा, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकताओं के मानदेय में बढ़ोतरी के साथ ही न्यूनतम मजदूरी की दर भी बढ़ोतरी की जाएगी। बिहार इस बार अच्छे परिणाम आईएनडीआईए के पक्ष में देने का काम करेगा। साथ ही कहा कि बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, बिहार में निवेश का मुद्दा सबसे बड़ा है। बिहार में कारखाने लगने चाहिए। सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में पलायन का मुद्दा है। केंद्र सरकार बहाली नहीं निकाल रही है। सबसे ज्यादा बहाली सेना और रेलवे में निकलती थी, वह चौपट हो गया है। बीते 08-10 साल से रेलवे में कोई अच्छी बहाली नहीं निकली है। पहले चरण की 102 लोकसभा सीटों में संपन्न चुनाव के साथ ही बीजेपी-एनडीए की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

## अग्निवीर योजना खत्म करने और हर युवा को पहली नौकरी का अधिकार देने का किया वादा

**भागलपुर।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र में चुनाव बाद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना को समाप्त करने और देश के हर युवा को पहली नौकरी का अधिकार देने वादा किया। श्री गांधी ने शनिवार को यहां कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने जिस तरह मनरेगा के तहत रोजगार का अधिकार दिया उसी तरह केंद्र में बनने वाली हमारी अगली सरकार देश के हर स्नातक और डिप्लोमा धारी को पहली नौकरी का अधिकार देगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि पहली नौकरी के अधिकार का मतलब है कि देश के सभी के सभी ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक साल के लिए अप्रेंटिसशिप मिलेगी। इस दौरान उन्हें प्रति माह आठ हजार पांच सौ रुपये की दर से साल में एक लाख रुपए उनके अकाउंट में 'खटाखट-खटाखट' मिल जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी ट्रेनिंग होगी और पहले साल उन्होंने अच्छा काम किया तो उनकी नौकरी स्थाई हो जाएगी ।

यह नौकरी प्राइवेट सेक्टर, पब्लिक सेक्टर और सरकार में होगी। श्री गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और सेना के खिलाफ अग्निवीर योजना लागू की है । ये योजना हिंदुस्तान के किसी भी युवा को अच्छी नहीं लगती है । उन्होंने कहा, जैसे ही केंद्र में हमारी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) की सरकार आयेगी, हम इस योजना को उठा कर फेंक देंगे, खत्म कर देंगे ।इस योजना की कोई जरूरत नहीं है। हिंदुस्तान को दो तरह के शहीद नहीं चाहिए।

## पेज एक का शेष

### सोमवार से 11.30 बजे...

मौसम विभाग ने कई दिन तक उष्ण लहर (हिट वेब) का अलर्ट जारी कर रखा है। मौसम विभाग के मुताबिक, 22 अप्रैल तक झारखंड के अलग-अलग जिलों में कुछ जगहों पर हिट वेब की स्थिति बनी रहेगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड के कोल्हान प्रमंडल, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, पलामू प्रमंडल और संताल परगना प्रमंडल के कई जिलों में हीट वेव से लोगों को जूझना पड़ेगा। पलामू , सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिलों में कुछ जगहों पर लोगों को भीषण गर्मी झेलनी होगी। बोकारो, धनबाद और रामगढ़ में कहीं-कहीं हीट वेव का प्रोकप लोगों को झेलना होगा। राजधानी रांची में भीषण गर्मी का प्रकोप रहेगा। देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिले में कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति रहेगी। 22 अप्रैल को भी लोगों को तपती-चुभती गर्मी से राहत मिलने वाली नहीं है। 23 को इस चुभती गर्मी से दक्षिणी झारखंड के कुछ भागों में लोगों को फौरी राहत मिल सकती है, क्योंकि उस दिन बारिश होने के आसार हैं।

### झारखंड में प्रतिभा की ...

इसी कड़ी में वह शुक्रवार की शाम रांची पहुंचे और शनिवार को ओरमांझी कार्यक्रम में भाग लिया।

**बचपन के दिन याद आ गये :** ओरमांझी के बरवे पतारा मैदान में सचिन तेंदुलकर ने संस्था युवा की फुटबालर बेटियों के साथ फुटबाल का आनंद लिया और उनसे शिक्षा व खेल सुविधाओं की जानकारी ली। सचिन ने कहा, बच्चों के साथ समय बिता अपने बचपन के दिन याद आ गये। आज बच्चों के साथ संय व्यतीत करना हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण दिन रहा। **सचिन की झलक पाने को बेताब :** विश्व के महान क्रिकेट खिलाड़ी की एक झलक पाने के लिए युवा बेताब दिखे। सैकड़ों युवाओं की भीड़ स्कूल कैंपस के बाहर नजर आयी। सचिन तेंदुलकर ने भी युवाओं को स्कूल के बॉलकनी से हाथ हिलाकर अभिवादन किया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सचिन तेंदुलकर जब निकलने लगे तो फैंस की भीड़ सचिन को देखने के लिए जुट गयी। कई लोगों ने अपना शर्ट और अपने शरीर पर पहने कपड़े उतारकर सचिन के हाथों में दिया, ताकि उन्हें ऑटोग्राफ मिल सके। सचिन ने भी कई लोगों को ऑटोग्राफ दिया।

सचिन ने कहा कि एनजीओ सचिन तेंदुलकर फांउडेशन के माध्यम से खेल के साथ शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उन्होने कहा देश की बेहतरी के लिए बच्चों के भविष्य को संवाराना जरूरी है। उन्होने बच्चों के माता पिता से भी अपील किया कि अपने बच्चों के भविष्य संवारने में जरूर ध्यान दें। उन्होंने कहा, फाउंडेशन से जुड़े बच्चों के कारण ही आज ओरमांझी आने का अवसर मिला। बच्चों से मिलने व बात करने पर काफी खुशी जताया। वह सुबह 9:30 बजे के करीब बरवे पतरा ओरमांझी पहुंचे थे। लगभग 3:30 घंटे वहां रहे। बच्चों के साथ सेल्फी ली।

### मोदी सरकार के...

**दिल्ली में विपक्ष कर चुका है महारैली :** गौरतलब हो कि इससे पहले दिल्ली के रामलीला मैदान में केंद्र की मोदी सरकार, भाजपा और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के विरोध के साथ ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप की महारैली हुई थी। इस महारैली में कल्पना सोरेन और अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पहली बार मोदी सरकार के खिलाफ हल्ला बोला था। 21 को दूसरा मौका होगा जब कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल एक मंच से उलगुलान करेंगी। उलगुलान महारैली को लेकर रांची झामुमों के झंडे से पट गया है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन की साथ वाली तस्वीर के बैनर-पोस्टर शहर में जगह-जगह लगाये गये हैं। महारैली को ले कर सुरक्षा की पूरी तैयारी कर ली गयी है। 2000 जवानों के साथ एटीएस की टीम भी सुरक्षा में तैनात रहेंगे। एयरपोर्ट पर कारकेड का किया गया रिर्हसल, सिटी एसपी को मिला है सुरक्षा का जिम्मा

### हम गरीबों को...

उन्होंने कहा, कहा कि यह सरकार न सिर्फ अपनी नौकरी से रिटायर हो रही हैं और खुद 75 साल की उम्र में पीएम बनने के लिए वोट मांग रही हैं।

**नीतीश कुमार लालू-राबड़ी पर बरसे :** पूर्णिया में जदयू के संतोष

## आर्म्स लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाले दो गिरफ्तार



गिरफ्तार आरोपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेराल।** पुलिस ने हथियार लहराते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाले दो युवकों को आर्म्स के साथ गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव निवासी स्व. केश्वर चौधरी का पुत्र बीरबल चौधरी 23 वर्ष एवं रेजो गांव निवासी राजेंद्र चौधरी का पुत्र अवोश चौधरी 24 वर्ष दोनो साथ में आर्म्स लहराते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। जिसकी जानकारी मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को गिरफ्तार किया गया। उनके निशानदेही पर एक देषी कट्टा तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। दोनों युवकों के विरुद्ध भादवि की धारा 25 (1-बी) ए /26/35 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## विद्यालय में मनाई गई महावीर स्वामी की जयंती

**भागलपुर।** पूरनमल सावित्री देवी बाजोरिया सरस्वती शिशु मंदिर नरगा कोठी के वंदना सभागार में शनिवार को महावीर स्वामी की जयंती भैया बहनों द्वारा मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य ममता जायसवाल एवं शिशु भारती के अध्यक्ष शाश्वत सौरभ ने दीप प्रज्वलित कर एवं महावीर स्वामी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया । मौके पर ममता जायसवाल ने कहा कि महावीर स्वामी की जयंती 21 अप्रैल को है। किंतु रविवार होने के कारण पूर्व संध्या पर आज भैया बहनों के द्वारा मनाया जा रहा है। महावीर स्वामी के जीवन एवं शिक्षाओं से भैया बहनों को प्रेरणा लेकर जीवन में उचित पथ पर चलना चाहिए। अहिंसा ही व्यक्ति का सबसे बड़ा धर्म है। प्रत्येक आत्मा स्वयं में सर्वज्ञ एवं आनंदमय है। सभी प्राणियों के प्रति दया का भाव रखना चाहिए। हर व्यक्ति सही दिशा में सर्वोच्च प्रयास करके देवत्व को प्राप्त कर सकता है। असली शत्रु व्यक्ति के भीतर है वह है क्रोध, घमंड, लालच, आसक्ति एवं नफरत।

# पेयजलापूर्ति के लिए समाजसेवी ने कार्यपालक को दिया आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी ने कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार को आवेदन देकर नगर पंचायत क्षेत्र के तमाम वार्ड में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति कराने एवं प्रधानमंत्री आवास के किस्त को अविलंब भुगतान कराने की मांग की है।

दिए गए आवेदन में कहा गया कि लगातार बढ़ती इस भीषण गर्मी के कारण पानी का जमीनी लेयर काफी नीचे चला गया है। जिस कारण ज्यादातर चापाकलों में पानी देना बंद हो गया है। इतना ही नहीं जन समस्या के साथ ही मवेशी भी पानी प्यास बुझाने के लिए इार उार भटक रहे हैं।

कहा गया कि नगर पंचायत क्षेत्र के ज्यादातर वार्डों में चापाकल खराब पड़े एवं कहीं कहीं लगे



आवेदन देते मारूति नंदन सोनी

जलमीनार पानी देना बंद कर दिया है। उन्होंने कहा है कि नगर पंचायत क्षेत्र के वासियों की समस्या को तत्काल संज्ञान में लेते हुए अभिलंब टैंकर के माध्यम से पेय जलापूर्ति कराने के साथ ही खराब पड़े चापाकल एवं जल मीनार को अभिलंब बनवाने का निर्देश दिया जाए। साथ ही नागरिक सुविधा मद से नए चापाकल गड़वाने एवं नया जलमीनार लगवाने के साथ ही प्रधानमंत्री आवास शहरी के लाभुकों का बकाया किस्तों की अभिलंब भुगतान करवाया जाए। आवेदन देने वालों में समाजसेवी मारुति नंदन सोनी के अलावा पूर्व वार्ड सदस्य विवेक सोनी भी उपस्थित थे।

# कांग्रेस के साहबजादे वायनाड से भी हारेंगे : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले-पहले चरण में राजग के पक्ष में एकतरफा हुआ मतदान

एजेंसी

**नांदेड़ ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया और कहा कि इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साहबजादे केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से हार जाएंगे और उन्हें उसके बाद किसी सुरक्षित सीट की तलाश करनी होगी। उन्होंने लोगों से महाराष्ट्र की नांदेड़ और हिंगोली सीट पर भाजपा के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की। मोदी ने नांदेड़ रैली में कहा कि उपलब्ध जानकारी से पता चलता है कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में राजग के पक्ष में एकतरफा मतदान हुआ है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि अमेठी से हार के बाद कांग्रेस के साहबजादे वायनाड से भी हारेंगे। उन्हें 26 अप्रैल के बाद किसी सुरक्षित सीट की तलाश करनी होगी। उन्होंने प्रत्यक्ष तौर पर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के

**▸▸ विपक्षी गठबंधन के पास कोई चेहरा नहीं, कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव की घोषणा से पहले ही हार स्वीकार की**

**25 फीसदी सीट पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे घटक दल**

उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दल 25 फीसदी सीट पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। चार जून को (चुनाव परिणाम) के बाद वे एक-दूसरे से और लड़ेंगे।



संदर्भ में कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के कुछ नेता लोकसभा छोड़कर राज्यसभा में चले गए क्योंकि उनमें चुनाव लड़ने का साहस नहीं है। मोदी ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस के शासनकाल की खराब चीजों को सुधारने में दस साल लगाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत काम किया जाना बाकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसानों और गरीबों के विकास में बाधक रही है। मोदी ने कहा कि कृषि संकट अभी का नहीं है। यह कांग्रेस की त्रुटिपूर्ण नीतियों के कारण हुआ। मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके पास कोई चेहरा ही नहीं है। मोदी ने कहा कि वे जो चाहे दावे करें लेकिन हकीकत यही है कि कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव की घोषणा से पहले ही हार स्वीकार कर ली। उन्होंने मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए बड़ी संख्या में बाहर निकलने अपील की। मोदी ने कहा कि आप वोट देकर देश का भविष्य सुरक्षित कर रहे हैं। मैं विपक्ष के पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना चाहता हूं। विपक्षी नेता चुनाव हारना तय है लेकिन आपको कभी मौका मिलेगा। मोदी ने कहा कि अगर नागरिकता संशोधन अधिनियम नहीं होता तो अफगानिस्तान से आए सिखों का भविष्य क्या होता।

# भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे पीएम : राहुल गांधी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी बांड से जुड़े मुद्दे का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे हैं और चंदे का धंधा समेत प्रत्येक अध्याय वह खुद विस्तार से पढ़ा रहे हैं। उन्होंने पार्टी की ओर से जारी एक वीडियो विज्ञापन सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा करते हुए प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। इस विज्ञापन में चुनावी बांड के मुद्दे का उल्लेख किया गया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी देश में भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे हैं जहां एंटायर करप्शन साइंस वषय के

**▸▸ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले चुनावी चंदे का धंधा समेत प्रत्येक अध्याय खुद विस्तार से पढ़ा रहे मोदी**

**▸▸ एजेंसियों को वसूली एजेंट बनाकर बेल और जेल का खेल कैसे होता है, इनके बारे में पढ़ाया जा रहा है**



तहत चंदे का धंधा समेत प्रत्येक अध्याय वह खुद विस्तार से पढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि छापा डालकर चंदे की वसूली कैसे होती है, चंदा लेकर ठेका कैसे बांटा जाता है, भ्रष्टाचारियों को शुद्ध करने वाली वाशिंग मशीन कैसे काम करती है। एजेंसियों को वसूली एजेंट बनाकर बेल और जेल का खेल कैसे होता है, इनके बारे में पढ़ाया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन चुकी भाजपा ने अपने नेताओं के लिए इस क्रैश कोर्स को अनिवार्य कर दिया है, जिसकी कीमत देश चुका रहा है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार, भ्रष्टाचार के इस स्कूल पर ताला लगाकर इस कोर्स को हमेशा के लिए बंद कर देगी।

## स्पीड न्यूज

### सिंघम अगेन में दीपिका पादुकोण का लुक आउट



**मुंबई।** रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन में दीपिका पादुकोण का लुक भी शेयर किया है। रोहित शेट्टी ने दीपिका का लुक इंस्टाग्राम पर शेयर कर कैप्शन में लिखा कि मेरा हीरो रील में भी और रियल में भी लेडी सिंघम। वही गॉगल्स और पुलिस की वर्दी में दीपिका बेहद खूबसूरत लग रही हैं। दीपिका फिलहाल प्रेगनेंट हैं और सिंघम अगेन की शूटिंग कर रही हैं। सिंघम अगेन की बात करें तो फिल्म में दीपिका पादुकोण नजर आएंगी। वहीं, अजय देवगन फिल्म में एकबार फिर सिंघम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, दीपिका, करीना कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### चारधाम के लिए अब तक 10 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन

देहरादून। चारधाम यात्रा और हेमकुंड साहिब के लिए 19 अप्रैल शाम छह बजे तक कुल 1066157 पंजीकरण हुए हैं। चारधाम और हेमकुंड साहिब के लिए 159054 तीर्थयात्री प्रतिदिन पंजीकरण करवा रहे हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 15 अप्रैल सुबह सात बजे से प्रारंभ किए गए थे। चारधाम यात्रा पंजीकरण में यमुनोत्री के लिए 193998, गंगोत्री के लिए 200996, केदारनाथ के लिए 352879, बद्रीनाथ के लिए 304243 और हेमकुंड साहिब के लिए 14041 पंजीकरण हुए हैं।

### रायबरेली से चार बांग्लादेशी गिरफ्तार

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में जनपद रायबरेली और उन्नाव में रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से बांग्लादेशी पासपोर्ट समेत अन्य चीजें मिली हैं। यह लोग यहां पर फर्जी तरह से क्लीनिक चला रहे थे। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि, पुलिस को इनपुट मिला कि उन्नाव जनपद के मौरावां कस्बे व रायबरेली के खीरो कस्बे समेत अन्य जगहों पर बांग्लादेशी नागरिक फर्जी तरह से रह रहे हैं। उनके साथ उनके रिश्तेदार भी है। यहां पर क्लीनिक चलाकर अपना भरण पोषण करते हैं। इसके बाद पुलिस ने इन लोगों की तलाश शुरू कर दी।

### कांग्रेस नेता तेजिंदर सिंह बिट्टू भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली।** जालंधर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता तेजिंदर सिंह बिट्टू शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए हैं। बिट्टू जालंधर हिमाचल प्रदेश के सह-प्रभारी भी रहे हैं। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और मीडिया सह-प्रभारी संजय मयूख की मौजूदगी में तेजिंदर सिंह बिट्टू ने पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा में शामिल होने के बाद तेजिंदर सिंह बिट्टू ने कहा कि लगभग 35 साल कांग्रेस पार्टी में बिताने के बाद उन्हें लगा कि कांग्रेस पार्टी मुद्दों से भटक गई है। वह पंजाब की भलाई के लिए भाजपा में शामिल हुए ।

### टेस्ला प्रमुख मस्क का भारत दौरा स्थगित

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला प्रमुख एलन मस्क ने भारत दौरा कुछ समय के लिए स्थगित करने का फैसला किया है। मस्क 22 अप्रैल को भारत आकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने वाले थे। पिछले हफ्ते ही मस्क ने एक्स हैंडल पोस्ट पर खुद भारत दौरे की पुष्टि की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मामले की जानकारी रखने वाले शख्स ने एलन मस्क का भारत दौरा टलने की पुष्टि की है। हालांकि, इसके कारणों का खुलासा नहीं किया गया है।

# भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लिए तैयार

## योगी का दावा : पूरे देश में मोदी के लिए प्रचंड जनमत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि पूरे देश में मोदी लहर प्रचंड रुप में है और भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाने को तैयार है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण की समाप्ति के बाद शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की आठ सीटों समेत देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हुए हैं। अब तक के रुझान इस बात को बहुत स्पष्टता के साथ प्रदर्शित करते हैं कि पूरे देश में आम जन का मत मोदी सरकार के लिए प्रचंड रूप से सामने आ रहा है। उन्होने

**उप्र के सीएम बोले, पूरी तरह से मोदी के सुरक्षा के मॉडल को अंगीकार कर रही आधी आबादी**

कहा कि स्वभाविक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है, यह अद्भुत और अभिनंदनीय है। उन्होंने कहा कि आधी आबादी तो पूरी तरह से श्री मोदी के सुरक्षा के मॉडल को अंगीकार कर रही है। श्री मोदी के नेतृत्व में देश में सुरक्षित माहौल के साथ सुशासन का मॉडल भारत ने पूरी दुनिया को दिया है। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना



साधते हुए कहा कि एक तरफ भाजपा शासित राज्यों में मोदी के मार्गदर्शन में सुरक्षा का बेहतर मॉडल दिया है। प्रथम चरण के जो रुझान देखने को मिले हैं, पूर्ण विश्वास है कि सातों चरण में भी यही माहौल देखने को मिलेगा।

### कांग्रेस ने जारी की ओडिशा व बंगाल के प्रत्याशियों की सूची

**मुंबई।** कांग्रेस ने शनिवार को ओडिशा और पश्चिम बंगाल में प्रत्याशियों के नाम की एक लिस्ट जारी की है। कांग्रेस ने ओडिशा में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए भी एक लिस्ट जारी की है। कांग्रेस ने ओडिशा की 16 विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया है। पहली लिस्ट में चार प्रत्याशियों के नाम हैं। इसमें तीन प्रत्याशियों के नाम ओडिशा के लिए जबकि एक प्रत्याशी का नाम बंगाल की लोकसभा सीट के लिए घोषित किया गया है। कांग्रेस ने संबलपुर लोकसभा सीट से दुलाल चंद्र प्रधान, क्योंझर (अनुसूचित जनजाति) लोकसभा सीट से बिनोद बिहारी नायक (मोहन हेम्ब्राम की जगह) और अस्का से देवकांत शर्मा को प्रत्याशी बनाया है। बंगाल की कांथी से उर्वशी भट्टाचार्य को टिकट दिया है।

# देश से आरक्षण किसी भी हालत में नहीं हटेगा : शाह

एजेंसी

**कोटा।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर आरक्षण को लेकर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अगर वह आरक्षण हटाना भी चाहती है तो भी भाजपा आरक्षण को किसी भी हालत में हटाने नहीं देगी। श्री शाह शनिवार को कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने झूठ फैलाने का काम किया हैं। अगर कांग्रेस आरक्षण हटाना भी चाहती है तो भी जब तक भाजपा कार्यकर्ता हैं, उसे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आरक्षण को हटाने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार की बात

**गृह मंत्री बोले-अबकी बार 400 पार की बात करने पर कांग्रेस के पेट में होता है दर्द**



करते हैं तो कांग्रेस के पेट में दर्द होता हैं और कहा जाता है कि 400 पार होने पर आरक्षण चला जायेगा। उन्होंने कहा कि हमने बहुमत का उपयोग कभी आरक्षण हटाने के लिए नहीं किया हैं। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस को बहुमत मिला तो उसने देश में आपातकाल लगा दिया। हमें बहुमत मिला तो कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त किया, राम मंदिर बनाया गया।

### भाजपा सरकार ने दिया आधी आबादी को हक : अनुराग

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार ने भारत में वूमेन लेड डेवलपमेंट का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाना और महिलाओं को देश की विधायिकाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देना बेहतरीन उदाहरण हैं। अनुराग ठाकुर ने ये बातें शनिवार को हिमाचल प्रदेश के सुजानपुर और भोरंज विधानसभा में महिला मोर्चा व एससी मोर्चा सम्मेलनों में कही। ठाकुर ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार ने 10 साल में 25 से भी अधिक योजनाओं की शुरूआत की है। 20 करोड़ से भी ज्यादा महिलाओं, 5 करोड़ से अधिक छात्राओं और 11 करोड़ से ज्यादा कामकाजी महिलाओं को लाभ पहुंचा है।

# पाकिस्तान में बारिश का कहर जारी, 87 की मौत

एजेंसी

**करााची।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बताया कि पिछले सप्ताह पाकिस्तान में बारिश के कारण हुई अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 87 लोग मारे गए और 82 अन्य घायल हुए हैं। जबकि देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का कहर जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, एनडीएमए ने बताया कि बारिश ने देश भर में 2,715 घरों को आंशिक या पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। ज्यादातर लोगों की मौत इमारत या घरों के ढांचे ढहने, बिजली गिरने और बाढ़ से संबंधित घटनाओं में हुई है। एनडीएमए के अनुसार, देश के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सबसे अधिक नुकसान और हताहत हुए हैं। यहां मूसलाधार

**▸▸ देश भर में 2,715 घर हुये क्षतिग्रस्त, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सबसे अधिक नुकसान**

बारिश के कारण 36 लोगों की जान चली गई और 53 अन्य घायल हो गए। इसके बाद पूर्वी पंजाब प्रांत में 25 लोगों की मौत और आठ लोगों के घायल होने की सूचना है। एनडीएमए ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में 15 लोगों की मौत हुई है और 10 घायल हुए हैं। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारी बारिश के कारण 11की मौत हो गई। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल की बारिश से कीमती जान-माल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित विभागों को प्रभावित क्षेत्रों में राहत में तेजी लाने का निर्देश दिया।

### प्रभात एनएसजी के महानिदेशक नियुक्त

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा(आईपीएस) के आंध्रप्रदेश कैडर के वरिष्ठ अधिकारी नलिन प्रभात को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वह अभी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अतिरिक्त महानिदेशक पद पर तैनात हैं। सरकारी आदेश के अनुसार वह नया पद संभालने पर वेतनमान में सोलहवें स्तर के अधिकारी होंगे। वर्ष 1992 बैच के आईपीएस के रूप में नलिन प्रभात का सेवाकाल 31 अगस्त 2028 तक है। केन्द्र सरकार ने ओडिशा कैडर की 1992 बैच की आईपीएस अधिकारी सपना तिवारी को आईबी में विशेष निदेशक बनाया गया है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के निवासी प्रभात को एनएसजी का महानिदेशक नियुक्त किये जाने पर बधाई दी है।

# मैं भाजपा की बी टीम का नेता हूं : देवगौड़ा

**कोलार ।** जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) सुप्रीमो एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने कहा है कि उन्हें भाजपा की बी-टीम कहे जाने पर कोई दिक्कत नहीं है।

श्री देवेगौड़ा ने शुक्रवार की देर शाम कोलार संसदीय सीट पर राजग उम्मीदवार मल्लेश बाबू के समर्थन में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हां, मैं भाजपा की बी टीम का नेता हूं, तो क्या। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा उन्हें भाजपा की बी-टीम बताये जाने संबंधी बयान पर यह टिप्पणी की। श्री देवेगौड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ 2014 की चुनावी हार को याद किया और कहा कि इस्तीफा देने के लिए तैयार होने के बावजूद मोदी ने उनके महत्वपूर्ण अनुभव के कारण उनसे संसद में बने रहने



का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मैं 93 साल का हूं। 2014 में मैंने मोदी को चुनौती दी और हार का सामना करना पड़ा। मैं इस्तीफा देने के लिए तैयार था, लेकिन मोदी माना कि मेरा अनुभव अमूल्य है और मुझे पद पर बने रहने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री गांधी ने हाल में कर्नाटक यात्रा के दौरान भाजपा और जद(एस) के गठबंधन को लेकर कहा था कि जद(एस) वास्तव में भाजपा की बी टीम है।

Dr. Anup's HLCCS
स्किन हेयर एण्ड लेजर सेन्टर
For the right treatment for your skin & Cosmetic Problem
Call - +91 9334334935, 9431529553
E-mail : hlccs@rediffmail.com, Web : www.hlccsskincareclinic.com



# यूएई में भारी बारिश से काफी नुकसान

## विज्ञानियों ने दी मौसम युद्ध की चेतावनी

एजेंसी

दुबई। संयुक्त राज्य अमीरात (यूएई) में हाल के दिनों में हुई भारी बारिश से काफी नुकसान हुआ। यूएई में काफी कम बारिश होती है लेकिन जिस तरह से दुबई में भारी बारिश दर्ज की गई, उसने कई तरह की चिंताओं को जन्म दिया है। इस भारी बारिश के लिए क्लाउड सीडिंग को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। मौसम विज्ञानियों ने ने दुबई में बाढ़ के लिए क्लाउड सीडिंग को जिम्मेदार ठहराए जाने के बाद चेतावनी दी है कि ये आने वाले समय में देशों के बीच मौसम युद्ध'की शक्ल ले सकता है। ऐसा हुआ तो इसके विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। दुबई में केवल 24 घंटों में 142 मिमी से अधिक बारिश हुई। इतनी बारिश शहर में एक साल में होती है। मौसम के अजीब बदलाव ने क्लाउड सीडिंग




के बारे में चिंताएं पैदा कर दीं, 1940 के दशक से इस्तेमाल की जा रही इस प्रक्रिया में विशेष फ्लेयर्स से लैस विमान बारिश को प्रोत्साहित करने के लिए बादलों में नमक छोड़ते हैं। यूएई ने 1990 के दशक से वर्षा को शीघ्र करने के लिए क्लाउड-सीडिंग का उपयोग किया है। हालांकि इस बारिश में यूएई ने क्लाउड सीडिंग से इनकार किया है। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, क्लाउड सीडिंग अगर नियंत्रण से बाहर हुई तो फिर देशों के बीच 'मौसम युद्ध' होने की आशंका है। पर्यावरण प्रौद्योगिकी कंपनी किस्टर्स के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी जोहान जैक्स ने चेतावनी दी कि इस नई तकनीक का उपयोग करने के अनपेक्षित परिणाम हो सकते हैं, जिससे संभावित रूप से 'राजनयिक अस्थिरता' हो सकती है। उन्होंने कहा कि जब हम प्राकृतिक वर्षा पैटर्न में हस्तक्षेप करते हैं, तो हम नई घटनाओं की एक ऐसी श्रृंखला शुरू कर देते हैं जिन पर हमारा बहुत कम नियंत्रण होता है। जोहान जैक्स के मुताबिक, मौसम के साथ हस्तक्षेप नैतिक प्रश्न भी उठाता है। मौसम अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को नहीं पहचानता है। ऐसे में क्योंकि एक देश में मौसम बदलने के दूसरे देश में विनाशकारी प्रभाव पड़ सकते हैं। क्लाउड सीडिंग के कारण होने वाली तीव्र वर्षा से अतिरिक्त प्रवाह होगा, जिसके परिणामस्वरूप बाढ़ आ सकती है। दुबई की बाढ़ उन अनपेक्षित परिणामों की एक कड़ी चेतावनी के रूप में काम करती है जो हम तब उत्पन्न कर सकते हैं जब हम मौसम को बदलने के लिए ऐसी तकनीक का उपयोग करते हैं। जोहान जैक्स ने कहा कि क्लाउड सीडिंग के बाद के परिणामों पर हमारा बहुत कम नियंत्रण है।

### अमित शाह व राजनाथ सिंह की जनसभा बंगाल में आज

कोलकाता। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ रविवार को चुनावी दौरे पर पश्चिम बंगाल आयेंगे। शाह दार्जिलिंग लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की जनसभा को संबोधित करेंगे। राजनाथ सिंह भी इसी क्षेत्र में एक जनसभा करेंगे। वह दार्जिलिंग के अलावा मुर्शिदाबाद और मालदा में भी जनसभाएं करेंगे। राजू बिष्ट ने 2019 में भाजपा के टिकट पर दार्जिलिंग लोकसभा सीट जीती थी। इस बार भी भाजपा ने उन्हें उम्मीदवार बनाया है। राजनाथ सिंह पश्चिम बंगाल चुनावी दौरे पर पहली बार पहुंच रहे हैं। दार्जिलिंग के बाद राजनाथ सिंह की मालदा उत्तर सीट पर जनसभा होगी। खगेन मुर्मू को भाजपा ने इस बार भी उम्मीदवार बनाया है। मुर्शिदाबाद में भी राजनाथ की जनसभा है। इस बार भाजपा ने अबु ताहेर के खिलाफ गौरी शंकर घोष को उम्मीदवार बनाया है। माकपा ने मोहम्मद सलीम को उम्मीदवार बनाया है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !